* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 137

नेवी ने जहाज से किया ब्रह्मोस का सफल परीक्षण

बाबूलाल के आरोप के बाद सीएम एक्शन में, पद से हटाये गये प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का

- वीडियो जारी कर लगाया गंभीर आरोप
- आरोपः इडी के अभियुक्त विशाल चौधरी के घर पर फाइलें निपटा रहे प्रधान सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के गंभीर आरोप के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने अपने प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को पद से हटा दिया है। उन्हें पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव के पद पर भेजा गया है। राजीव अरुण एक्का का तबादला भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा रविवार दिन में लगाये गये गंभीर आरोप के कुछ घंटे बाद किया गया। उनके तबादले से संबंधित अधिसूचना देर शाम जारी कर दी गयी। 1994 बैच के आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का सीएम के प्रधान सचिव के अलावा सूचना जनसंपर्क और गृह, कारा विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में भी थे।

मरांडी ने वीडियो जारी कर लगाये थे आरोप : इससे पहले दिन में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों से कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का इडी के अभियुक्त विशाल चौधारी के घर जाकर फाइलें निपटा रहे थे। इस गंभीर आरोप की पुष्टि के लिए उन्होंने 22 सेकेंड का एक वीडियो क्लिप भी प्रेस कांफ्रेंस में जारी किया।

बाबूलाल मरांडी का दावा है कि इस क्लिप में राजीव अरुण एक्का विशाल चौधरी के अरगोड़ा चौक स्थित कार्यालय में बैठ कर फाइल में साइन कर रहे हैं। वहीं उनके बगल में एक महिला खड़ी है। बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि वह महिला विशाल चौधरी की कर्मचारी है। वीडियो क्लिप में

बगल में किसी की आवाज आ रही है। उसमें वह अपनी महिला कर्मचारी से पूछ रहा है कि उन्होंने पैसे दिये। दावा किया जा रहा है कि वह आवाज विशाल चौधरी की है। महिला उससे कह रही है कि नहीं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह राज्य के लिए गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे लेकर झारखंड के

राज्यपाल से मिलेगी और मामले की जांच कराने की मांग करेगी।

प्रधान सचिव एक्का पर केस दर्ज करने की मांग

प्रेसवार्ता में बाबूलाल मंराडी ने कहा कि यह बात राजभवन तो जायेगी ही, इडी के अधिकारियों को भी सारे साक्ष्य सौंपे जायेंगे। इडी से इस मामले की जांच की मांग भी की जायेगी। बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से कहा कि अविलंब राजीव अरुण एक्का पर एफआइआर दर्ज करायें। बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से कहा कि यह वीडियो देख आप समझ सकते हैं कि झारखंड में किस तरह से सरकार चल रही है। राजीव अरुण एक्का के कारनामे और महालूट का एक छोटा सा क्लिप आपके संज्ञान में लाया गया है। यह क्लिप विशाल चौधरी के कार्यालय का है। यानी आप समझ सकते हैं कि कैसे दलाल के ऑफिस में सरकारी काम चल रहा है। बेशर्मी की भी कोई सीमा होती है, उसे भी तोड़ दिया गया है।

जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश कर रहे हैं सीएम

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी सीएम की दुहाई देनेवाले हेमंत सोरेन जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। राज्य में जो कुछ भी हो रहा है, वह उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम की सुरक्षा में लगे जवानों का हथियार एके-47 प्रेम प्रकाश के घर से बरामद होने के बाद दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सीएम ने पूजा सिंघल जैसे अफसर के खिलाफ राज्य की जांच एजेंसियों को परमिशन नहीं दी।

केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों के अन्याय के खिलाफ सामूहिक आंदोलन का आ गया समय : हेमंत सोरेन

राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के प्रस्तावित जन-आंदोलन का मुख्यमंत्री ने किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के प्रस्तावित जन-आंदोलन का झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुल कर समर्थन किया है। यह प्रस्तावित जन-आंदोलन केंद्र सरकार और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के खिलाफ किया जाना है। सांसद कपिल सिब्बल ने शनिवार को एक गैर-चुनावी राजनीतिक मंच शुरू किया था। इस नये मंच को उन्होंने न्याय के लिए एक जन-आंदोलन बताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने देश के सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों और नेताओं से इस प्रस्तावित जन-आंदोलन के लिए समर्थन भी मांगा है।

देश की लोकतांत्रिक अखंडता को बचाने के लिए सामूहिक आंदोलन जरूरी : हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा है कि कपिल सिब्बल के प्रस्तावित जन-आंदोलन का उनका पूरी एकजुटता के साथ समर्थन है। यह एक लंबी लड़ाई होगी। हेमंत ने यह भी कहा

कि केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों के द्वारा जो अन्याय किया जा रहा है, उसका विरोध करने के लिए सामूहिक आंदोलन का समय आ गया है। सामूहिक आंदोलन इसलिए भी जरूरी है कि देश की लोकतांत्रिक अखंडता को बचाया जा सके।

वकीलों से भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील : कपिल सिब्बल ने गैर-चुनावी राजनीतिक मंच शुरू करते हुए कहा था कि उनका मकसद राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के लिए लड़ना है। कपिल सिब्बल ने देश के वकीलों से भी इस लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

झारखंड के तीन कोल ब्लॉक की नीलामी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कोयला मंत्रालय में कॉमर्शियल माइनिंग के तहत छठे दौर की प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी से कोल ब्लॉक की नीलामी के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया आरंभ हुई है। 28 फरवरी से तीन मार्च, 2023 तक लगायी बोली में झारखंड के तीन कोल ब्लॉक की भी नीलामी हुई।

नीलामी में बोकारो जिला स्थित पर्बतपुर सेंट्रल कोल ब्लॉक को जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड ने 31.5 प्रतिशत बोली लगा कर हासिल किया है। इस कोल ब्लॉक में 235.718 मिलियन टन का रिजर्व है। हजारीबाग के बड़कागांव स्थित पाताल ईस्ट (ईस्टर्न पार्ट) को आरसीआर स्टील वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने छह प्रतिशत अधिक बोली लगा कर हासिल किया। इस कोल ब्लॉक में 129.768 मिलियन टन का रिजर्व है। वहीं, रामगढ़ जिला स्थिति बुढ़ाखाप (स्मॉल पैच) को श्री सत्या माइंस प्राइवेट लिमिटेड ने सबसे अधिक 45.5 प्रतिशत की बोली लगा कर हासिल किया। इस ब्लॉक में 9.61 मिलियन टन का रिजर्व है। बताया गया कि राज्य सरकार को इन तीनों कोल ब्लॉक के चालू हो जाने पर लगभग 700 करोड़ रुपये सालाना अतिरिक्त रॉयल्टी मिलेगी।

11 राज्यों के 141 कोल ब्लॉक के लिए निकला था टेंडर : मालूम हो कि 11 राज्यों के 141 कोल ब्लॉक की नीलामी के लिए तीन नवंबर, 2022 को टेंडर निकाली गयी थी। इसमें झारखंड के 17 कोल ब्लॉक शामिल थे, पर, देशभर के कुल 36 कोल ब्लॉक के लिए 96 बिडर्स आये। इसमें तकनीकी रूप से 27 कोल ब्लॉक ही ऐसे थे, जिसमें एक से अधिक बिडर आये थे। इनके बीच 28 फरवरी से बोली लगाने की प्रक्रिया आरंभ हुई।

बेस प्राइस से सबसे अधिक बोलीदाता को कोल ब्लॉक आवंटित किया गया। एमएसटीसी द्वारा नीलामी की प्रक्रिया पूरी करायी गयी।

किस ब्लॉक को किसने किया हासिल

कोल ब्लॉक	कंपनी	अधिक बोली
पर्बतपुर सेंट्रल	जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड	31.5 प्रतिशत
पाताल ईस्ट (ईस्टर्न पार्ट)	आरसीआर स्टील वर्क्स प्रालि	06 प्रतिशत
बुढ़ाखाप (स्मॉल पैच)	श्री सत्या माइंस प्राइवेट लिमिटेड	45.5 प्रतिशत

मनीष सिसोदिया केस पर नौ विपक्षी नेताओं की पीएम मोदी को चिट्ठी, कहा

गिरफ्तारी ने दिखाया-हम लोकतंत्र से तानाशाही में बदल गये

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर नौ विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। इन नेताओं में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हैं। चिट्ठी में लिखा है कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी यह दिखाती है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश से तानाशाही शासन में तब्दील हो गया है।

दरअसल, शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी हुई थी। यहां उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन कोर्ट ने 10 मार्च तक के लिए जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सिसोदिया को दो दिन के जिए सीबीआइ रिमांड पर भेज दिया।

विपक्ष ने लगाये आरोप

चिट्ठी में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा पर भी निशाना साधा गया है। चिट्ठी में आरोप लगाया गया कि जो नेता भाजपा में शामिल हो जाते हैं, उनके खिलाफ जांच धीमी गति से होती है। विपक्षी नेताओं ने लिखा कि राज्यपाल कार्यालय में चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारों के काम में दखल भी दी जाती है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ती दरार का कारण बन रहे हैं। विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों की छवि खराब हो रही है। चिट्ठी में लिखा गया कि 26 फरवरी को पूछताछ के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआइ ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें गिरफ्तार करते समय उनके खिलाफ कोई सबूत भी नहीं दिखाये गये। चिट्ठी में लिखा गया कि 2014 के बाद से जिन नेताओं पर भी एक्शन हुआ है, उनमें से ज्यादातर विपक्ष के ही हैं।

चिट्ठी लिखने वाले नेता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, बीआरएस चीफ के चंद्रशेखर राव, पंजाब के सीएम भगवंत मान, राजद नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला, राकांपा चीफ शरद पवार, शिवसेना ठाकरे ग्रुप के चीफ उद्धव ठाकरे, सपा चीफ अखिलेश यादव।

कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की फर्श से अर्श तक की कहानी

कभी ट्रैक्टर पर बेचा करता था कोयला, आज अरबों का मालिक

- अब अधिकारी लगाते हैं दरबार, पूरे इलाके में है दबदबा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सिस्टम का साथ मिलने के बाद कैसे कोई फर्श से अर्श तक पहुंच जाता है, इसका सटीक उदाहरण हजारीबाग का रहने वाला इजहार अंसारी है। कभी पाई-पाई को मोहताज इजहार अपना घर ठीक से नहीं चला पाता था। वह अब करोड़ों में खेलता है। उसकी संपत्ति एक सौ करोड़ से अधिक की है। यह सब कुछ पुलिस अधिकारियों और कुछ आइएएस अधिकारियों के कारण हुआ। कभी छोटे पुलिसकर्मियों के पीछे-पीछे घूमने वाले इजहार की

स्थिति अब ऐसी हो गयी है कि अब पुलिस के बड़े अधिकारी उसके पीछे घूमते हैं और घर पर दरबार लगाते हैं। शुक्रवार को इडी ने जब उसके यहां छापामारी की, तो सबसे पहले उसके घर को देख कर वे दंग रह गये। जब क्रमवार दस्तावेज खंगाला गया, तो उसकी संपत्ति एक सौ करोड़ से अधिक की मिली। उसके घर में तीन करोड़ नगद भी मिला। इडी को उसके घर से हजारीबाग के अलावा बिहार और उत्तरप्रदेश में भी निवेश के दस्तावेज हाथ लगे।

बताया जाता है कि इजहार के पूरे अवैध कारोबार को फलने-फूलने में कुछ राजनेताओं ने भी अहम भूमिका निभायी। उसके बेटे की शादी के बाद रिसेप्शन में पुलिस के कई अधिकारी और आइएएस अधिकारी पहुंचे थे। अब उनकी तस्वीरें भी वायरल हो चुकी हैं।

इजहार से इजहार बाबू बनने की कहानी

डेढ़ दशक पहले तक इजहार हजारीबाग का कोई चर्चित नाम नहीं हुआ करता था। वह रोजी-रोटी के लिए कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ा। कभी बैलगाड़ी, तो कभी ट्रैक्टर से कोल डिपो तक अवैध कोयला उतारा करता था। उससे मिलने वाली राशि से वह जीवन यापन करता था। लेकिन धीरे-धीरे कुछ राजनेताओं और पुलिस अधिकारियों से उसकी पहचान हुई। उसने एक कोल डिपो खरीद ली। इसके बाद उसकी किस्मत चमक उठी। कारोबार इतना चल पड़ा कि उसकी संपत्ति बेहिसाब ढंग से बढ़ गयी। हजारीबाग में ही कई जगह उसकी जमीन है। उसके घर से कई फैक्ट्रियां भी हैं। कई अलग-अलग कंपनियों के दस्तावेज भी मिले हैं। इन सबों का आकलन इडी कर रही है। इजहार पर आरोप है कि वह निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के लिए वसूली का भी काम करता था।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 52,900 रु./10 ग्राम
चांदी 68,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 06 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

ममता के एलान से थम गया विपक्ष का मिशन 2024 एकता अभियान

■ आप के बाद अब टीएमसी ने भी किया गठबंधन से किनारा

■ मोदी विरोधी एकता की कहानी एक बार फिर अधूरी रह गयी

■ क्षेत्रीय क्षत्रपों की महत्वाकांक्षा से भाजपा की राह हुई आसान

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि 2024 के चुनाव में उनकी पार्टी किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। ममता के इस एलान से विपक्षी एकता की कोशिशों को करारा झटका लगा है और 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने की कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों की उम्मीदें भी लगभग खत्म हो गयी हैं। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद ममता बनर्जी कांग्रेस और वामपंथी दलों से खासा नाराज हैं। इसलिए उन्होंने विपक्ष के किसी गठबंधन से किनारा कर लिया है। इससे पहले विपक्षी नेताओं ने बंगाल में भाजपा को टक्कर देने के लिए सबको साथ आने की वकालत की थी। इससे पहले बसपा सुप्रीमो मायावती और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने भी मोदी विरोधी किसी गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर दिया था। इधर बिहार में जो सियासी हलचल दिख रही है, उसने भी विपक्षी एकता की कोशिशों में पलीता तो जरूर लगा दिया है। इस तरह 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की विपक्ष की उम्मीद बेहद कमजोर हो गयी है। ममता बनर्जी के बयान से लगे झटके के बाद कांग्रेस बैकफुट पर आ गयी है। उसकी विपक्षी एकता की अगुवाई करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। अब मोदी विरोध की विपक्षी एकता की कहानी एक बार फिर अधूरी रह गयी है और क्षेत्रीय क्षत्रपों की महत्वाकांक्षा ने भाजपा की राह का एक और रोड़ा हटा दिया है। लगातार बदलते इस सियासी माहौल की संभावनाओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

विपक्षी एकता को झटका देते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आखिरकार घोषणा कर दी कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले उतरेंगी। इसके पहले उन्होंने भाजपा के खिलाफ मोर्चा बनाने की खूब कोशिश की, लेकिन इसमें सफल नहीं रहीं। ऐसे में क्षेत्रीय क्षत्रपों की महत्वाकांक्षा ने 2024 में भाजपा की राह आसान कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि 2024 में हम तृणमूल और लोगों के बीच एक गठबंधन देखेंगे। हम किसी अन्य राजनीतिक दल के साथ नहीं जायेंगे। जनता के सहयोग से हम अकेले लड़ेंगे। जो भाजपा को हराना चाहते हैं, मुझे विश्वास है कि वे हमें वोट देंगे। बंगाल के सगरदिघी उपचुनाव में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से विधानसभा सीट छीन ली है। इससे तमतमायी ममता बनर्जी ने आरोप लगा दिया कि कांग्रेस और वामपंथी दलों और भाजपा ने सगरदिघी में सांप्रदायिक कार्ड खेला है। बता दें कि 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने वोट टीएमसी को ट्रांसफर करवाकर भाजपा को रोकने की कोशिश की थी।

दरअसल, 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का ममता बनर्जी का यह कदम आत्मविश्वास और जीत की उम्मीद के कारण उठाया हुआ नहीं लगता है, क्योंकि त्रिपुरा विधानसभा चुनावों में टीएमसी का खाता भी नहीं खुला है और ना ही इसके पहले के चुनावों में टीएमसी को कोई उल्लेखनीय लाभ मिला है। ममता बनर्जी का यह कदम आपसी खींचतान और महत्वाकांक्षा का परिणाम है।

साल 2021 में पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों में जीत के बाद ममता बनर्जी खुद को राष्ट्रीय परिदृश्य पर देखने लगी थीं, जैसे कि आजकल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद को देख रहे हैं। ममता बनर्जी की इस महत्वाकांक्षा के पीछे मोदी लहर में भी बंगाल के अपने किले को सुरक्षित बचा ले जाना महत्वपूर्ण कारण था। ममता बनर्जी साल 2019 लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद से ही विपक्षी एकता की प्रमुख वार्ताकार रही थीं, लेकिन यह महत्वाकांक्षा 2021 में बनीं। ऐसा नहीं है कि गैर-भाजपा दलों ने मोदी सरकार के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। कांग्रेस, टीएमसी, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली तत्कालीन शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी, लालू यादव की राजद सहित कई पार्टियां इस मंथन में शामिल थीं। उस दौरान ममता एक ताकतवर नेता के रूप में उभरी थीं। जिस तरह नीतीश कुमार आज दिल्ली और अन्य राज्यों में जा-जाकर मुख्यमंत्रियों और क्षेत्रीय दलों के नेताओं से मिल रहे हैं, उसी तरह का अभियान विधानसभा चुनाव जीतने के बाद ममता बनर्जी ने शुरू किया था। वह कोलकाता की बजाय अधिकांश समय दिल्ली में रहती थीं। वह भाजपा के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा बनाने की तैयारी कर रही थीं। हालांकि उस समय भी तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति) के प्रमुख के चंद्रशेखर राव खुद की अपनी अलग राह पकड़े हुए थे। वह दक्षिण भारत के नेताओं सहित कुछ अन्य पार्टियों के नेताओं के साथ मिल कर तीसरा मोर्चा बनाने में लगे थे। केसीआर की महत्वाकांक्षा किसी दूसरे के नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थी। वह किंग या फिर किंगमेकर भी भूमिका में रहना चाहते थे।

इधर कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) को मजबूत करने के लिए चहल-पहल बढ़ गयी थी। लेकिन ममता बनर्जी चाहती थीं कि उन्हें सोनिया गांधी की जगह पर यूपीए का अध्यक्ष या फिर संयोजक बनाया जाये। कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं दिखी और ममता यूपीए में सोनिया गांधी के नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हुईं। इसका असर बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता की बढ़ी गतिविधियों में दिखी। यहां साल 2021 में ममता बनर्जी के उस बयान को याद करना भी जरूरी हो जाता है, जब उन्होंने भाजपा के विरुद्ध विपक्ष की लड़ाई में यूपीए की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कौन सा यूपीए। यूपीए कुछ नहीं है। इसके बाद बंगाल कांग्रेस की कड़ी टिप्पणी सामने आयी थी। अधीर रंजन चौधरी ने ममता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि क्या ममता बनर्जी को पता नहीं कि यूपीए क्या है। मुझे लगता है कि उनके पागलपन की शुरुआत हो गयी है। उन्हें लगता है सारा भारत ममता-ममता का जाप कर रहा है, लेकिन भारत का अर्थ बंगाल नहीं है और बंगाल का अर्थ भारत नहीं है। पिछले चुनावों की उनकी रणनीति का धीरे-धीरे खुलासा हो रहा है। इसके बाद कांग्रेस और टीएमसी के पास आने की संभावनाएं खत्म हो गयीं। इसके ठीक पहले तत्कालीन शिवसेना के संजय राउत ने शरद पवार को यूपीए का अध्यक्ष बनाने की बात कही थी। राउत के बयान को महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि यूपीए के अध्यक्ष पद का विषय किसी बहस का मुद्दा नहीं हो सकता और सोनिया गांधी ही यूपीए की अध्यक्ष रहेंगी।

साल 2021 के अंत तक खींचतान के बीच तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद जारी रही है, लेकिन शरद पवार, जदयू के नीतीश कुमार, राजद के तेजस्वी, टीएमसी की ममता, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी, बीजेडी के नवीन पटनायक की अपनी-अपनी महत्वाकांक्षाएं भी कम नहीं हुईं और यह इस समय तक आकार नहीं ले सका। गोवा विधानसभा चुनाव 2022 में कई नेताओं को टीएमसी में मिलाकर ममता ने खुद को फिर से राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत नेता के रूप में दावेदारी पेश करने की कोशिश की। उस दौरान ही ममता बनर्जी विपक्ष का चेहरा बनने की कोशिश करती रहीं। वह विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने का प्रयास करती दिखीं, लेकिन कांग्रेस ने ममता के नेतृत्व में विपक्षी मोर्चे को मानने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस के नेताओं का तर्क था कि विपक्षी दलों के किसी भी गठबंधन या मोर्चे का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता कांग्रेस और सोनिया गांधी ही हैं। कांग्रेस ने इसके पीछे तर्क दिया था कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है, जबकि टीएमसी एक क्षेत्रीय पार्टी है, जिसका जनाधार सिर्फ एक राज्य तक सीमित है। यहां अप्रैल 2022 में टीएमसी नेता रिपुन बोरा के बयान के याद करना भी आवश्यक हो जाता है। बोरा ने कहा था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्षी मोर्चे का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त नेता हैं। तब भी कांग्रेस ने बोरा के बयान को खारिज कर दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति चुनाव के समय एक बार फिर भाजपा की राष्ट्रपति उम्मीदवार के खिलाफ संयुक्त प्रत्याशी उतारकर एकता का संदेश देने की कोशिश की गयी। इस दौरान संयुक्त उम्मीदवार उतारकर अधिकांश दल एक मंच पर दिखे। यहां पर ममता ने अपनी पार्टी के नेता यशवंत सिन्हा को संयुक्त उम्मीदवार बनाया। राष्ट्रपति चुनाव में जब मतदान की बारी आयी, तो यह एकता नहीं दिखी। यशवंत सिन्हा भले ही संयुक्त विपक्ष के साझा उम्मीदवार थे, लेकिन द्रौपदी मुर्मू का नाम उम्मीदवार के तौर पर सामने आते ही तमाम विपक्षी दलों ने उनसे किनारा कर लिया। यहां भी क्षेत्रीय दलों की महत्वकांक्षा ने उन्हें एक साथ आने नहीं दिया। या यह कहा जाये कि ममता बनर्जी दूसरे के नेतृत्व को स्वीकार करने को तैयार नहीं दिखीं और दूसरे भी उनके नेतृत्व को स्वीकार करते नहीं दिखे। परिणाम यह हुआ कि कोई भी क्षेत्रीय दल एक-दूसरे का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार नहीं दिखा।

अब, जबकि 2024 लोकसभा की पूर्व संध्या पर ममता बनर्जी ने अंततः अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। ऐसे में भाजपा के खिलाफ गठबंधन बनने की संभावना मरती जा रही है। अखिलेश यादव की सपा और जदयू और राजद की ओर से किसी गठबंधन की संभावना नजर नहीं आ रही है। विपक्षी एकता के अभाव में एक बार फिर भाजपा केंद्र की सत्ता की ओर बढ़ सकती है। क्षेत्रीय क्षत्रपों की महत्वाकांक्षा ने इस राह को और आसान कर दिया है। बिना किसी मजबूत अवरोध के भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 को आसानी से जीत सकती है। इससे पहले पूर्वोत्तर के तीन राज्यों और एवं कई सीटों पर हुए उपचुनावों में इसकी झलक मिल गयी है।

डेढ़ लाख स्टूडेंट्स को मिलेगी सीएम स्पेशल स्कॉलरशिप

इसी महीने छात्रवृत्ति का होगा भुगतान, पांच सौ से 23 सौ तक मिलेगी राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप राज्य के लगभग डेढ़ लाख स्टूडेंट्स को मिलेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभी स्टूडेंट्स को इसी महीने स्कॉलरशिप की राशि मिल जायेगी। इसकी तैयारी राज्य शिक्षा परियोजना की ओर से पूरी कर ली गयी है। इस स्पेशल स्कॉलरशिप योजना के तहत न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 23 सौ रुपये मिलेंगे। यह राशि क्लासवार तय की गयी है। इस स्कॉलरशिप का लाभ केवल राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी जाती है।

सभी जिलों को भेजा गया निर्देश

मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति पहली से 12वीं क्लास तक के छात्र-छात्राओं को दी जाती है। इसके लिए राज्य के 1,47,928 छात्र- छात्राओं का चयन किया गया है। इन्हें मार्च में छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान किया जायेगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिलों को निर्देश दे दिया है। पहली से 12वीं में पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के वैसे छात्र-छात्रा, जिन्हें अन्य कोई छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

ऑनलाइन दी जायेगी राशि

मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति वित्तीय वर्ष 2022-23 से राज्य सरकार के द्वारा ऑनलाइन एप के माध्यम से दी जायेगी। इसमें अभी थोड़ा समय लगने की संभावना है। इसलिए छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए पूर्व वर्ष की भांति पीएफएमएस-डीबीटी के माध्यम से राशि उपलब्ध करायी जानी है।

क्लासवार छात्रवृत्ति की राशि
पहली से चौथी 500 रुपये
पांचवीं छठी 1000 रुपये
सातवीं-आठवीं 1500 रुपये
नौवीं दसवीं 1500 रुपये
11वीं-12वीं 2300 रुपये

क्या कहती हैं परियोजना निदेशक

जेइपीसी की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने कहा कि सभी जिलों को निर्देश भेजा गया है। जिलावार लक्ष्य के अनुसार छात्र-छात्राओं को कितनी राशि देनी है, इसके आंकड़े पीएफएमएस पोर्टल पर 10 मार्च तक अपलोड किये जायेंगे। जिलों को एक बार में ही आंकड़ों को अपलोड करने को कहा गया है, ताकि समय पर इसे पूरा किया जा सके।

झारखंड को मिले 10 नये आइपीएस अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य को दस नये भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मिले हैं। इन दस आइपीएस में तीन को होम कैडर मिला है। इनमें नाजिश उमर अंसारी, अमित आनंद और वेदांत शेखर का नाम शामिल है। 2021 में हुई यूपीएससी परीक्षा पास कर बने 200 आइपीएस अफसरों में से दस को झारखंड कैडर अलॉट किया गया है। यूपीएससी में 153 से लेकर 646 रैंक तक लाने वाले अफसरों को झारखंड कैडर मिला है।

झारखंड को मिले सभी दस नये आइपीएस अधिकारी वर्ष 2021 बैच के हैं। इनमें बिहार के दिव्यांशु शुक्ला और शिवम प्रकाश, तेलंगाना के सैयद मुस्तफा हाशमी, उत्तरप्रदेश के ऋषभ त्रिवेदी और विपिन दुबे, दिल्ली के राघवेंद्र शर्मा और झारखंड के नाजिश उमर अंसारी, अमित आनंद और वेदांत शेखर शामिल हैं।

तीन राज्यों में चुनाव कराने गये जवानों को मिलेगी पांच दिनों की छुट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड चुनाव ड्यूटी में गये जैप, आइआरबी और एसआइआरबी के जवानों को पांच दिनों की छुट्टी मिलेगी। जैप एडीजी ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अनुरोध पर त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव-2023 में ड्यूटी करने गये जैप, आइआरबी और एसआइआरबी के पुलिस कर्मियों को पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया जाता है। संबंधित समादेष्टा इन पुलिसकर्मियों को रोस्टर के अनुसार बारी-बारी से अवकाश में प्रस्थान कराना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन तीनों राज्यों में चुनाव कराने के लिए जैप, आइआरबी और एसआइआरबी की दस बटालियन गयी थी।

सीएपीएफ में आइजी में प्रमोट होनेवाली देश की पहली आदिवासी महिला बनीं ऊषा किरण कंडुलना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। यह झारखंड के लिए भी गर्व की बात है कि यहां की एक आदिवासी महिला अधिकारी ऊषा किरण कंडुलना केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में एक दिन पहले ही आइजी रैंक में प्रोन्नत हुई हैं।

ऊषा किरण कंडुलना पूरे देश में सीएपीएफ में इकलौती आदिवासी महिला आइजी बनी हैं। इतना ही नहीं, झारखंड से आदिवासी पुरुष और महिला अधिकारियों में भी केंद्रीय बल में आइजी रैंक में वह इकलौती हैं।

रांची के लोवाडीह की मूल निवासी हैं ऊषा किरण

ऊषा किरण कंडुलना वर्तमान में सीआरपीएफ के कर्नाटक-केरल सेक्टर की आइजी हैं। इनके पास लक्षद्वीप का भी प्रभार है। ऊषा किरण कंडुलना झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह की मूल निवासी हैं।

वह बताती हैं कि उनके पिता स्व. कमल किशोर तिग्गा नौ सेना से सेवानिवृत्त थे। पिता को देख कर ही वर्दी के प्रति उनमें रुचि बढ़ी और उन्होंने इसी उद्देश्य से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी की। अपनी प्रतिभा की बदौलत वह वर्ष 1987 में सीआरपीएफ की नौकरी हासिल की और असिस्टेंट कमांडेंट बनीं।

जम्मू-कश्मीर में भी कर चुकी हैं ड्यूटी

गुवाहाटी में उल्फा उग्रवादियों के आतंक के समय राष्ट्रपति शासन में पदस्थापित रहीं। इसके बाद बांग्लादेश कॉरिडोर पर तैनात रहीं। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 1991 से 1995 तक तैनात रहीं। तब जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद चरम पर था।

इसके बाद इनका तबादला नगालैंड हुआ, जहां दीमापुर में तैनात रहीं। यूएन मिशन पर भी एक साल के लिए वर्ष 2010 से 2011 तक रहीं, तब उनकी तैनाती लाइबेरिया में हुई थी। सीआरपीएफ में सेवा के दौरान इस महिला अधिकारी की तैनाती बंगाल और झारखंड के नक्सल क्षेत्रों में भी रही है।

इन प्रतिष्ठित मेडलों से भी हो चुकी हैं सम्मानित

आइजी ऊषा किरण कंडुलना को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक के अलावा यूनाइटेड नेशन मेडल, विदेश सेवा मेडल और डीजी डिस्क भी मिल चुका है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	32.3 °c	18.4 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.54 बजे
सूर्योदय (कल) :		06.08 बजे

अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने की प्रेस कांफ्रेंस, कहा-

आदिवासी और जैन समुदाय एक दूसरे के पूरक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने प्रेस क्लब के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित पत्रकार संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पारसनाथ श्री सम्मेद शिखरजी एक आस्था का तीर्थ क्षेत्र है, जिसके साथ आदिवासी समुदाय और जैन समुदाय की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। श्री सम्मेद शिखर जी का महत्व जितना जैन समुदाय के लिए है उतना ही आदिवासी समुदाय का है क्योंकि भगवान पारसनाथ किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि आदिवासी समाज के भी हैं। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासी और जैन समाज एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना अधूरे हैं।

आचार्य श्री ने पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए कहा कि अगर पारसनाथ की धरती पर कुछ ऐसा काम हो रहा है जो संवैधानिक तौर पर उचित नहीं है तो उस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इससे जैन समुदाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पारसनाथ पर्वत का संरक्षण और सुरक्षा के प्रयास होने चाहिए। पर्वत पर किसी भी प्रकार का निर्माण करना गैर कानूनी है क्योंकि वह वन विभाग की संपत्ति है। उन्होंने पत्रकारों को सरस्वती पुत्र कहते हुए संबोधित किया और कहा कि मीडिया की भूमिका आज के दौर में अब काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि मीडिया के माध्यम से विचारों का संचार तीव्र गति से होता है और अगर सद्विचार को चंद लोग भी आत्मसात करते हैं तो संतों की तपस्या, संतों के उपदेश सफल माने जाते हैं।



जीवन में जीएसटी बहुत जरूरी है: मुनि श्री पियूष सागर

मुनि श्री पीयूष सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन में इंद्रीयों पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। जिंदगी में जीएसटी होना अति अनिवार्य है इसका मतलब गुड थिंकिंग, सिंपल लिविंग और टेंशन फ्री लाइफ। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को सफेद रंग के रूप में तैयार कीजिए ताकि,जिस रंग में भी आप मिले जिस रंग से भी आप का संगम हो तो एक नया रंग निखर कर सामने आए। इसलिए जरूरी है कि जीवन में विचारधारा को व्यवस्थित रखें और अपने जीने की कला को जानें।

अहिंसा संस्कार पदयात्रा करते हुए संस्कारों का शंखनाद कर रहा हूं

आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि गांधी जी ने दांडी यात्रा की थी, विनोबा भावे ने पदयात्रा की थी और वह समाज में नष्ट होती नैतिकता, गुम होते आदर्श और विलुप्त होता आगम को लेकर अहिंसा संस्कार पदयात्रा बीते 15 वर्षों से कर रहे हैं। देश के लोग पाश्चात्य व्यवस्था को फॉलो कर रहे हैं और देसी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है ऐसे में संस्कारों को संरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। आचार्य श्री ने कहा कि पहले चांद देखने पर मामा की याद आती थी लेकिन अब मोबाइल की संस्कृति ने जन्म ले लिया और हम उसके आदी बन गये हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य हमारे देश में फुटपाथ पर बिक रहा है जूते चप्पल शोरूम में बेचे जा रहे हैं तो आप समझ सकते हैं कि हमारी संस्कृति किस प्रकार विलुप्त होती जा रही है। जीवन में तीन सूत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है प्रकृति, संस्कृति और विकृति। अगर आप प्रकृति की संस्कृति के साथ चलते हैं तो जीवन को सात्विक तरीके से भी जीया जा सकता है वहीं अगर जीवन में विकृति लाते हैं तो इसी धरती पर आप दुख के भागी बनेंगे।

होली में हुड़दंग करना पड़ेगा भारी 5000 अतिरिक्त बलों की तैनाती

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। होली के त्योहार को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। इस दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था का संधारण झारखंड पुलिस-प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। विधि-व्यवस्था के मसले पर थाना और इससे ऊपर के सभी स्तर पर शांति समितियों की बैठकें हो रही हैं और सभी समुदाय के लोगों से आपसी सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर अभी से ही सभी जिलों में पुलिस अलर्ट मोड पर आ गयी है। होली के दौरान विधि-व्यवस्था संबंधित कोई परेशानी न हो, इसके लिए राज्य में 5 मार्च से 9 मार्च तक करीब 5000 अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है। इनमें करीब चार हजार जवान लाठी वाले हैं। इसके अलावा रैपिड एक्शन पुलिस को भी तैनात किया जा रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों वाले विभिन्न जिलों में टीयर गैस के वाहनों को तैनात किया जा रहा है।

अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है : झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्य के सभी 24 जिले में 5 मार्च से लेकर 9 मार्च तक

5000 अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है। इनमें रांची में 2000 जवान, जमशेदपुर में आरपीए की दो कंपनी, आंसू गैस दस्ता और 25 लाठी बल और टीजी एक यूनिट, धनबाद में 700 जवान, हजारीबाग में आरएपी 6 और 25 लाठी बल, गिरिडीह में 600 लाठी बल और आरएपी 6 कंपनी, बोकारो में 250 जवान, चतरा में 340 जवान, पलामू में 300 जवान, गोड्डा में 100 जवान, साहिबगंज में 175 जवान, देवघर में 150 जवान, दुमका में 150 जवान, जामताड़ा में 100 जवान, लोहरदगा में 250 जवान, कोडरमा में 200 जवान खूंटी में 100 जवान, चाइबासा में 100 जवान, गढ़वा में 100 जवान, सिमडेगा में 100 जवान, गुमला में 100 जवान, लातेहार में 100 जवान, सरायकेला में 100 जवान, पाकुड़ में 100 जवान और रामगढ़ में 100 जवान की अतिरिक्त तैनाती की गयी है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

वृष संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.

मिथुन रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

कर्क नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।

सिंह सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा

कन्या धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठायें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा

तुला कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

वृश्चिक नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।

धनु निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

मकर थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी

कुंभ अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।

मीन घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

कांग्रेस का केंद्र पर हल्ला बोल, 13 को राजभवन का घेराव

आज सभी प्रखंडों में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अडाणी प्रकरण में झारखंड कांग्रेस ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ हल्लाबोल का एलान कर दिया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि पार्टी की ओर से 6 मार्च को राज्य के सभी प्रखंडों में स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक के ऑफिस के सामने पार्टी के नेता और कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करेंगे। इतना ही नहीं, 13 मार्च को राजभवन के सामने भी झारखंड कांग्रेस की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

एलआइसी के शेयरों की कीमत में आयी 52,000 करोड़ रुपये की गिरावट

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को कांग्रेस भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि अडाणी समूह के शेयरों में निरंतर बिकवाली की वजह से 31 दिसंबर 2022 से कंपनी में एलआइसी के शेयरों के मूल्य में आश्चर्यजनक रूप से 52,000 करोड़ रुपये की गिरावट आयी है। इनका मूल्य अब मात्र 32,000 करोड़ रुपये रह गया है।

निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा एनएसइ : आज दुनिया भर की प्रमुख एजेंसियां अडाणी समूह की कंपनियों के वेटेज की समीक्षा कर रही हैं। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) निवेशकों की सुरक्षा के लिए कोई गंभीर कार्रवाई करने में विफल रहा है। इसके विपरीत एनएसइ ने 17 फरवरी 2023 को घोषणा कर दी कि वर्तमान में शेयर बाजारों में डूब रही अडाणी समूह की कंपनियों में से अतिरिक्त 5 को 14 सूचकांकों में शामिल किया जायेगा। इसकी वजह से कई वित्तीय सलाहकारों ने अपने ग्राहकों को इन फंडों में निवेश न करने की सलाह दी है।

हर्षद मेहता, केतन पारेख मामले में एक साल हुई थी जेपीसी में चर्चा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि मामला सिर्फ यह नहीं है कि सेबी के नियमों का उल्लंघन हुआ है। और भी कई मामले हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि असली मामला राजनीतिक और कारपोरेट सांठगांठ है। उन्होंने कहा कि इससे जुड़े मामले की जांच सिर्फ जेपीसी कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट की कमेटी इसकी उचित जांच नहीं कर पायेगी। उसे सभी सवालों के जवाब भी नहीं मिलेंगे। हर्षद मेहता और केतन पारेख मामले में करीब एक साल जेपीसी में चर्चा हुई थी। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, रांची महानगर के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा और अन्य उपस्थित थे।

आपको कब जवाबदेह ठहराया जायेगा: राजेश ठाकुर

राजेश ठाकुर ने कहा कि एलआइसी तथा इसके करोड़ों पॉलिसीधारकों ने इतने दिनों में जो लाभ कमाया था, सब खत्म हो चुका है। एलआइसी को भारी नुकसान हुआ है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से पूछा है कि किसने भारत की वित्तीय प्रणाली के इस स्तंभ को अपने पसंदीदा व्यवसायी के लिए इतने जोखिम भरे सौदे में शामिल होने के लिए मजबूर किया। भारत के नागरिकों की बचत के पैसे से जुआ खेलने के लिए कब आपको जवाबदेह ठहराया जायेगा।

आदिवासी बचाओ महारैली में 32 संगठन आये एक मंच पर

सरना धर्मकोड समेत कई मुद्दों पर सामाजिक प्रतिनिधियों ने रखे विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को आदिवासी बचाओ महारैली में कई संगठनों ने ताकत दिखायी। आदिवासी संगठन अपने हक, अधिकार, सीएनटी, एसपीटी, पेशा कानून और सरना कोड लागू कराने को लेकर बड़ी संख्या में मोरहाबादी मैदान में जुटे। महारैली में शामिल हुए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि पांचवीं अनुसूची का दर्जा प्राप्त करने के साथ-साथ आदिवासी मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति आदिवासी के बावजूद यह दुर्भाग्य है कि आदिवासियों के हित में जितने भी कानून और प्रारूप बने, वे हमारे हित में नहीं बने, क्योंकि 18 साल आदिवासी मुख्यमंत्री रहने के बावजूद यह दुर्दशा आज हमें झेलनी पड़ रही है। भाजपा भी नहीं चाहती कि आदिवासियों का हित हो। अगर बात हेमंत सरकार की करें तो वह भी आदिवासियों के हित में काम नहीं कर रही।

आदिवासी नेता प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आज इस रैली से हम एक उलगुलान कर रहे हैं। बिना संघर्ष के हमें आज तक कुछ नहीं मिला है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट का आंदोलन हो, चाहे पेसा कानून या सरना कोड लागू कराने का आंदोलन, हम लोग आंदोलन करते आ रहे हैं, और जब तक हमें हक और अधिकार नहीं मिलता, तब तक आंदोलन करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि कुर्मी को आदिवासी बनाने का जो षड्यंत्र रचा जा रहा है, हम उसका विरोध कर रहे हैं। हम आदिवासी समाज के लोग मजदूर वर्ग का काम करते हैं। जल, जंगल जमीन की सुरक्षा करते हैं, लेकिन कुछ नेता और दलाल मुख्यमंत्री के साथ जो माफिया तत्वों से घिरे लोग हैं, उनके इशारों पर काम कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि 32 सामाजिक संगठन के नेताओं को यहां बुलाया गया है और इस कार्यक्रम के माध्यम से हम एक बिगुल फूंक रहे हैं। चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार या कोई पार्टी हो, जेएमएम, कांग्रेस या बीजेपी जो भी हमारे खिलाफ कानून लायेगा, उसको जवाब देने का काम करेंगे। यहां इतने सारे आदिवासी मुख्यमंत्री रहे, शिबू सोरेन से लेकर अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, मधु कोड़ा या हेमंत सोरेन किसी सरकार में आदिवासी हितों के लिए काम नहीं किया। मुख्यमंत्री आज 1932 खतियान यात्रा निकालते हैं, जो कि एक गुमराह करनेवाला विषय है। खुद ही विधानसभा में विरोध करते हैं और खुद ही कानून भी लाते हैं। अभी तक स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बना पायी सरकार, जबकि 3.5 साल पूरे होने को है।

जिस भावना और उद्देश्य से झारखंड राज्य का गठन हुआ, कितने लोगों ने कुर्बानी दी, लेकिन वह पूरा नहीं हो पाया। झारखंड बनने के बाद आदिवासियों की जमीन की लूट चारों तरफ हो रही है। यहां तक कि धार्मिक जमीन को भी हम नहीं बचा पा रहे हैं, आज आदिवासी समाज दुखी है।

वहीं आदिवासी नेता लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि 1952 के बाद हर चुनाव में प्रधानमंत्री छोड़ कर सभी पद पर आदिवासी बैठ चुके हैं, लेकिन फिर भी हमें अपने हक, अधिकार के लिए लड़ाई लड़नी पड़ रही है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए हम आदिवासियों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी बढ़े, ज्यादा से ज्यादा आदिवासी समाज के लोग जुड़ें। इस रैली के माध्यम से हम यह मांग करते हैं, चाहे पेसा एक्ट हो या रोजगार सभी में यह वर्ग पीछे हैं।

इस आदिवासी बचाओ महारैली के कार्यक्रम के माध्यम से हम समाज को जगाने का काम करेंगे। हमारा सब कुछ छिना जा रहा है, जिसे बचाने के लिए इस रैली से उलगुलान कर रहे हैं। संकल्प ले रहे हैं, झारखंड, बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ के क्षेत्रों में आदिवासियों से जाकर संवाद स्थापित करेंगे।

माहेश्वरी धर्मशाला में हुई महावीर मंडल रांची की आम सभा, हुआ चुनाव

श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री रामनवमी महोत्सव 2023-24 को धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाने के उद्देश्य से एक बैठक हुई। बैठक रविवार को श्री महावीर मंडल रांची की आम सभा माहेश्वरी धर्मशाला, सेवा सदन के समीप श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू की अध्यक्षता में हुई।

बैठक की शुरुआत श्री राम वंदना से की गयी। बैठक का संचालन श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन रामधन बर्मन ने किया।

आम सभा में मुख्यरूप से, श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष विजय साहू, श्री महावीर मंडल रांची महानगर अध्यक्ष कुणाल अजमानी, श्री महावीर मंडल डोरंडा के अध्यक्ष संजय पोद्दार, श्री महावीर मंडल हिनू के अध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, हिंदू जागरण मंच के सुजीत सिंह, श्री राम वानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, स्वागत समिति हरमू रोड के अध्यक्ष प्रेम वर्मा मौजूद थे ।

नयी कार्यकारिणी का गठन

वहीं आम सभा में चुनाव समिति के द्वारा सर्वसम्मति से श्री महावीर मंडल रांची 2023-24 की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने श्री रामनवमी महोत्सव 2023 को धूमधाम से मनाने एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकालने का संकल्प लिया।

आम सभा में इनकी रही मौजूदगी

श्री महावीर मंडल चुटिया के अध्यक्ष सुनील रंजन सहाय, शुभम केसरी, विक्रम साहू, रवि महतो, अक्षय केसरी, श्री महावीर मंडल पुनदाग के धनराज, बिरजू साहू, बृंद कुमार साहू, श्री महावीर मंडल, बरियातू के सुनील शर्मा, संजय साहू, श्री महावीर मंडल बडगांई के अध्यक्ष मनीष केसरी, श्री महावीर मंडल लोवादिह के अध्यक्ष पप्पू सिंह, प्रदीप साहू, श्री महावीर मंडल कांके रोड के अध्यक्ष बलराम प्रसाद, राजा भट्टाचार्य, प्रदीप लकड़ा, श्री महावीर मंडल रातू रोड के आशीष बर्णवाल, गजन तिवारी, अरविंद गुप्ता, श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी के अध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी, राम अनुज सिंह, सूरज पंडित, इंदर सिंह, श्री महावीर मंडल लालपुर के बसंत दस, रवि वर्मा, अजय कुमार बबलू, श्री महावीर मंडल कोकर के अरुण झा, सुभाष कुमार महतो, अर्जुन गिरी, श्री महावीर मंडल नामकुम के अध्यक्ष मुन्ना बड़ाइक, श्री महावीर मंडल अरगोड़ा के अभिषेक चौधरी, श्रवण कुमार, श्री महावीर मंडल मल्लाटोली से शेखर प्रसाद, मौसम निषाद, कुणाल सिंह, श्री महावीर मंडल हिनू से पीयूष आनंद मौजूद थे।

नयी कार्यकारिणी में ये हैं शामिल

1. अध्यक्षः अशोक पुरोहित
2. कार्यकारी अध्यक्ष : राज किशोर
3. वरीय उपाध्यक्ष : नकुल तिर्की
4. मंत्री : कैलाश केसरी
5. उपाध्यक्ष : राहुल सिन्हा चंकी, डॉ जीवधन प्रसाद, सुनील रंजन सहाय, रमेश सिंह, उपेंद्र रजक, सुनील कुमार साहू।
6. सह मंत्री : प्रकाश चंद्र सिन्हा, अमरदीप साहू, पप्पू सिंह, निशांत यादव, रणधीर रजक, प्रकाश साहू।
7. कोषाध्यक्ष :- शशांक शर्मा।

सरकार ने दी सुखाड़ प्रभावित किसानों को राहत के लिए 268.14 करोड़ जेसीएफ से लेने की मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने वर्ष 2022 में सुखाड़ प्रभावित 22 जिलों के 226 प्रखंडों में घोषित सुखाड़ को लेकर प्रत्येक परिवार को राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए 268.14 करोड़ रुपये झारखंड आकस्मिकता फंड (जेसीएफ) से लेने की मंजूरी दी है। कृषि विभाग के अनुरोध पर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार प्रत्येक परिवार को 3500 रुपये राहत के रूप में राशि मुहैया करायी जायेगी। राज्य के 22 जिलों से 21,17,555 आवेदन मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से प्राप्त हुए हैं। इसके लिए करीब 280 करोड़ रुपये की राशि की जरूरत है, जिसमें 268 करोड़ की राशि जेसीएफ से लेने की स्वीकृति दी गयी है। वहीं, जिन जिलों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल नष्ट हुई है। वहां अलग से कृषि इनपुट अनुदान की राशि की मांग की जायेगी। आपदा विभाग ने राज्य आपदा मोचन निधि से यह फंड उपलब्ध करायेगा।

कोर्ट के फैसले का फुरकान ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कांग्रेस विधायक कैश कांड में हाइकोर्ट के फैसले का पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने स्वागत किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि तीनों विधायकों को साजिश के तहत फंसाया गया था।। मालूम हो कि कोलकाता पुलिस ने इरफान अंसारी सहित कांग्रेस के तीन विधायक को कैश के साथ पकड़ा था। उस वजह से उन्हें कोलकाता में तीन महीने तक जेल में रहना पड़ा था, जिसके बाद कोलकाता हाइकोर्ट द्वारा उन्हें जमानत मिली और वे झारखंड आये। इसी दौरान उन्होंने इस मामले को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की। शुक्रवार को हुई सुनवाई में अदालत ने विधायकों के पक्ष में फैसला सुनाया है। अब यह मामला ही खत्म हो गया। तीनों विधायक पर लगा आरोप नहीं टिक पाया।

स्वच्छ और स्वस्थ राजनीति के लिए यह अच्छी परंपरा नहीं

वहीं इस संबंध में फुरकान अंसारी ने कहा कि कैसे प्रदेश के जनप्रतिनिधियों को फंसाने की कोशिश की गयी थी, ये कोर्ट के फैसले से साफ हो गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ राजनीति के लिए यह अच्छी परंपरा नहीं है कि साजिश के तहत किसी को गलत केस में फंसाया जाये, उसे बदनामी झेलना पड़े। वहीं, फुरकान अंसारी ने कहा कि इस मामले को लेकर जब घटना घटी थी, तो काफी उलझन में थे, काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ा। लेकिन, हाइकोर्ट के फैसले के बाद अब हौसला मिला है।

होली मिलन समारोह का आयोजन

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। प्रेरणा शाखा (मारवाड़ी युवा मंच की इकाई) ने अग्रसेन भवन में होली मिलन का आयोजन किया जिसमें महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। होली मिलन में शाखा सदस्यों द्वारा राजस्थानी होली गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। परियोजना निदेशक द्वारा विभिन्न मनोरंजक गेम्स रखे गये और विजयी महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। होली से संबंधित प्रश्न किये गये, सही उत्तर दिए जाने वाली को पुरस्कृत किया गया। होली के गीतों पर सभी ने मिलकर खूब मस्ती की एक दूसरे को रंग अबीर लगाया। मौके पर अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव नेहा हिसारिया, कोषाध्यक्ष ममता बंसल, परियोजना निदेशक प्रगति चौधरी, निशा संघाई, शालू चौधरी, आकृति चौधरी, पूनम टिबडेवाल, स्वाति अग्रवाल, अंजू शर्मा, पिंकी मोदी, बबीता केडिया, रश्मि केडिया, श्वेता गुटगुटिया, रश्मि गुटगुटिया, मीना हिसारिया, सारिका लड्ढा, आशा बजाज, नेहा जैन, सीए वंदना अग्रवाल, सीए गुंजन अग्रवाल, नेहा बजाज, ज्योति अग्रवाल, रजनी अग्रवाल और अन्य शाखा सदस्य मौजूद थे।

राष्ट्रीय यादव सेना का होली मिलन समारोह

जयनगर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के परसाबाद रेलवे फाटक के पास राष्ट्रीय यादव सेना का होली मिलन सोमवार को आयोजित होगा। इसके मुख्य अतिथि शोभा यादव प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय यादव सेना एवं विशिष्ट अतिथि कृष्णा यादव प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा सेना होंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया कि रांची से आ रहे शोभा यादव की उपस्थिति में हम सभी क्षेत्रवासी होली मिलन समारोह को भव्य रूप में करने के लिए क्षेत्रवासियों की उपस्थिति गौरवान्वित होगी। होली मिलन समारोह आयोजन के लिए जगह जगह पोस्टर लगाये जा रहे हैं। होली मिलन समारोह के लिए मुख्य अतिथियों के लिए पंडाल एवं अतिथियों के स्वागत के लिये तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

करंट लगने से एक व्यक्ति झुलस कर घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत ढाब रोड मे हाई वोल्टेज की चपेट में आने से एक व्यक्ति झुलस कर घायल हो गया। घायल की पहचान फागु कोल (उम्र 35 पिता सुखदेव कोल, गिरिडीह) के रूप में हुयी है। जानकारी के अनुसार बोरिंग की गाड़ी में घूम-घूम कर बोरिंग का काम करता है। ढाब रोड की तरफ बोरिंग करने जाने के कारण उक्त मजदूर गाड़ी के ऊपर बैठे हुए था जो हाई वोल्टेज की चपेट में आने से झुलस कर घायल हो गया। उसे आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

क्षत्रिय महासंघ का होली मिलन समारोह संपन्न

कोडरमा(आजाद सिपाही)। उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ का होली मिलन समारोह गुमो स्थित जिमखाना क्लब में संपन्न हुयी। समारोह में समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और होली का जमकर लुत्फ उठाया। समारोह को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, सचिव राम लखन सिंह, संरक्षक रामचंद्र सिंह और वरीय नेता रमेश सिंह ने कहा कि रंगो और सौहार्द का यह पर्व हम सबों को हंसी खुशी और मिलजुल कर बिताना चाहिए। सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह, शिवलाल सिंह, प्रदीप सिंह, विजय सिंह और राम प्रसाद सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से आपस में मेलजोल और भाईचारगी बढ़ती है। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को हम एक अच्छा कार्य कर उनके सामने मिसाल पेश कर सकते हैं। दिनेश सिंह, राजेंद्र सिंह, ब्यूटी सिंह और राजीव सिंह ने कहा कि होली मिलन का त्यौहार हमें एक अच्छे मार्ग और आदर्श पर चलने की सीख देता है। कार्यक्रम में लोगों ने जमकर अबीर गुलाल खेले और नए-नए पकवानों का आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र सिंह ने किया व धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र सिंह ने किया। समारोह में कामाख्या नारायण सिंह, राम लखन सिंह, रमेश सिंह, राजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, रामदेव सिंह, सत्यनारायण सिंह, विजय सिंह, शिवलाल सिंह, पंकज सिंह, अशोक सिंह, सम्राट सिंह, रंजीत सिंह, अर्जुन सिंह, मनोज सिंह, सीताराम सिंह, अनुज सिंह, प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह, राम प्रताप सिंह, उदय सिंह, राजू सिंह उर्फ राजू भैया, विशाल सिंह, लखन सिंह, कैलाश सिंह, प्रदीप सिंह, संजय सिंह धारावी, कामता सिंह, मनोहर सिंह, संजय सिंह, गणेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, लोहा सिंह, उमेश सिंह, अनिल सिंह, अजीत सिंह, राजीव सिंह, छोटू सिंह, अमन सिंह, निशांत सिंह, अभिषेक सिंह, धीरज सिंह, सुधांशु सिंह, राहुल सिंह, श्रवण सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

भाकपा नेता राम कुमार यादव की अंतिम यात्रा

कोडरमा(आजाद सिपाही)। रविवार को भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं घुरमुंडा निवासी रामकुमार यादव के अंतिम यात्रा में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। शनिवार को वे अपने खेत में गेहूं पटा रहे थे उसी क्रम में जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया था। उन्हें इलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। शव यात्रा में शामिल भाकपा के नेताओं ने एवं उस इलाके के सामाजिक एवं गणमान्य लोगों ने 2 मिनट मौन धारण कर गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया। शव यात्रा में भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, महेश प्रसाद सिंह, अर्जुन यादव, रामेश्वर यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, सुदामा यादव, कामेश्वर पंडित, त्रिवेणी दास, गोविंद रजवार, किशोर चौधरी, युगेश प्रसाद यादव, राजकुमार यादव, मुखिया इंदु देवी, मुखिया महेश रजक, गोकुल यादव, अजय कुमार यादव, जागेश्वर यादव, जागेश्वर चौधरी, साहब चौधरी, कन्हाई ठाकुर, अकबर खान, परमानंद सिंह, प्रसादी शरण गोप, रामस्वरूप शरण यादव, रामशरण यादव, श्याम सुंदर यादव, राम अवतार शरण यादव, रामदेव शरण यादव, राम जतन शरण यादव, मनोज चौधरी, प्रफुल्ल चौधरी, परमेश्वर यादव, जगदीश राणा, बैजनाथ यादव, रामचंद्र ठाकुर, मोहन ठाकुर, सरयू ठाकुर, किशन यादव, महादेव यादव, विनोद चौधरी, रामदेव चौधरी, युगल किशोर यादव, महावीर यादव आदि लोग मौजूद थे।

क्रिकेट टीम के गठन को लेकर बैठक संपन्न

कोडरमा(आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए कोडरमा जिला सीनियर क्रिकेट टीम के गठन हेतु कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की एक बैठक स्थानीय छाबड़ा लॉज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा व संचालन सचिव दिनेश सिंह ने किया। कोडरमा को झारखंड के एलिट ग्रुप के टीम में रांची, बोकारो और सिमडेगा से खेलना है। तय किया गया कि जेएससीए के सभी बड़े मैचों की तरह अब जिले के खिलाड़ियों को दो दिवसीय मैच की प्रैक्टिस करनी होगी। इसके तहत रविवार से दो दिवसीय ट्रायल मैच रखे जाएंगे। साथ ही 10 मार्च और 11 मार्च को 50-50 ओवर का मैच रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि एलिट ग्रुप की महत्ता को देखते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को ही टीम में मौका दिया जाएगा। ट्रायल मैच और कैंप कराने का जिम्मा लेवल वन कोच सुधांशु शेखर सिन्हा को दिया गया। बैठक में केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, अनिल सिंह, आलोक पांडे, सोनू खान, सुमन कुमार, ओम प्रकाश, तहसीन हुसैन सहित अन्य उपस्थित थे।

आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए 596 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन उपनिदेशक, उत्तरी छोटानागपुर कल्याण के निर्देश के आलोक में हजारीबाग जिला में कराया जा रहा है। हजारीबाग जिला के अन्तर्गत इस परीक्षा के लिए दो केन्द्र बनाये गये हैं। राजकीय जिला + 2 स्कुल के परीक्षा केन्द्र में 375 विद्याथियों को परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रवेश पत्र निर्गत किये गये हैं। वहीं दुसरा केन्द्र राजकीय बालिका + 2 उच्च विद्यालय, हजारीबाग में बनाया गया है, जिसमें 249 विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया है। जिला कल्याण पदाधिकारी, आलोक रंजन ने दोनों परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिला प्रशासन, दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, वीक्षकों एवं कल्याण विभाग के सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। परीक्षा हेतु निर्धारित अवधि पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक परीक्षा सम्पन्न कराया गया। दोनों केंद्रों से कुल 596 विद्यार्थी उपस्थित हुये। ज्ञात हो कि हजारीबाग जिला के अन्तर्गत कुल तीन आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु प्रेवश परीक्षा का आयोजन आज कराया जा रहा है। राजकीय अनुसूचित जाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय बरसोत, बरही,आश्रम विद्यालय भेलवारा, प्रखण्ड सदर एवं राजकीय पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय, मटवारी तीनों विद्यालयों में नामांकन हेतु कुल 135 सीट है जिनमें वित्तीय सत्र 2023-24 के लिए नामांकण किया जाना है। इस परीक्षा का आयोजन उप निदेशक कल्याण उतरी छोटानागपुर के आदेश के आलोक में पूरे प्रमण्डल स्तर पर किया जाता है। कार्यपालक दण्डाधिकारी के द्वारा प्रश्न पत्रों को कोषागार में जमा कराया गया तथा कोषागार से पुनः दोनों केन्द्रों पर पहुंचाया गया। दोनों परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन हेतु दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी हैं।

मनुष्य को अच्छा कर्म करना चाहिए: सच्चिदानंद

आजाद सिपाही संवाददाता

मरकच्चो। प्रखण्ड मरकच्चो के ग्राम चोपनाडीह स्थित गायत्री चेतना केंद्र गायत्री मंदिर प्रांगण में 3 मार्च से चल रहे चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में संस्कार सहित विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान रविवार को मुंडन 55, अन्नप्रासन्न 11, पुंसवन संस्कार, 31 लोगों ने दीक्षा प्राप्त किया। अनुष्ठान के बाद हवन कर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे गायत्री महायज्ञ के साथ प्रवचन किया गया। शाम को दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें 501दीपों को जलाकर पूरे मंदिर परिसर को जगमग कर दिया। शाम में प्रवचन की शुरूआत की गयी। हरिद्वार शक्तिकुंज से आए आचार्य महायज्ञ को सफल बनाने में व्यवस्थापक कोषाध्यक्ष राम शरण यादव, योग शिक्षक सुनील कुमार, सन्तोष राणा, चिरंजीवी यादव, समन्वयक महादेव प्रसाद यादव, अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद यादव, सचिव रामधनी राम, उप कोषाध्यक्ष रामचन्द्र पंडित, रामकृपाल यादव, संजय कुमार शर्मा, अभिषेक कुमार, पिंकी देवी, सुनीता देवी, रेणु देवी, लक्ष्मी कुमारी, जगदीश महतो, गाजो महतो समेत कई लोग तन मन से लगे हुये हैं।

सतगावां थाना में हुई शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

सतगावां। थाना प्रांगण सतगावां में रविवार को होली व शब-ए-बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उराव, थाना प्रभारी आंनद कुमार शाह ने संयुक्त रुप से की वहीं संचालन एएसआई सुजीत कुमार सिंह ने किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री उरांव ने कहा कि होली पर्व आपस में शांति और सौहार्दपूर्ण से मनायें। आपस में रंजिश किसी से ना रखे। प्रशासन का पूरा पुख्ता इंतजाम रहेगा ताकि कोई प्रकार का किसी को परेशानी ना हो। थाना प्रभारी आंनद कुमार शाह ने कहा कि जितने भी हॉट स्पॉट जगह हैं, वैसे जगह पर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी रहेगी। लोगों ने होली पर्व व शब ए बरात को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, प्रमुख प्रतिनिधि रामोतार चौधरी, उपप्रमुख मनोज कुमार निराला, प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य ब्यूटी कुमारी, अजर रवानी, गुलाम मियां, निशांत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, सुबोध कुमार, दिवाकर कुमार, मुन्ना यादव और कई मुखिया, पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, कई समाजसेवी, कई बुद्धिजीवी समेत कई लोग मौजूद थे।

पत्रकारों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। पीडब्ल्यूडी सभागार में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन कोडरमा इकाई के सदस्य के अलावे जिले के वैसे पत्रकार भी शामिल हुए जो झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन में अपनी आस्था को रखते हैं और इसमें शामिल होना चाहते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हम सभी जिस तरह से वर्ष में होली त्यौहार आने पर होली मिलन समारोह करते हैं और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एकता का संदेश देते हैं इसी तरह हम पूरे वर्ष इस प्रकार संगठित होकर के रहे तो समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। इस आयोजन में मुख्य रूप से पत्रकार समूह के संजीव समीर, संदीप मुखर्जी, संतोष मिश्रा, राहुल कुमार सिंह, मुकेश गोस्वामी, महादेव दास, आलोक कुमार सिन्हा, विजय वर्णवाल, जयकांत कुमार मोदी, मनीष वर्णवाल, रामकुमार सिंह, अनिल सिंह, मंटू कुमार सोनी, अजय पांडे, वीरेंद्र पांडे, रवि छाबड़ा के साथ अन्य पत्रकार शामिल थे।

अवैध महुआ शराब बनाने वाले उपकरण बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

सतगावां। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह एवं उत्पाद विभाग के द्वारा संयुक्त छापेमारी में शराब भट्टी नष्ट किया गया। सतगावां थाना अंतर्गत कोठियार पंचायत एवं राजावार पंचायत क्षेत्र में अवैध चलाए जा रहे महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी की गई जिसमें कोठियर पंचायत के गोसाईंतरी जंगल में दो भट्टी, आठ सौ जावा महुआ एवं शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। साथ ही तीस लीटर महुआ शराब को बरामद किया गया। वहीं राजाबर पंचायत के ठुठाआम के डोमाकोला जंगल में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। जिसमें डोमाकोला जंगल में दो अवैध महुआ शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। भट्ठी संचालकों को चिन्हित कर उत्पाद विभाग, कोडरमा द्वारा कारवाई की जा रहा है।7

होली व रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। सनराइज क्लब की बैठक टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव की अध्यक्षता में बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में रविवार को हुयी। इसमें रामनवमी के मद्देनजर सनराइज क्लब कमेटी को पूरा सहयोग प्रदान करते हुए सदस्यों ने पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही होली को भी हर्षोल्लास से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक चर्चा की गयी। अगली बैठक 12 मार्च को निर्धारित की गयी है। बैठक में राजू यादव, प्रकाश गुप्ता, अजीत रविदास, मुकेश यादव, पिंटु यादव, छोटन साव, प्रकाश साव, बंटी यादव, राजेंद्र यादव, जितेंद्र साव, शंभू साव, राहुल यादव, संजय यादव व अन्य मौजूद थे।

दस टन अवैध कोयला जब्त

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने नर की कोनार पुल के पास से अवैध रूप से छुपाकर रखा गया दस टन कच्चा स्टीम कोयला जप्त कर मामला दर्ज किया है। इस सम्बंध में बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। जिसमें बताया गया कि कोयला तस्कर मोइन अंसारी,केदार स्वर्णकार, महेश साव तीनो ग्राम नरकि खुर्द एक साथ मिलकर बेरमो थाना अंतर्गत बेदकारो सुरक्षित वन क्षेत्र से अवैध उत्खनन करवा कर उसे मोटरसाइकिल व छोटी वाहनों से धुलाई कराकर नरकि स्थित कोनार नदी के पास झाड़ियों में दस टन कच्चा स्टीम कोयला डम्प किया है। जिसे बाहर की मंडियों में भेजा जायेगा।

हत्या पर परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक

बरकट्ठा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बेड़ोकला पंचायत के ग्राम केंदुआ निवासी सागर राणा की बीते दिनों हत्या कर दिया गया था। आज उनके आवास पर विधायक अमित कुमार यादव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया तथा घटनाक्रम की पूरी जानकारी प्राप्त की। साथ ही विभाग सम्बंधित पुलिस अधिकारी को विधायक ने निर्देश दिया कि पीड़ित को न्याय मिले और दोषियों को गिरफ्तार कर उनके ऊपर कठोर कार्यवाही हो। इस मौके पर विधायक के साथ में समन ठाकुर जी, मुमताज अंसारी जी, भोला राम जी, महादेव यादव जी, रामचंदर शर्मा जी, राजू यादव जी, रीतलाल जी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

उन्नयन कार्य का शिलान्यास

बरकट्ठा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कलहाबाद उपस्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक अमित कुमार यादव एवं जीप सदस्य कुमकुम देवी ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उपस्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कार्य 43 लाख 64 हजार की लागत से डीएमएफटी मद से कराया जाएगा। मौके पर शिव कुमार, राजकुमार प्रसाद, अनिल आजाद, भोला प्रसाद,भोला राम, झखरु चौधरी, राजकुमार यादव, लालमणि प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, तुलसी प्रसाद, सिकेन्द्र कुमार, कामेश्वर प्रसाद, पुजारी बैजनाथ बाबा, मंजुल आलम, अर्जुन साव, बिनोद प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

आदिवासी समाज सनातन धर्म का अभिन्न अंग है: कमल डामोर

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। हजारीबाग जिले के बड़कागांव उरेज में आदिवासी समाज के सामाजिक विषयों को लेकर के एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश से चलकर आये हिंदू युवा जनजाति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल डामोर ने कहा कि पूरे भारत देश में आदिवासियों को सनातन धर्म से अलग बताकर षड्यंत्र के तहत उनका ईसाई करण किया जा रहा है, हमें इनसे बचने की जरूरत है जो सनातन से हमें अलग बता रहे हैं वे लोग ईसाई मिशनरियों द्वारा हो रहे धर्मांतरण पर आवाज क्यों नहीं उठाते, भगवान बिरसा मुंडा जैसे वीर बलिदानीयों ने झारखंड ही नहीं पूरे भारत देश का अपने धर्म संस्कृति के लिए नेतृत्व किया इनसे हमें प्रेरणा लेते हुए समाज को बचाने के लिए कार्य करना है, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय आदिवासी मंच के सन्नी टोप्पो ने कहा ईसाई बने लोगों को आदिवासी का मिलने वाला लाभ लेने का कोई अधिकार नहीं उनको धर्मांतरण करने के बाद आदिवासी होने का कोई भी लाभ नहीं मिले यह अभियान पूरे भारतवर्ष में चल रहा है हमें झारखंड में भी आंदोलन करना है इस दौरान हिंदू युवा जनजाति संगठन का विस्तार कर सुदामा मुंडा को जिला अध्यक्ष बनाया गया तथा देव कुमार गंझू को बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया, सहित कई युवाओं को दायित्व दिया गया, बड़कागांव, केरेडारी प्रखंड के कयी गांवों से युवा उपस्थित हुये। मौके पर पूर्व प्रमुख कौलेश्वर गंझू, नारायण सोमनाथ (पिंटू), दिनेश कुमार, रमन गंझू, देवेंद्र गंझू, विजय गंझू, दर्शन गंझू, नागेश्वर गंझू, बिगन गंझू, युवराज करमाली, बिरसा मुंडा, शुभम कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार, रौशन गंझू, सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

इचाक (आजाद सिपाही)। तैलिक साहू सामाज प्रखंड कमेटी इचाक के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे प्रखंड अध्यक्ष महेश साव, सचिव रामू साव, कोषाध्यक्ष गणेश गुप्ता, युवा अध्यक्ष पप्पू साव सचिव कमल गुप्ता जिला सदस्य शंकर कुमार साव छन्नु साव, पंचायत अध्यक्ष सीटा साव समेत समाज के कई लोगों ने भाग लिया। इस दौरान चौपारण प्रमंडलीय सम्मेलन में भाग लेने जा रहे झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवार दास का इचाक प्रखंड कमेटी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इचाक में सम्मान समारोह का आयोजन

इचाक (आजाद सिपाही)। कैरियर स्टडी प्वाइंट इचाक में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 8वीं से 12वीं तक के प्रत्येक कक्षा के टॉप 10 विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के निर्देशक सागर प्रजापति ने कहा की ऐसी प्रतिभा इचाक के छात्रों में भरी हुयी है, साथ ही संस्थान के संचालक अकास सर के द्वारा घोषणा किया गया की इस संस्थान में अध्ययन करने पर शुल्क में 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। सभी कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 100 प्रतिशत, द्वितीय स्थान को 75 प्रतिशत,तृतीय स्थान को 50 प्रतिशत,चतुर्थ स्थान को 40 प्रतिशत, पांचवे स्थान को 30 प्रतिशत, छः से दस स्थान को 25 प्रतिशत तथा परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विधार्थियों को 10 प्रतिशत की शुल्क में छूट दी जायेगी। यह परीक्षा 26 फरवरी 2023 को जीएम कॉलेज इचाक में आयोजित की गयी थी। जीएम कॉलेज के प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि कैरियर स्टडी प्वाइंट ने हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में आगे रहा है। इस संस्थान में सभी अनुभवी शिक्षको के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है। इसलिए हमेशा इस संस्थान का रिजल्ट बेहतरीन रहता है। समारोह में चाणक्या आईएएस अकादमी के विपिन सर, केपी इंस्टीट्यूट हजारीबाग के पिंटू सर, अमेरिकन इंस्टीट्यूट के सुधेश सर, टॉप रैंकर इंस्टीट्यूट रांची से आशीष सर कैरियर स्टडी प्वाइंट से आकाश सर, निशांत सर, राहुल सर, अभिषेक सर, के अलावे बड़ी संख्या विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित हुये।

शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने का लिया निर्णय

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। होली को लेकर रविवार को डुमर पंचायत भवन परिसर में डुमर गाँव के ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक की गयी। मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में होली का पर्व मनाने का निर्णय लिया। सुजित रजक ने कहा कि हुड़दंग मचाने वालों पर पैनी नजर रहेगी। होली में चलंत डीजे पर पुरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई व्यक्ति शराब पीकर हुडदुंग मचायेगा उसपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने होली में किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग नहीं लगाने की अपील की। बैठक के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ग्रामीणों ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधायी दी। मौके पर पंसस प्रतिनिधि कृपाशंकर पांडेय, सोनु पांडेय, दशरथ सिंह, सोनु सिंह, संजय राणा, मो. समीम, सुनिल ठाकुर, विजय ठाकुर, झब्बु सिंह, पप्पू प्रजापति, सीताराम राणा, अजय राणा, बालेश्वर सिंह, सेवा प्रजापति, पप्पू पांडेय, सोनु कुमार, संजय रजक, दिपक रजक, संतोष सिंह, तुलसी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, दिलीप सिंह, रोहित यादव, सहित कई ग्रामीण उपस्थित हुये।

होली मिलन समारोह संपन्न

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज द्वारा प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन पंकरी बरवाडीह भोक्ता स्थान मंदिर प्रांगण में किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगतनंदन प्रसाद गुप्ता तथा संचालन निरंजन कुमार ने किया। होली मिलन समारोह की मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद थी। मौके पर विधायक ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह रंगों का त्योहार होली एक दूसरे से प्रेम बांटने का त्यौहार है वही एक दूसरे से मिलने जुलने का मौका है। मिलान समारोह में लोग जमकर होली के गीतो पर झूमें तथा एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाया। मौके पर मुख्य रूप से युवा समाजसेवी रांची महानगर पंकज कुमार कश्यप, सचिव कैलाश साव, मुखिया विमला देवी, रांची महानगर के प्रभारी कुंजबिहारी साहू, समाजसेवी कौलेश्वर साव, जितेंद्र कुमार साव, मोहन साव, पदुम साव, हीरालाल साव, राजकुमार साव, प्रेम साव, शिवनारायण साहू, धनेश्वर साव, धनु प्रसाद निराला, बुधन साव, रामचंद्र साव, गणेश प्रसाद गुप्ता, आशिष कुमार साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

बुढ़वा महादेव में होली मिलन समारोह

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। ग्राम कांडतरी के एसी युवा संगठन के ओर से बुढवा महादेव के प्रागंण मै एक होली मिलन समारोह रखी गयी जिसकी अध्यक्षता अनुराग बासु एवम संचालन बिकास कुमार भुईयां ने किया मुख्य अतिथि पुर्वी जिला परिषद सुनीता देवी बडकागांव प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां मुख्या पारसनाथ महतो मुख्या संघ का अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ओर अखिल भारतीय भुईयां समाज के प्रखंड युवा अध्यक्ष नन्दकिशोर भुईयां, बलेश्वर भुईयाँ, आलोक नाग मनी, जे एम एम नेता बिनोद यादव, हेमंत भुईयां ने बोला की होली एक मिलनसार रंगों का त्योहार है इसे बहुत धूम धाम से आपस मै मानवे ओर शराब का सेवन ना करें कांडतरी मुख्या ने बताया कि होली खेलने का तरीका होली एक रंग अबिर का त्योहार है इसे तिलक के माध्यम से खेले मुख्य रूप से उपस्थित बिशेश्वर रजक, गुलाब भुईयां, किशोर मेहता, सुरेश महतो, अरुण, नारेश राम, अजय राम, साजन रजक, संदिप रिकयाशन, सुरज भुईयां, प्रमोद राम,रवि राम, आंनद कुमार दिपक राय, गोविंद भुईयां, वकील भुईयां शामिल थे।

डीएसपी के खिलाफ मुखर हुए आजसू-भाजपा नेता, की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस

झारखंड सरकार के एजेंट के रूप में काम रहे हैं रामगढ़ डीएसपी : आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने संयुक्त रूप से आजसू पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस वार्ता में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, केंद्रीय सचिव विजय कुमार साहू, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता उपस्थित थे। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड प्रदेश में शासन-प्रशासन बेलगाम हो गया है। यहां का महकमा ब्यूरोक्रेट ब्यूरोक्रेसी सरकार के इशारे पर यहां की आम जनता को लूटने और शोषण करने का काम कर रही है। सरकार को लगता है कि कोई अगर उसकी गलत नीतियों का विरोध करे तो उसको कैसे भुला जाये। उसके लिए एजेंट के रूप में अपने डीएसपी और बीडीओ का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका उदाहरण है गोला की घटना। उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत सरकार से पच नहीं रही है।

सरकार के इशारे पर डीएसपी कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे हैं। रोशनलाल चौधरी ने कहा कि सरकार अपने एजेंट के रूप में डीएसपी किशोर कुमार रजक को

रखी है। उनके द्वारा साजिश के तहत हमारे भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जबरन तरीके से उनको फंसाने के लिए किसी से कंप्लेंट करवा कर अरेस्ट करने का काम किया और जब भाजपा और आजसू पार्टी के लोग इसका विरोध करने गोला थाना पहुंचे तो स्वयं डीएसपी किशोर कुमार रजक पूरी बदतमीजी से लोगों से पेश आये और नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसके साथ ही आजसू पार्टी और भाजपा नेताओं पर गलत तरीके से 353 धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया, जिसका एनडीए पूरा विरोध करेगा और सरकार के भेजे हुए नुमाइंदे जो एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं, उनको किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा।

हार से बैचेन हैं डीएसपी रजक : चंद्रप्रकाश

आजसू कार्यकर्ताओं पर एफआइआर दर्ज होने के बाद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पत्रकारों से दूरभाष पर कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस की हार से डीएसपी बेचैन हैं। उनको हार नहीं पच रहा है। इससे पहले भी वह एकतरफा काम करते रहे हैं। कोई समस्या होती है तो लोग कहां जायेंगे। थाना जाने पर एफआइआर दर्ज किया जा रहा है।

भ्रष्ट पदाधिकारियों को सस्पेंड करे राज्य सरकार: प्रवीण मेहता

भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि जिस तरह सरकार अन्याय कर रही है, उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। 2024 के लिए हम तैयार हैं और जनता जब परेशान होगी तो एनडीए पूरी ताकत के साथ हेमंत सोरेन का प्रतिकार करेंगे। साथ ही ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों को सस्पेंड करवाने का काम करेगा। इसके लिए विधानसभा को लोकसभा में जोरदार आवाज उठाना पड़े तो उठायेंगे। अपने प्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा में धरना देना पड़े तो दिया जायेगा, लेकिन किशोर कुमार रजक को किसी भी हाल में हम लोग नहीं छोड़ेंगे।

मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव गुड्डू यादव, प्रदेश संयोजक ओबीसी मोर्चा संजय यादव और यूनियन नेता अरविंद साहू उपस्थित थे।

गोला में 17 नामजद आजसू नेता समेत सौ अज्ञात कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

गोला। गोला थाना में आजसू के 17 नेता एवं एक सौ अज्ञात कार्यकताओं पर रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सभी के ऊपर थाना परिसर में मजमा लगाकर हो हंगामा करने का आरोप है। धारा 147,346,353,504,506 के तहत नामजद प्राथमिकी जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी,विजय ओझा,जलेश्वर महतो, राजमोहन महतो, विशु रजवार,दीवाली महतो, इम्तियाज अंसारी,ममता सोनी,अनूप प्रसाद,गोबिन्द मुंडा, पंकज महतो, निखिल कुमार दांगी,सुरेश नायक,सुबोध कुशवाहा, सरस्वती देवी,कांशी दांगी,कुंदन कुशवाहा है।

क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि गोला थाना पुलिस ने डीवीसी चौक गोला निवासी आजसू कार्यकर्ता सागर गोस्वामी को महिला से छेड़खानी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसी मामले में आजसू नेता दिलीप दांगी के नेतृत्व में सेकड़ो आजसू कार्यकर्ता थाना पहुँच कर डीएसपी किशोर कुमार रजक पर पक्षपात कर झूठा मुकदमा में फंसाकर जेल भेजे जाने का आरोप लगा रहे थे। पुलिस के साथ आजसू नेताओं की जोरदार तीखी बहस भी हुई। बताया गया कि छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने चार आजसू कायकताओं को हिरासत में लिया। जिसमे तीन को छोड़ दिया। वही एक कार्यकर्ता सागर गोस्वामी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। देर शाम पीआर बॉन्ड पर कोर्ट से उसे जमानत मिली। आजसू नेताओ का कहना था कि किशोर कुमार रजक सत्ता पक्ष के इशारे पर आजसू कार्यकताओं को झूठा मुकदमा में फंसा कर जेल भेज दे रहे है। उनको रामगढ़ उपचुनाव का हार पच नही रहा है। इसी मामले में गिरिडीह सांसद भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासन को खुली चुनौती दी है।कहा है कि प्रशासन के लोग सत्ता पक्ष का पक्षपात कर रहे है। उन्होंने बीडीओ ओर डीएसपी को जल्द हटाने की मांग किया है।

अवैध शराब के विरुद्ध चला अभियान

रामगढ़(आजाद सिपाही)। जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से एवं आगामी होली पर्व को देखते हुये डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत चैनपुर एवं बड़गांव क्षेत्र में उत्पाद छापेमारी की गयी । छापेमारी के दौरान लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया। साथ ही 100 लीटर अवैध चुलायी शराब स्थल से जब्त किया गया। जिसके उपरांत इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महिलाओं ने बच्चों संग मनाया रंगोत्सव

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। नारायण रेकी सत्संग परिवार की महिलाओं ने रविवार को जिले के छोटकाकाना में स्थित एकल विद्यालय के बच्चों के संग रंगोत्सव मनायी। इस दौरान बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही स्कूली बच्चों के बीच मिठायी, रंग, पिचकारी का वितरण किया। इसके अलावा बच्चों को भारत की संस्कृति मूल्यों को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। वही बच्चों में होली को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर बॉबी गोयल, सीमा मेवाड़, सीमा अग्रवाल, पिंकी गोयल, प्रमिला जैन, निकिता गोयल, अनिता बंसल, सुधा अग्रवाल, प्रीति जैन के अलावे विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

बाजार में दर्जनों गरीबों को कराया भोजन

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, अनमोल बचपन प्ले व एसएससी कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिन्क ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पाव भाजी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयश्री मेहता, शुभम कुमार, विजेता कुमारी, संजीव सिन्हा आदि समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।

वंशी समाज ने किया होली मिलन का आयोजन

पतरातु (आजाद सिपाही)। पतरातू स्थित धनुरवंशी धर्मशाला परिसर में रविवार को धनूरवंशी समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में समाज के संरक्षक मुनीलाल सिंह एवं समाज के प्रदेश महासचिव राजकुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष छक्कनलाल सिंह एवं संचालन बृजेश सिंह ने किया। मौके पर महिलाओं के द्वारा कई गीत प्रस्तुत किए गए। इसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाए और फिर सामूहिक भोज में शामिल हुए। मौके पर हरीनाथ सिंह, भगवान सिंह, गिरजा सिंह, भरत सिंह, अजीत सिंह, संतोष सिंह, निर्गुण सिंह, महेश सिंह, अवधेश सिंह, दीनदयाल सिंह, मोती सिंह, सुखदेव सिंह, सुमन देवी, प्रभा देवी, ऋतु सिंह, तिलकी देवी, दुर्गा देवी, सविता देवी, सरिता देवी, हेमंती देवी, हेमा देवी, मंजू देवी, दिलीप सिंह, बिट्टू सिंह, त्रिपुरारी सिंह, बसंत सिंह, केश्वर सिंह, लक्ष्मी सिंह, सनोज सिंह, मोहन सिंह,नरेश सिंह, लखन सिंह, राजन सिंह, देवानंद सिंह, उज्जवल सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेंद्र सिंह आदि प्रमुख लोगों सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के अन्य लोग शामिल थे।

बरटोला में सरहुल महोत्सव का महासंग्राम

उरीमारी(आजाद सिपाही)। पोटंगा पंचायत के न्यू बरटोला में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुयी। बैठक में सांस्कृतिक प्राकृतिक पर्व सरहुल का तैयारी सभी ग्रामीणों के सहमति से 14 एवं 15 मार्च को रखा गया है। जिसमें 16 मार्च को सरहुल महोत्सव का महासंग्राम होना तय हुआ है। वहीं न्यू बरटोला के विस्थापितों में पांच ग्रुप के बीच कॉम्पिटिशन का अयोजन किया गया है। इस बैठक में सभी नव युवकों को अपने रीती रिवाज को बनाएं रखने एवं बढ़ावा देने के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सदस्य श्री सोनाराम मांझी, पोटंगा पंचायत के उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, पंचायत समिति सदस्य बभनी देवी, गांव के मांझी हड़ाम दिनेश्वर मांझी, पराणिक हड़ाम लेचा मांझी, नायके हड़ाम पाहन मांझी, जोगवा हड़ाम छोटका मांझी सहित गांव के तमाम बुद्धि जीवी गण, कोका मांझी, त्रिलोक सोरेन, योंगा किस्कू, चमेशलाल सोरेन, सुखराम बेसरा, तालु सोरेन, करमा मांझी, रमेश हेंब्रम, रमेश हंसदा, देवीलाल सोरेन, सिकेंद्र सोरेन,सुरेश साहिल हेंब्रम, सुनील सोरेन, दशाराम बंशीलाल हेंब्रम, तलमी देवी, हीरामुनी देवी, फुलकी देवी, रतनी देवी, मलोती देवी, सपना कुमारी, शांति देवी, किरण देवी, सरिता देवी, संगीता देवी, मोनिका मुर्मू, सोनमति देवी, जगमति देवी, प्रीति बेसरा, चांदमुनी देवी, रजनी कुमारी, रंधनी देवी, ललिता देवी, एवं सभी ग्रामीण परिवार उपस्थित हुये।

कृष्णा साहू को मिली जमानत

टंडवा(आजाद सिपाही)। एनटीपीसी के खिलाफ आंदोलन के मामले मे जेल जाने वाले कृष्णा साहू शनिवार को जमानत पर रिहा हो गये। उनके रिहाई पर समर्थको ने टंडवा में स्वागत किया। मालूम हो की विस्थापित विकास संघर्ष समिति के तत्वाधान में तीन सुत्री मांगो को लेकर एनटीपीसी के खिलाप देश के दूसरा लगातार आंदोलन की गयी थी। कृष्णा साव के अधिवक्ता शेखर कुमार गुप्ता ने बताया की एनटीपीसी के सभी मामलों में कृष्णा साव को बेल मिली है। बेल की प्रक्रिया में झारखंड हाईकोर्ट में अधिवक्ता शेखर प्रसाद के द्वारा किया गया।कृष्णा साहू के जमानत मिलने से समर्थको ने खुशिया जाहिर किया।

चिकित्सकों ने संध्या में निकाला कैंडल मार्च

चतरा (आजाद सिपाही)। पांच सूत्री मांगों को लेकर चिकित्सकों ने रविवार शाम कैंडल मार्च निकाला, कहा 12 मार्च तक मांगें पूरी नहीं हुयी पूरी तो 13 मार्च से चिकित्सकों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जायेंगे। यह कैंडल मार्च सिविल सर्जन कार्यालय से निकाली गयी जो सदर अस्पताल पहुंचकर समाप्त हुयी। कैंडल मार्च का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ एसएन सिंह कर रहे थे। मार्च के दौरान चिकित्सक नो सर्विस विदाउत सिक्योरिटी, प्रशासन क्यों अंजान है डॉक्टर भी इंसान हैं, वादा किया भरोसा दिया हमको हमेशा धोखा दिया, शौक नहीं मजबूरी है कार्य बहिष्कार जरूरी है जैसे नारे लगा रहे थे।

रघुवर दास का वैश्य महासम्मेलन ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी अमित साहू के नेतृत्व में रविवार को रांची से चौपारण जाने के क्रम में होटल सैनी के परिसर में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का भव्य स्वागत किया गया। झारखंड प्रदेश वैश्य महासम्मेलन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अमित साहू ने पुष्प गुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। वही, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को रामगढ़ जिला वैश्य समाज के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मधु गुप्ता, संतोष रंजन, उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल, हरीश चौधरी, रामप्रवेश गुप्ता, संजय सोनकर, आलोक साहू, राहुल अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, पंकज बरनवाल, सुरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पेंटिंग प्रतियोगिता में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा टी-शर्ट पर उकेरी गयी पेंटिंग को लेकर फैशन शो का भी आयोजन किया गया। बच्चों को टी शर्ट पेंटिंग पहनाकर रैंप पर चलकर अपनी टीशर्ट का प्रदर्शन किया। कार्यशाला के दौरान बेहतर पेंटिंग प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही मौके पर संदर्श कला केंद्र की अध्यक्ष प्रो पिंकी कुमारी ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया के रंग उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को होली में रंगों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर माला सिंह, कुमारी सिमरन, संगीता कुमारी, मनीषा आदि उपस्थित थी।

होली पर्व में हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर

आजाद सिपाही संवाददाता

भदानीनगर। होली को लेकर भदानीनगर ओपी में शांति समिति की हुई बैठक इस कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण हुए शामिल। इसकी अध्यक्षता भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने किया। मौके पर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। इसे मिल-जुलकर मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जाएगी। मौके पर मुखिया आनंद दुबे, रामफल बेदिया, राजेंद्र मुंडा, चलेंद्र बेदिया, बिपीन कुमार, टिकेश्वर महतो, मो. जिलानी अंसारी, रईस आलम, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, धनेश्वर महतो, विनोद, नारायण प्रजापति, कृष्णा कुशवाहा, विनय राम, बरतु बेदिया, शंकर तुरी, शहजादा तालीम, सुरेश बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, मंसा बेदिया, राजेंद्र प्रसाद, भूषण ठाकुर आदि मौजूद थें।

बितका बाउरी के परिजनों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। बितका बाउरी की हत्या और हत्या की साजिश में शामिल सभी अभियुक्तों को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार कर मामले का पूरा खुलासा करे। राज्य के महागठबंधन की सरकार मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दे और 25 लाख मुआवजा दे साथ ही तीनों बच्चों के पालन पोषण का खर्च दे। यह बातें कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने सौंदा बस्ती में कही। केदार पासवान रविवार को बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी हत्याकांड को लेकर सौंदा बस्ती पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। आज परिजनों से मुलाकात कर उनकी परेशानियों से अवगत हुए है। कहा कि वर्तमान समय में दलित समाज पर अत्याचार हो रहा है। आये दिन हत्याएं हो रही है, दलितों के इज्जत से खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं रामगढ़ जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि मामले में असली दोषियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा जाये, न कि निदोर्षों को फंसाया जाये। मुन्ना पासवान ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद ने भी मांग करते हैं कि मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाया जाये। मौके पर वशिष्ट लाल पासवान, रंजीत बाउरी, राजू राम, हर्ष कालिंदी, अनिल नायक, पतरातु प्रखंड अध्यक्ष अनुसूचित जाति उत्थान परिषद किशुन नायक, देवनाथ बाऊरी सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा जिला कार्यालय रामगढ़ में मना होली मिलन समारोह

अमरजीत कुमार

कुजू। भाजपा जिला कार्यालय रामगढ़ (कुजू) में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी की अगुवाई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह का संचालन नगर परिषद उपाध्यक्ष संजय शाह ने की। मिलन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांके विधानसभा विधायक समरी लाल मौजूद रहे। समारोह के दौरान विधायक समरी लाल ने उत्साहित भाजपाइयों को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी सुनीता चौधरी को मिली धमाकेदार जीत व होली पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह मिलन समारोह एनडीए प्रत्याशी को मिली जीत और होली पर्व की खुशी के मौके पर भाजपाइयों को दोगुना उत्साहित प्रदान करता है। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी का नाज बताते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत आप लोगों की मेहनत का रंग है। वहीं, मौजूद भाजपाइयों ने होली पर्व का आनंद लेते हुए जमकर थिरके। साथ ही, एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधायी दी। वही, मौजूद भाजपाइयों ने लजीज पुआ, पकवान का आनंद लिया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अमरेंद्र गुप्ता. सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, रतन प्रसाद साहू, सुनील प्रसाद साहू, छठी लाल प्रसाद, दिलीप सिंह, सुबोध प्रसाद, आशीष कुमार, अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुरेंद्र रविदास, रंजीत कुमार, रामचल मुंडा, आशीष कुमार, सुधान सिंह, रूपा कुमारी, बालेश्वर महतो, नरोत्तम सिंह, विरेंद्र महली, सुभद्रा अग्रवाल, मनोज सिंह समेत काफी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

होली के जश्न में नशे की आपूर्ति विफल

अजय चौरसिया

चतरा । जिले की प्रतापपुर थाना पुलिस को अंतरराज्यीय गिरोह के शराब माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कामयाबी हांथ लगी है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में गठित प्रतापपुर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने ड्राई स्टेट बिहार में होली के दौरान आपूर्ति के लिये स्टॉक किया गया अवैध विदेशी केन बियर का बड़ा खेप पकड़ा है। पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने बताया बिहार में खपा कर मोटी रखम कमाने के उद्देश्य से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब स्टॉक किया गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल का गठन कर लखन साव के घर में छापेमारी कर प्लास्टिक के तीन बोरो में छुपा कर रखें गए कुल 240 बोतल गॉड फादर कंपनी का अंग्रेजी बीयर का केन बरामद किया गया। हालांकि इस दौरान घर के सभी सदस्य पुलिस को देखकर घर से फरार हो गए। जिसके बाद शराब के खेप को जप्त कर पुलिस थाना ले आई। मामले में शराब तस्कर व माफियाओं के विरुद्ध प्रतापपुर थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने माफियाओं को शराब की तस्करी छोड़ कर आजीविका का दूसरा साधन अपनाने की अपील की है। उन्होंने अवैध रूप से संचालित देशी शराब भट्ठियों के साथ-साथ अंग्रेजी शराब तस्करों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। अभियान में एसआई अखिलेश कुमार यादव व सत्यमान कुंभकार समेत ससस्त्र बल के जवान शामिल थे।

प्राकृतिक रंगों के साथ होली का त्योहार स्वच्छ वातावरण में मनायें

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ बार एसोसिएशन कार्यालय में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार गौतम उपस्थित थे। साथ ही व्यवहार न्यायालय के अन्य सभी न्यायाधीशों ने भी समारोह में उपस्थित होकर अधिवक्ताओं के साथ होली का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल को महामूर्खाधिराज एवं महासचिव सीताराम को मूर्खाधिराज की उपाधि से सुशोभित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने महामूर्खाधिरज को सब्जी का मुकुट एवं माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार भाईचारे का त्यौहार है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को एवं आम जनों को होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में अधिवक्ताओं ने लोक संगीत की प्रस्तुति कर सभी को मोह लिया। ये थे उपस्थित इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष झलकदेव महतो, महासचिव सीताराम, कोषाध्यक्ष हरख नाथ महतो, सहकोषाध्यक्ष धनंजय कुमार यादव, संयुक्त सचिव प्रकाश रंजन, लाइब्रेरियन शंभू तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे, योगेश पांडे, ज्योति कुमारी, राजेंद्र महतो, राजू महतो, सतीश पाठक, द्वारिका महतो, मोइन अहमद, मोहम्मद इसरार, सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार अंबष्ठा, चंद्रिका सिंह, प्रेम महतो, महेंद्र महतो, राजेंद्र महतो, शंभू प्रसाद, रेशम लाल, ऋषि महतो, कैलाश कुमार, नौशाद अहमद, अरविंद कुमार, अखिल देव प्रसाद, आशुतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, मो सलीम, रश्मि पाठक, सुभद्रा अलका कुमारी, मीना कुमारी, शकुंतला देवी, कौशल्या देवी, सुजाता नायर, सीमा देवी सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गिद्दी। बरका चुंबा पंचायत सचिवालय में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में गीत संगीत का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया उपस्थित सम्मानित अतिथियों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर एवं गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस मौके पर मुखिया राजू महतो पंसस मनोज महतो गुंजन देवी वार्ड सदस्य तुलसी महतो धर्मेंद्र सिंह राम प्रकाश महतो कुसुम देवी पूनम देवी कविता देवी लखन साहू श्यामलाल बेदिया महेश महतो सुदामा करमाली भीम प्रजापति राकेश प्रजापति नीतू देवी मुंशी महतो गोविंद महतो लघु देवी शिव प्रसाद महतो महेश प्रजापति बहादुर महतो शंकर व्यास सुरेंद्र महतो आलोक रंजन हरि महतो लक्ष्मण महतो हरि नारायण महतो शिवलाल महतो रामविलास अनिल सोनी पांडू बेदिया रमेश गुप्ता शंकर महतो विगु महतो किशन बैठा शामिल हुए।

खुला बातचीत का एक रास्ता

दो मार्च को राजधानी दिल्ली में जी-20 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन सम्पन्न हो गया जिसमें अमरीका, रूस, चीन, इंगलैंड और फ्रांस समेत सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन की शुरुआत में ही सभी से मतभेदों से ऊपर उठने की अपील की तथा यूक्रेन संघर्ष को लेकर संबंधित देशों के बीच आम सहमति बनाने के लगातार प्रयास किये, परंतु अमेरिका के मित्र एवं समर्थक पश्चिमी देशों और रूस तथा चीन के गठबंधन के बीच भारी वैचारिक मतभेदों और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकेन, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव तथा अन्य चंद विदेश मंत्रियों के कड़े तेवरों के चलते इस सम्मेलन में सहमति नहीं बन पाने के कारण संयुक्त बयान जारी नहीं किया जा सका। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भांति जी-20 युद्ध की समाप्ति या जारी रहने आदि संबंधी कोई निर्णय तो नहीं ले सकता, लेकिन इस सम्मेलन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि एक वर्ष से जारी यूक्रेन युद्ध के दौरान पहली बार रूस, चीन, अमरीका, तुर्की, यूक्रेन के प्रतिनिधि एक जगह पर एकत्रित हुए थे।

सम्मेलन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि एक वर्ष से जारी यूक्रेन युद्ध के दौरान पहली बार रूस, चीन, अमरीका, तुर्की, यूक्रेन के प्रतिनिधि एक जगह पर एकत्रित हुए थे।

संयुक्त बयान पर सहमति तो नहीं बनी लेकिन बातचीत का एक रास्ता खुला है, जो जरूरी था, क्योंकि यूक्रेन-रूस युद्ध से पैदा हुई समस्याएं सारी दुनिया को प्रभावित कर रही हैं, चाहे वे आर्थिक समस्याएं हों या कोई और। इस सम्मेलन के बाद जी-20 के राष्ट्राध्यक्षों का सम्मेलन भी होने वाला है जिसमें बात आगे बढ़ सकती है। वैसे तो चीन और तुर्की भी रूस के साथ बात कर सकते हैं, परंतु भारत के अमेरिका तथा रूस दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। अतः वह इसमें बेहतर भूमिका निभा सकता है। अच्छी बात यह है कि इस दौरान भारत के नेताओं को विश्व के प्रमुख नेताओं के साथ आपसी मुद्दों पर भी चर्चा का अवसर मिला। इस दौरान भारत और इटली के साथ व्यापारिक समझौता भी हुआ तथा अन्य देशों के साथ बात भी चल रही है। कुल मिला कर भारत के लिए दुनिया के सामने अपना दृष्टिकोण पेश करने का यह अच्छा मौका रहा।

अभिमत
आजाद सिपाही

जम्मू-कश्मीर में निजी निवेश अमन-शांति से रास्ता बना रहा है। घाटी में पाकिस्तान से आतंकवाद के आने के कारण उद्योगों ने अपने दरवाजे बंद कर दिये थे। पर अब जम्मू-कश्मीर उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदनों से भर गया है, जो अब बदलाव की बेहतरी को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पद की शपथ उठाने के बाद जम्मू कश्मीर के सर्वपक्षीय विकास के लिए दृढ़ता से काम किया है।

मोदी ने जम्मू-कश्मीर के विकास को शिखर पर पहुंचाया

तरुण चुघ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में जम्मू-कश्मीर का विशेष स्थान है। वर्तमान समय में जम्मू-कश्मीर का पर्यटकों से गुलजार होना, इसका सेहरा भी प्रधानमंत्री मोदी के सिर पर है, जिसके फलस्वरूप जल्दी ही यह केंद्र शासित प्रदेश जी-20 मीटिंग की मेजबानी करेगा। कश्मीर घाटी में अमन शांति देख कर कोई हैरान नहीं होगा। यह तीन दशकों के बाद होगा जब कोई अंतरराष्ट्रीय भाईचारा एक नए जम्मू-कश्मीर के विकास का गवाह होगा, जो औद्योगिक गतिविधियों से शिखर हासिल कर रहा है तथा मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के स्वागत के लिए तैयार है।

जम्मू-कश्मीर में निजी निवेश अमन-शांति से रास्ता बना रहा है। घाटी में पाकिस्तान से आतंकवाद के आने के कारण उद्योगों ने अपने दरवाजे बंद कर दिये थे। पर अब जम्मू-कश्मीर उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदनों से भर गया है, जो अब बदलाव की बेहतरी को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पद की शपथ उठाने के बाद जम्मू कश्मीर के सर्वपक्षीय विकास के लिए दृढ़ता से काम किया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन को औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं।

बीडीसी और डीडीसी चुनाव में 22 लाख लोग वोट डालने के लिए आगे आये।

इसके अलावा प्रशासन यूटी में 50 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य करवा रहा है। जिला प्रशासन ने पिछले कुछ सालों में यूटी की आर्थिक स्थिति को बदलने में सांझेदार बनने के लिए किसानों, उद्यमियों एवं अन्य को शामिल किया है। जम्मू-कश्मीर अब मिडिल ईस्ट को सब्जियां व फल बेच कर अपनी अर्थ-व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। जम्मू-कश्मीर से खेती उपज की खरीद करने के लिए यूएइ एवं अन्य देशों की बड़ी दिलचस्पी है।

जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ लिया है जो पहले इसका हिस्सा नहीं थे, अब उनके लिए लाखों घर बनाये गए हैं तथा उनके लिए पाखानों की भी व्यवस्था की है। केंद्र की योजनाओं का लाभ देने में नरेंद्र मोदी सरकार लोगों का धर्म नहीं देख रही है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन यूटी के किसानों को बड़े स्तर पर निर्यात संबंधी फायदा दिलवाने के लिए वैज्ञानिक भाईचारे की सहायता ले रहा है, पर नेहरू, अब्दुल्ला, मुफ्ती एवं मोहम्मद युसू तारीगामी के खानदान वर्तमान सकारात्मक तबदीली को बर्दाश्त नहीं कर सकते तथा इसलिए वह कश्मीर घाटी में एक झूठे वृत्तांत की प्रशंसा करते हुए स्वार्थी हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह एक सांझे एजैंडे के साथ अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए एकजुट हो गए हैं तथा चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर आतंकवाद की जकड़ में फंसा रहे।

यह भारत की एकता एवं अखंडता को ठेस लगाने की कोशिश के उद्देश्य के साथ है ताकि उनका राजनीतिक कारोबार बढ़े। केंद्र सरकार इस बात पर अडिग है कि विकास के रास्ते में कोई रुकावट नहीं आने दी जायेगी तथा इस झूठे वृत्तांत का मुकाबला विकास से किया जायेगा। कश्मीर घाटी के सत्ताधारी परिवार के सदस्यों की हकदारी की भावना का मुकाबला यह यकीनी बना कर किया जायेगा कि लोगों की असल लोकतांत्रिक इच्छाएं पूरी हों। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की राजधानी बनायी तथा पत्थरबाजों का समर्थन किया।

अब जब पत्थरबाजों का कारोबार चल रहा है, उक्त ताकतें इस डर से पथराव करने में व्यस्त हुई हैं कि घाटी में जनसंख्या तबदीली होगी। यह एक मनगढ़ंत इरादे से किया जा रहा है। ऐसा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन एक्ट 2019 के उद्देश्य को नकारने के लिए किया जा रहा है। यूटी की महिलाएं जो बाहर विवाह करवाने पर बनते अधिकार से वंचित हो जाती थीं, आखिरकार उनको यह अधिकार वापस कर दिए गए हैं। उनको अब जम्मू-कश्मीर में अपने हलकों में वोट डालने का अधिकार मिलेगा। कई सालों से उनसे विधानसभा चुनाव के लिए वोट का अधिकार छीन लिया गया था पर अब यह अधिकार दिया गया है जो वोटरों के नये जोड़ को दशार्ता है। 370 एवं 35 ए को खत्म करने के बाद, महिलाएं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित कबीले जम्मू-कश्मीर में बराबर सांझेदार बन गए हैं तथा वह अब पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने के साथ-साथ कई केंद्रीय कल्याण स्कीमों का लाभ भी ले सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ लिया है जो पहले इसका हिस्सा नहीं थे, अब उनके लिए लाखों घर बनाये गए हैं तथा उनके लिए पाखानों की भी व्यवस्था की है। केंद्र की योजनाओं का लाभ देने में नरेंद्र मोदी सरकार लोगों का धर्म नहीं देख रही है। वह बिना भेदभाव के देश के हरेक नागरिक को समानता का लाभ देने के लिए वचनबद्ध है, पर जम्मू-कश्मीर में परिवार आधारित राजनीतिक संगठन धर्म का सहारा लेकर झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। इसका मुकाबला करना पड़ेगा। सत्ताधारी राजनीतिक जमात को लोग मुंहतोड़ जवाब देंगे। जो अधिकार छीनने का तर्क देते हैं। बीडीसी तथा डीडीसी चुनाव में 22 लाख लोग वोट डालने के लिए आगे आये। यह जम्मू-कश्मीर में लीडरशिप की नयी फसल के आने का रास्ता आसान करता है। जम्मू-कश्मीर के लोगों की लोकतांत्रिक इच्छाओं को पूरा करने में मदद करेगा।

(लेखक : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

जमशेदपुर पुलिस ने दो अपराधी को किया गिरफ्तार, चार हथियार, 15 गोली बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस को अपराधियों के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। जिला पुलिस कप्तान प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में बीते दिनों पुलिस ने शहर के कई मामलों में फरार अपराधकर्मी कन्या सिंह की गिरफ्तारी के बाद कार्रवाई तेज कर दी। रविवार को सिटी एसपी के विजय शंकर ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह के सहयोगी कन्हैया सिंह के लिए शहर में रंगदारी मांगने वाले दो अपराधियों का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में विकास जायसवाल और प्रभुनाथ जायसवाल शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में चार हथियार एवं 15 गोलियां बरामद कर लिया गया। सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी गोलमुरी के गाढ़ाबासा में कन्हैया सिंह के सहयोगी मौजूद है। एएसपी सिटी शुभांशी जैन के नेतृत्व पुलिस टीम का गठन कर विकास के घर पर छापेमारी की गयी, जहां विकास और प्रभुनाथ जायसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी कन्हैया सिंह के लिए रंगदारी मांगने व वसूलने का काम करता था। फिलहाल दोनो आरोपियों न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

संस्थापक की जयंती पर नेत्र जांच शिविर में 32 नेत्र रोगियों का किया गया ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टाटा समुह के संस्थापक जेएन टाटा की 184वीं जयंती के अवसर पर जेमीपोल के सहयोग से चार दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मानव सेवा की भाव से आयोजित शिविर में राम मनोहर लोहिया नेत्रालय, द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया सेवासंस्थान, राजस्थान सेवा सदन एवं जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 674 वें नेत्र जांच शिविर में 32 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया गया।

इस मौके पर नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने अहम भूमिका निभाई। ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन समाजसेवी एवं रेडक्रॉस के वाइस पेट्र कमल किशोर लड्ढा, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी राकेश मिश्र, चन्द्रमोहन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नेत्र रोगियों की सेवा में किशन अग्रवाल, राजू बिंद, दीपक शर्मा, आशीष कुमार, अशोक कुमार शामिल रहे। सोमवार को मरीजों का चिकित्सीय टीम के द्वारा जांच की जायेगी। इस मौके पर सभी को आवश्यक दवा, चश्मा के साथ आंखों की देखभाल के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी।

रेलवे क्रूलॉबी एवं जुगसलाई में एफओबी साइट का डीआरएम ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत चक्रधरपुर डिवीजन के डीआरएम अरुण सिंह राठौड़ रविवार को जमशेदपुर पहुंचे। श्री राठौड़ अपने स्पेशल सलून से टाटानगर पहुंचे। उन्होंने टाटानगर स्टेशन में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद रेलवे ट्राफिक कॉलोनी के पास बन रहे रनिंग स्टाफ के लिए क्रुलॉबी का निरीक्षण किया। शनिवार को ही उसके छत की ढ़लाई हुई थी, उसका निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने संवेदक को ससमय पर काम पूरा करने निर्देश दिया। इस दौरान रेलवे आईएडब्ल्यू ईस्ट व वेस्ट के अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद का बीएनआर तालाब के पास बसे संजयनगर पहुंचे, जहां रेलवे की अतिक्रमित भूमि का निरीक्षण किया। इसके बाद रेलवे वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियरिंग विभाग के बन रहे भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों का काम मे तेजी लाने भी निर्देश दिये। इसके बाद डीआरएम जुगसलाई रेलवे फाटक के पास फुट ओवर ब्रिज के लिए भी स्थल का भौतिक निरीक्षण भी किया। डीआरएम ने बताया कि कई वर्षों से जुगसलाई के लोगों की मांग रही कि फाटक के पास एक रेलवे पुल का निर्माण करवाया जाये। ब्रिज निर्माण होने के बाद लोगों के समक्ष रेल ट्रैक को पैदल पार करने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। आसपास के लोगों को 700 मीटर चलकर ब्रिज से रेल लाइन का पार करना पड़ता है। अब इसके लिए फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग तेज हो गयी, जिसको लेकर उन्होंने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्थल निरीक्षण पूरा होने के बाद काम भी जल्द ही शुरू हो जायेगा।

गालूडीह में श्याम फाल्गुन महोत्सव में भजनों पर झूमते रहे श्याम प्रेमी

गालूडीह (आजाद सिपाही)। गालूडीह स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में रविवार शाम फाल्गुन महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया. शुरूआत खाटू श्याम जी के पूजन से हुई। इसमें अखंड ज्योति और बाबा के दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही छप्पन भोग भी लगाये गये। इस अवसर पर आयोजित श्याम जागरण में टाटानगर के भजन गायक अनुभव अग्रवाल एवं कोलकाता की भजन गायिका ज्योति खेमका ने देर रात्रि तक श्याम बाबा का गुणगान किया. कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस दौरान कलाकरों ने श्याम बाबा को श्रृंगार मन भावे, खाटू वाले श्याम धनी चस्का एक तेरी यारी काङ्घ अपना तो खाटू वालाङ्घआदि भजनों से पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर कर दिया। श्याम भजनों पर श्याम प्रेमी जमकर झूमे।

जादूगोड़ा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन, कलश यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय

आजाद सिपाही संवाददाता

जादूगोड़ा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार एवं गायत्री शक्तिपीठ गोलपहाड़ी टाटानगर की ओर से रविवार को जादूगोड़ा के कोकदा गांव में श्रद्धा संवर्द्धन पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

इधर गांव के मुखिया कृष्णा मुंडा की ओर से पूरे गांव में कलश यात्रा भ्रमण किया गया, जिससे पूरा गांव भक्तिमय हो गया। इस बाबत आयोजक कपिल शर्मा ने बताया कि मनुष्य में देवत्व की उदय एवं धरती पर स्वर्ग की कल्पना को साकार करने के उद्देश्य से श्रद्धा सम्वर्द्धन पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया. यज्ञ स्थल पर आरती, पुष्प वर्षा के बाद पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, पुंसवन संस्कार, दीक्षा संस्कार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से कुमार शर्मा, जितेन महतो, ग्राम प्रधान गदा धर भक्त, माधुरी भकत सुरेश कुमार, राम मोहन शर्मा, बिरजा गुप्ता, मीरा भकत, पद्मिनी भक्त, दुलाल चंद्र महतो शिव महतो, कपिल देव शर्मा, गोदाधर दास,अशोक दास, हरेन्द्र नाथ कच्छप, मीना देवी, विकास चंद्र भक्त, चितरंजन भक्त एवं महिला मंडली का सहयोग रहा।

महत्वपूर्ण न्यूज

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा का होली मिलन समारोह आज

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा के द्वारा आज सोमवार को स्थानीय टंडवा रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में स्थित शगुन बैंक्विट हॉल के परिसर में संध्या पांच बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल एवं वैश्य समाज के अन्य सदस्यों ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि होली मिलन समारोह का आयोजन संयुक्त वैश्य समाज के पचास से अधिक उप जातियों को एकजुट करना है ताकि आने वाले समय में अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूकता के साथ कदम उठाया जा सके। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर जी होंगे तथा सभी वैश्य उपजाति के लोगों को एकजुटता का संदेश देंगे। प्रदेश अध्यक्ष को गढ़वा वैश्य परिवार की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा तथा संध्या प्रीति भोज के साथ बाहर से आये कालाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रेस वार्ता में सूरज प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार केसरी, उमेश कश्यप, विनोद जायसवाल, अशोक पटवा, सुभाष केसरी, राजकुमार मद्धेशिया, मनीष कुमार गुप्ता, कंचन साहू, महेंद्र प्रसाद, चंदन जायसवाल, राजेंद्र गुप्ता, हीरालाल गुप्ता, सुनील केसरी, अजय लाल, पूनमचंद, मनोज गुप्ता, दामोदर प्रसाद गुप्ता, टिंकू गुप्ता, शुभम केसरी सहित वैश्य समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में सुंडीपुर की टीम ने अटौला की टीम को हराया

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चोका गांव स्थित खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल भी अति आवश्यक है। युवाओं को बढ़ चढ़ कर खेल कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। युवा खेल क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। उद्घाटन मैच सुंडीपुर बनाम अटौला के बीच खेला गया। सुंडीपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 83 रन बनाये। जबकि अटौला की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर कुल 79 रन बनाये। इस प्रकार सुंडीपुर की टीम ने 4 रन से अटौला की टीम को पराजित किया। अंपायर छोटू दुबे व अमित पांडेय थे, जबकि कमेटी के अध्यक्ष पिंटू दुबे स्कोरर के रूप में थे। मौके पर चुनु दुबे, शम्भू पांडेय, विजय दुबे, लाल बिहारी दुबे, जयप्रकाश सोनी, राजेश दुबे, टिंकू दुबे, शशांक शेखर, विनीत कुमार, गुड्डू मेहता, अनूप कुमार सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रतिबंधित पान मसाला लदा पिकअप वाहन जब्त

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार से बीती रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने अवैध रूप से प्रतिबंधित पान मसाला लादकर ले जा रहे एक पिकअप माल वाहन को जब्त किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि बीती रात्रि वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में रंका मुख्य बाजार एनएच 343 पर पुल के पास महिन्द्रा मैजिक वाहन को चेक किया गया। जिसमें 52 पेटी राजश्री पान मसाला, गोल्ड लाईट और 8 पेटी कमला पसंद पान मसाला पाया गया। जिसका विधिवत जब्ती सूची बनाकर वाहन सहित जब्त किया गया है। वाहन का पंजीयन नंबर जेएच 03एक्स 4995 है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

बैठक : रामनवमी को लेकर जनरल कमेटी ने की नयी कार्यसमिति की घोषणा

मुरली श्याम सोनी संयोजक एवं दौलत सोनी बनाये गये अध्यक्ष

बैठक में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। श्रीराम नवमी पूजा महासमिति 'जेनरल' गढ़वा की बैठक संघत मुहल्ला स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गयी। बैठक में सभी के आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी को भव्य एवं दिव्य स्वरूप में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्री राम नवमी पूजा महासमिति 'जेनरल' के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष एवं सचिव सहित सदस्यों तथा विभिन्न पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित सदस्यों की उपस्थिति रही।

2023-2024 के लिए नयी कार्यसमिति की घोषणा की गयी। जिसमें संयोजक मुरली श्याम सोनी, अध्यक्ष दौलत सोनी, महामंत्री आशिष वैद्य, उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, राजकुमार गुप्ता, संजीव दुबे, अंकित दुबे, दीनदयाल पासवान, प्रधान संगठन मंत्री पिंटू कुमार ओला, मंत्री कमल चौबे, मयंक सोनी, राहुल मोदनवाल, रोबिन कश्यप, रामकुमार महतो, शुभम केशरी, शुभम चौबे, चन्दन सोनी, करन कुमार, शिवम कमलापुरी, चन्दन मालाकार, गौतम सोनी, पवन सोनी, सूर्यप्रकाश सिंह। कोषाध्यक्ष रोहित कुमार छोटू, विवेक सिन्हा, मीडिया प्रभारी अंशु कांस्यकार, शुभम केशरी, शुभम गुप्ता, लीगल एडवाइजर आशिष दुबे। कार्यसमिति सदस्य रौनक कमलापुरी, राजू सोनी, रौशन पांडेय, शशिकांत दुबे, गणेश केशरी, रितेश कुशवाहा, कमलेश कुमार, उत्तम कुमार, पंकज विश्वकर्मा, बजरंग कुशवाहा, प्रिंस कांस्यकर, सभी अखाड़ा, सभी पूजा समिति एवं सभी भंडारा के अध्यक्ष एवं सचिव। संरक्षक मण्डल में मिथिलेश ठाकुर (मंत्री, झारखंड सरकार), विष्णु दयाल राम (सांसद), रामचंद्र चन्द्रवंशी (पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक), भानु प्रताप शाही (विधायक-भवनाथपुर), सत्येंद्र नाथ तिवारी, गिरिनाथ सिंह, अलखनाथ पाण्डे, नंद कुमार गुप्ता, राकेश पाल, विनोद कमलापुरी, विनोद जायसवाल, बबलू पटवा, मनीष कमलापुरी, मनीष केशरी, मोहनचंद सोनार, पंकज केशरी, मिलान पहलवान, मुना तिवारी, विजय केशरी, प्रो. उमेश सहाय, गौतम कृष्ण किशोर ब्लू बाबू शामिल हैं।

बैठक की अध्यक्षता मुरली श्याम सोनी ने की। नयी समिति के गठन होते ही पूजा से संबंधित तैयारियां प्रारम्भ कर दी गयीं।

रामनवमी प्रारंभ होते ही पूरे शहर एवं चौक-चौराहे को भगवा ध्वज से पाट दिया जाएगा : अध्यक्ष

अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी पूजा को लेकर गढ़वा शहर के पांच किलोमीटर तक के गांवों में भी अखाड़ा एवं शोभयात्रा निकालने के लिए प्रेरित एवं जनजागरण किया जायेगा। चैत्र नवरात्र के प्रथम तिथि से ही ध्वज स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक विद्वानों के द्वारा पूजन किया जाएगा। रामनवमी प्रारंभ होते ही पूरे शहर को एवं चौक चौराहे को भगवा ध्वज से पाट दिया जाएगा। साथ ही साथ प्रत्येक दिन तैयारी एवं प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

संगीत कला महाविद्यालय में मनाया गया होली मिलन समारोह

कलाकारों ने होली के गीतों से माहौल को रंगमयी बना दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। संगीत कला महाविद्यालय के टंडवा स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को होली मिलन समारोह मनाया गया। इस मौके पर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी गयीं। वहीं होली के गीतों की प्रस्तुति की गई।

मौके पर संगीत कला महाविद्यालय के संचालक एमपी केशरी ने कहा कि होली मन से एक-दूसरे के प्रति द्वेष मिटा कर भाईचारा निभाने का पर्व है। संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी ने कहा कि आज होली का त्यौहार बहुत सारे देश में बहुत ही परम्परा के साथ मनाया जाता है। प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा होली के अनेकों रंग एक साथ मिलकर एकता का संदेश देते हैं। धीरज पूरी ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमें दिल से हर द्वेष भुलाकर दुश्मन को भी गले लगा लिया जाता है। तत्पश्चात सारे कलाकारों ने पारम्परिक भक्ति होली के गीतों माहौल को रंगमयी बना दिया। सर्वप्रथम मनीष मौर्या ने पारंपरिक होली चलले बनवा के ओर अवध से राम रघुराईया, आई गईले फागुन महिनवा हो घरे आजा ये सजनवा सहित नरेंद्र अनमोल, अखिलेश चंद्रवंशी, पूर्णिमा कुमारी, रंजीत किशोर, धर्मेंद्र कुमार पूर्णिमा कुमारी, बसंत गौतम, अनन्या कुमारी, आकाश कुमार, नेहा कुमारी, रुद्रमा किरण, प्रत्युष कुमार, आराधना कुमारी, गरिमा कुमारी, आरुणि कुमारी, रुद्र चौबे, पीहू चौबे, कार्तिक सोनी, केशव राज, कान्हा राज, ब्यूटी कुमारी, रमाश्री पूरी, अनिका पूरी, गुड्डू गदर, बिपुल चौबे ने होली की अनेकों गीत गाकर माहौल को रंगीन कर दिया। इस अवसर पर आनन्द गुप्ता, अभय भवानी, राकेश चौबे, संतोष कुमार, पंकज कुमार सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करें कार्यकर्ता : याज्ञवल्क्य शुक्ल

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल का श्री बंशीधर नगर में हुआ शानदार स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल रविवार को श्री बंशीधर नगर पहुंचे। श्री बंशीधर नगर पहुंचने पर अभाविप के कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों ने यहां भवनाथपुर मोड़ पर गर्मजोशी के साथ शानदार स्वागत किया तथा फूल मालाओं से लाद दिया। साथ ही जमकर नारेबाजी की। स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा यहां अनिकेत पैलेस में श्री शुक्ल के लिये अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अपनी यात्रा का जिक्र करते हुये श्री शुक्ल ने कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं का मनोबल शुरू से ही हिमालय के समान अडिग और दृढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी धरती ने मुझे सदैव समाज पर युवाओं के लिये संघर्ष करने के लिये प्रेरित किया है। श्री शुक्ल ने कहा कि भारत 54% युवाओं का देश है। देश की सबसे बड़ी युवा जन समूह की ऊर्जा भारत के नवनिर्माण में सही दिशा में लगे, इस उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय कैंपस से समाज के प्रत्येक समूह तक युवाओं में राष्ट्र की भावना की प्रेरणा जागरूक हो इस दिशा में निरंतर कार्य करते हैं। इसी का परिणाम है कि अभावि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अपील की।

मौके पर बैजनाथ तिवारी, वीरेंद्र चौबे, धीरेंद्र चौबे, विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रो0 प्रशांत सहाय राकेश विश्वकर्मा, विभाग प्रमुख सत्यदेव पांडेय, विभाग संगठन मंत्री रत्नेश, मंजूल शुक्ल, निशांत, बालमुकुंद दुबे, भगवान तिवारी, रवींद्र चौबे, प्रशांत चौबे, लाला पासवान, अभिषेक चौबे, पीयूष चौबे, शिवम चौबे, जितेंद्र विद्यार्थी, विक्की रौशन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

याज्ञवल्क्य शुक्ल ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल रविवार को श्री बंशीधर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। दर्शन पूजन के दौरान उन्होंने देश में अमन चैन एवं खुशहाली के लिये श्री बंशीधर जी से प्रार्थना की। पूजा अर्चना के दौरान श्री बंशीधर सूर्य मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव एवं धीरेंद्र चौबे ने श्री शुक्ल को श्री बंशीधर की तस्वीर भेंटकर एवं चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे। उसके पश्चात चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने याज्ञवल्क्य शुक्ल का स्वागत किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने रविवार को याज्ञवल्क्य शुक्ल का कार्यालय में स्वागत किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने श्री शुक्ल को बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने चेंबर के पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए श्री बंशीधर नगर के बेहतरी के लिये हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, उमेश कुमार, रंजन कुमार छोटू, मिक्की जायसवाल, विद्याभाष्कर उर्फ छोटू, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू मौजूद थे।

फुटबॉल रेफरी का फिटनेस टेस्ट 7 मार्च को

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड रेफरी बोर्ड के निर्देशानुसार गढ़वा में 7 मार्च मंगलवार को रामा साहू स्टेडियम में प्रातः 9:00 से रेफरी फिटनेस टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। टेस्ट में गढ़वा, पलामू एवं लातेहार के फुटबॉल प्रेमी पूर्व खिलाड़ी भाग लेंगे। इस टेस्ट में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों की अधिकतम उम्र 40 वर्ष है। सभी प्रतिभागियों को मैट्रिक के प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित है और दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। फिटनेस टेस्ट गढ़वा जिला फुटबॉल संघ की देखरेख में संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए झारखंड रेफरी बोर्ड से एक ऑब्जर्वर की देखरेख में यह टेस्ट होगा। टेस्ट में जो सफल होंगे वह 12 मार्च 2023 को जमशेदपुर में लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन के लिए सुशील कुमार तिवारी को प्रभारी बनाया गया है। उक्त जानकारी गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने दी।

जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने खजुरी ग्राम में बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच होली की सामग्री बांटी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा मेराल प्रखंड स्थित खजुरी ग्राम के छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों और ग्रामीणों के बीच होली के शुभ अवसर पर रंग, पिचकारी, अबीर गुलाल, टॉफी एवं बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। होली सौहार्द का पर्व है। इस मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन ब्रांच 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने कहा कि सभी लोगों को होली मिल-जुलकर मनाना चाहिए। यदि साल भर में कभी किसी से मनमुटाव या दुख तकलीफ हो तो उसको भी भुलाकर सबको गले लगाना चाहिए। जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन ब्रांच 8 के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी ने कहा कि होली सौहार्दपूर्वक मनाना चाहिए। किसी को जबरदस्ती रंग नहीं लगायें एवं होली में केमिकल वाला रंग, मोबिल, कीचड़ आदि से बचना चाहिये तथा बढ़िया किस्म का रंग अबीर से होली खेलना चाहिए। जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन ब्रान्च 8 के सचिव नंदकुमार गुप्ता ने कहा कि अति पिछड़ी एवं गरीब इलाकों में बच्चों के बीच होली की सामग्री बांटकर होली मनाने का आनंद अद्भुत है। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं प्रायोजक जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के पूर्व वित्त निदेशक मंदीप प्रसाद ने कहा कि हमलोगों को वंचित समाज के बच्चों के बीच होली सामग्री बांटकर काफी खुशी हो रही है। मौके पर यूनिट 2 के यूनिट के निदेशक मनोज केशरी, जायन्ट्स के पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, विजय केशरी, नंद कुमार गुप्ता, बिनोद गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, चंद्रभूषण सिन्हा, मनोज केशरी एलआईसी, रविंद्र केशरी आदि उपस्थित थे

कार्यक्रम : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का होली मिलन समारोह आयोजित, वक्ताओं ने कहा

अहंकार पर प्रेम की जीत का प्रतीक है होली

समारोह में हजारों की संख्या में एकत्रित स्वजातीय लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपस में प्रेम एवं स्नेह बांटा

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के बैनर तले टंडवा मुहल्ला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी गुप्ता, प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू तथा गढ़वा जिला राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर लातेहार से लाल मुनी गुप्ता, चतरा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही, लातेहार से प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन प्रसाद, भवनाथपुर विधानसभा युवा नेता दीपक साहू, चतरा से प्रीतम साहू भी इस होली मिलन समारोह में शामिल होकर अपने स्वजातीय बंधुओं को अपने विचार से अवगत कराया।

होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के सभी स्वजाति के लोग हजारों की संख्या में एकत्रित हुए और सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपस में प्रेम स्नेह बांटा। इस मौके पर महिलाओं सहित नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी मिलन समारोह में शामिल होकर खूब मस्ती की। वहीं होली मिलन समारोह के मौके पर राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुनील साहू ने अपने स्वजातीय तेली साहू महा संगठन परिवार को होली के मौके पर एकत्रित होकर सपरिवार इस आयोजन को संपन्न कराने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आज हमारे समाज के लोग जिस तरह बिखरे हुए हैं। हमें अपने समाज को एक मोती की माला की तरह एक धागे में पिरो कर कीमती माला रूपी अपना समाज का विकास करना है। समाज के सभी लोग एक साथ मिलकर समाज में हो रहे अच्छाई एवं बुराइयों को समझते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा कार्य करें तभी हमारे समाज की उन्नति हो सकती है। हम उस समाज के वंशज हैं, जो कभी बिखरता नहीं था। हम भामाशाह के वंशज हैं। हमारा समाज पहले भी कोई मतभेद नहीं रखता था और आज भी मतभेद नहीं रखेगा ऐसा हमें इस समारोह में संकल्प के साथ आगे निरंतर कार्य करना होगा।

वहीं प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि आज हमें बिखरने की जरूरत नहीं अपने समाज को निखारने की जरूरत है। आज हम एक नये युग में अपना जीवन यापन कर रहे हैं नयी टेक्निक नयी सुविधा नयी पीढ़ी के लोग हमारे समाज को अग्रसर कर नयी दिशा में आगे बढ़ायें ऐसा हमें आप सबसे भरोसा एवं विश्वास है।

राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के गढ़वा जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि आज जो यह होली मिलन समारोह का आयोजन तेली साहू महा संगठन के द्वारा कराने का सौभाग्य मिला है मैं निरंतर अपने समाज के लोगों को एक अच्छी ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करूंगा। आज जिस उम्मीद जिस विश्वास के साथ मैंने यह कार्यक्रम को रखा लोगों ने अपना भारी कीमती समय देकर सपरिवार इस कार्यक्रम को सफल बनाया, इसके लिए मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं।

मौके पर नाखून साहू, राजेश रंजन साहू, विकास स्वदेशी, राजेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, दीपक गुप्ता, मनोज गुप्ता, जिला प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संत कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता, विवेक गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि हजारों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

गायत्री शक्तिपीठ में प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन विराट दीप यज्ञ का हुआ आयोजन

मंदिर परिसर में हवन करने एवं परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। मझिआंव नगर पंचायत के चन्द्री में स्थित गायत्री शक्तिपीठ में माता गायत्री, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती एवं माता वैष्णो देवी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही चौथे दिन मंदिर परिसर में हवन करने एवं परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान देर शाम विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में नीरज कुमार कमलापुरी एवं उनकी पत्नी सोनम कमलापुरी,चंदन कमलापुरी व पत्नी आरती कमलापुरी, अनिल कमलापुरी व पत्नी प्रमिला कमलापुरी, बंशी प्रसाद व पत्नी संतोषी देवी, तथा सपत्निक बिरेन्द्र साव उर्फ मुसन साव द्वारा पूजा अर्चना किया गया। जबकि शान्तिकुंज हरिद्वार से आये आचार्य रमेश देहरिया एवं गोपाल मालवीय द्वारा कर्मकांड सम्पन्न कराया गया इसके पूर्व रमेश देहरिया द्वारा प्रज्ञा पुराण की कथा श्रद्धालुओ के बीच कही गई इस दौरान मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में आये स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, मंदिर के भूमि दान दाता मुखलाल विश्वकर्मा, पलामू के उंटारी रोड के जीप सदस्य अरबिंद सिंह ,गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद कुमार पाठक,महिला मंडल के जिला संयोजक शोभा पाठक, जिला के मुख्य ट्रस्टी संजय सोनी,आलोक दुबे ,लक्ष्मी पाठक, लालसु राम, अनिता देवी, रामनरेश प्रसाद,अच्युतानंद तिवारी आदि ट्रस्टी ,युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी तथा निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी को महायज्ञ कमिटी के अध्यक्ष शिक्षक शिवप्रसाद ,प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह,कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया एवं सचिव धर्मशीला देवी आदि पदाधिकारियों द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर मंच मंच पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद पाठक ने 108कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे मझिआंव, गढ़वा, बरडीहा, नगर उंटारी,बिसुनपुरा सहित अन्य प्रखंडों से मझिआंव में आये गायत्री परिजनों को बधाई का पात्र बताया और अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा लगभग(130देशों में) पूरे विश्व में युग परिवर्तन के लिए चलाये जा रहे अभियान की विस्तृत चर्चा की गई साथ ही गढ़वा जिले के द्वापर कालीन इतिहास एवं पांडवों द्वारा बिताए गए अज्ञातवास के बारे में लोगों को अवगत कराया गया तथा गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य के युग परिवर्तन एवं धरती पर ही स्वर्ग जैसा वातावरण बनाने के अभियान की विस्तृत चर्चा की गई इस दौरान दीप यज्ञ में आस पास के दर्जनों गांव के श्रद्धालु उपस्थित हुए।

किस्को के डटमा में वन अग्नि सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

वनों की कटाई न कर इसे संरक्षित करने में लोग आगे आयें: डीएफओ

वन हमारे जीवन के लिए प्रकृति का अनमोल उपहार : डीएफओ

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। वन प्रमंडल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के आदेशानुसार लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के डटमा में वन विभाग की ओर से वन अग्नि सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, रेंजर अरूण कुमार, वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष प्रकाश नायक के द्वारा सखुआ के पेड़ पर रक्षा सूत्र बांधकर किया गया। इससे पूर्व डटमा ग्राम के पाहन जितबाहन भगत एवं पुजार विश्राम उरांव के द्वारा सतघंडी पतरा में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम को शुरूआत कराया गया। कार्यक्रम के उपरांत डीएफओ अरविंद कुमार एवं रेंजर अरूण कुमार व अन्य अतिथियों का स्वागत झारखंडी रीति रिवाज के साथ किया गया। गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर वनों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।डीएफओ अरविंद कुमार ने कहा कि वन हमारे जीवन का सबसे बड़ा जीवनदाता है। इसे बचाने में सभी को एकजुटता दिखाते हुए वनों की कटाई की रोकथाम हेतु प्रतिज्ञा लेकर संरक्षित करने की आवश्यकता है ताकि वनों की कटाई पर रोक लगाया जा सके एवं जनता व पशु पक्षियों के लिए लाभदायक साबित हो सके। लोग महुआ के फल को चुनने के लिए जंगल में बेवजह आग लगा देते हैं जिससे वनप्राणियों के अलावा मनुष्यों को एवं पर्यावरण को काफी हानि पहुंचाता है। उन्होंने वनों की कटाई नहीं करने और इसकी रोकथाम हेतु प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि लोग वन को संरक्षित करें ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। वन अग्नि से जंगल में लगने वाले आग से छोटे पौधे पूर्णतः मर जाते हैं जिससे जंगल के विकास को काफी नुकसान होता है। साथ ही छोटे वनप्राणी एवं सूक्ष्मजीव आग से जलकर मर जाते हैं। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पेड़ों से गिरे पत्ते सूखे घास सभी मर जाते हैं जिससे प्राकृतिक खाद्य नहीं बन पाता है। वहीं बार-बार आग लगने से जंगल की मिट्टी पक जाती है और उसमें नये पौधे के उगने में दिक्कत होती है। डीएफओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगल में अनावश्यक आग न लगायें बल्कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करें ताकि आपके और आने वाले वंशजों का भविष्य सुखद हो सके। मौके पर फोरेस्टर जया उरांव, वनरक्षी महाबीर उरांव, रमेश भगत, संदीप राम, प्रकाश नायक, नरेंद्र नायक, कुलदीप नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

किस्को प्रखंड के डटमा में आयोजित वन रक्षा बंधन कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएफओ अरविंद कुमार रेंजर अरूण कुमार के अलावा फोरेस्टर जया उरांव, वनरक्षी महाबीर उरांव, रमेश भगत, संदीप राम, प्रकाश नायक, नरेंद्र नायक, कुलदीप नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

हाइटेंशन टावर कटिंग से हो रही है पुलिस बेखबर

टावर हवा के झोंके से जमीन पर गिर पड़ा

हाईटेंशन में लगे हुए तार के झटके से एक सीमेंट लदा ट्रैक्टर गड्ढे में जा गिरा था और ट्रैक्टर छतिग्रस्त हो गया

मुकेश कुमार सिंह

चंदवा। चंदवा प्रखंड में हाईटेंशन टावर कि कटाई चोरों के द्वारा लगभग पचास से ऊपर कि गयी है। गत रात्रि को चंदवा मैक्लुस्कीगंज सड़क से सटे दूबी ग्राम के पास चोरों के द्वारा हाईटेंशन टावर कि कटिंग की गयी जिसमें देखा गया कि टावर की कटिंग पूरी तरह नहीं की गयी थी। परंतु टावर के नीचे से दो पाया कि कटिंग की गयी थी। आज सुबह पूरी तरह टावर हवा की झोंका से जमीन पर गिर पड़ा। जिससे सड़क जाम हो गया। हाईटेंशन में लगे हुए तार के झटके से एक सीमेंट लदा ट्रैक्टर गड्ढे में जा गिरा था और ट्रैक्टर छतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर मालिक पप्पू कुमार एकमहुआ का रहने वाला है वही हाईटेंशन टावर गिरने से लगे तार के रहने से चंदवा मैक्लुस्कीगंज पथ जाम हो गया। उसके बाद दोनों तरफ बड़ी-बड़ी गाड़ियां खड़ी हो गई। घण्टो सड़क भी जाम हो गयी थी। इसकी सूचना चंदवा थाना प्रभारी अमित गुप्ता को दी गयी अमित गुप्ता के द्वारा केइसी कम्पनी के लोगो से बात कर सड़क को परिचालन कराया। इधर पिछले पांच साल से देखा जा रहा है। कि चंदवा प्रखंड के क्षेत्रों में हाईटेंशन टावर की कटिंग लगातार की जा रही है परंतु पुलिस चोर पर लगाम लगाने के लिए मजबूर दिखाई दे रही है अब पुलिस यह भी कह रही है कि यह चोरी रुकने वाली नहीं है यह होती ही रहेगी हाईटेंशन टावर लगाने वाली के ई सी कंपनी भी अब मान चुकी है। कि जितने भी हमारे द्वारा टावर लगाया गया है जिसमें बिजली अभी तक सप्लाई नहीं हो सकी है उन सभी को छोड़ ही देना होगा। हाईटेंशन तार और टावर के कटिंग से बड़े-बड़े लोग अवैध कमाई का जरिया बना लिए है जिसमें पुलिस भी शामिल होता प्रतीत होता है क्योंकि लगातार सूचना मिलने के बावजूद भी यदा-कदा चोर को पकड़ कर पुलिस जेल तो भेज देती है परंतु टावर की कटिंग को पूरी तरह बंद नहीं कर पाई है जिससे कबाड़ी दुकान वाले भी बड़े पैमाने पर फल फूल रहे हैं और लगातार खबर अखबार में छपने के बावजूद भी अंकुश नहीं लगती है। विकास के नाम पर सरकार करोड़ों रुपए तो लगाती है परंतु पुलिस और चोर के खेल में विकास आसमान ही देखता रह जाता है। और कई लोग मालामाल हो गये है।

होली मिलन समारोह का आयोजन

सेन्हा/लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड स्थित सती मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समित की हुई बैठक। बैठक में संगठन विस्तार एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो महामंत्री अजय साहू जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव सह-कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का विस्तार किया गया। संरक्षक-पाहन चमरू उरांव, किनेश महतो, अध्यक्ष आनंद कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार महतो, महामंत्री सचिन कुमार, उपाध्यक्ष लछु उरांव, शुभम साहू, पिंटू महतो, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, संगठन मंत्री अभिषेक प्रसाद, बल्कू उरांव, धनंजय राम, चंद्रदीपक महतो, मनीष कुमार, कृष्णा पाठक, मीडिया प्रभारी विकास पाठक को बनाया गया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा होली का पर्व एक दूसरे को मिलाने का काम करती है जिससे दूरियां मिटती है आगे कहा होली का पर्व धूमधाम से मनाएं परंतु नशा से दूर रहें। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने नई प्रखंड कमेटी के साथ-साथ होली पर्व की ढेर सारी बधाई दी। मौके पर रवि कुमार महतो,सत्यम कुमार, पंकज कुमार महतो, अकाश कुमार, निलेश कुमार ,दिवाकर कुमार, संदीप महतो, राहुल कुमार, हर्ष राज पाठक, प्रिंस कुमार, गौतम महतो, श्रवण साहू, मुकेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

महिला दिवस पर साइकिल रैली निकाली

लातेहार। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज दिन रविवार को युवतियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से साइकिल रैली निकाली गयी। उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर साइकिल रैली को रवाना किया। साइकिल रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर कारगिल पार्क में समाप्त हुई। स्वास्थ्य महिला स्वास्थ्य भारत थीम पर आधारित इस साइकिल रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने युवतियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, एसडीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लांग एवं अन्य उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

बरवाडीह। बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य सड़क पर स्थित कुल्हि नाला के पास रविवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार असंतुलित होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ जुबेर अहमद ने गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार केचकी निवासी 45 वर्षीय नारायण सिंह अपने बाइक से छेचा अपने ससुराल से घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। उधर घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि प्रेम कु सिंह उर्फ पिंटू भी अस्पताल पहुंचे और अपनी देखरेख में इलाज करवाया वही मोके पर ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू, एम्बुलेंस चालक दीपक सिंह एएनएम मौजूद रही।

होली और शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ। लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के दिशा निर्देश पर होली और शबे बारात को लेकर बालूमाथ थाना परिसर मे बालूमाथ एसडीओ की अध्यक्षता में बालूमाथ थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक की गयी। इस शांति समिति की बैठक में दोनों समुदायों के सैकड़ो लोगों ने भाग लिया और सभी ने कहा कि होली और शबे बारात का पर्व दोनो मिलजुल कर मनाएंगे। वही बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार, सीओ मो. अफताब आलम, पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा, मो. इमरान, भुनेस्वर साव, श्यामसुंदर यादव ने कहा कि जिस तरह हमारे बालूमाथ प्रखंड में सभी धर्म का के लोग है और हम सब मिलकर इस दोनो समुदाय के लोग पर्व को मनायेंगे। और सभी लोगो से आग्रह किया गया कि कोई ऐसा काम न हो जिससे जिला और प्रदेश में गलत मैसेज चला जाए इसलिए सभी शांति से इस पर्व को लोग मनायेंगे। बैठक मे सभी लोगो ने एक स्वर से सभी तरह के शराब,दारू हड़िया को पूर्ण रुप से रोक लगाने की मांग बालूमाथ थाना पुलिस पदाधिकारी से किया है। इस बैठक में एसडीओ, एसडीपीओ अजित कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा, इंस्पेक्टर शशि रंजन, कुंदन कुमार, धीरज कुमार, कुबेर साव, कैलाश बाड़ा, सीओ अफताब आलम, मुखिया नरेश लोहरा, प्रदीप यादव, मोतिरह्मान, मो जुबैर, मो आमीर हयात, ऐश्वर्य उरांव, सोहराय भगत, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रवि रजक, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भुनेश्वर साव, शैलेश सिंह, पूर्व लातेहार जिप राजेन्द्र साहु, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिन्हा, मुरपा से डां रोहण गोप, जावेद अख्तर, पत्रकार संतोष सिन्हा, सुरेन्द्र गुप्ता, परमेश पांडेय सहित बालूमाथ, सेरेगड़ा, मुरपा, मासियातु, झाबर, चेताग, बसिया, के सैकड़ों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

मुकाबले में पुलिस इलेवन की जीत

लोहरदगा। जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को समाहरणालय मैदान में पत्रकार और पुलिस के बीच क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मुकाबले से पुलिस कप्तान आर रामकुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार, एएसपी अभियान दीपक पांडेय, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद पहुंचकर दोनों पक्षों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रशासन इलेवन बनाम प्रेस इलेवन के बीच खेले गए सद्भावना क्रिकेट मैच 15-15 ओवरों के खेले गये। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला प्रेस इलेवन की टीम ने किया। निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 100 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सबसे ज्यादा रोहित ने 47 जयजीत ने 22 तथा आकाश ने नाबाद 15 रन बनाये। जबकि प्रशासन इलेवन की टीम के तरफ से गेंदबाजी करते हुए एसपी सह कप्तान आर रामकुमार ने 1 विकेट, रघुवंश ने 1 विकेट तथा आईलेक्स ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन इलेवन की टीम ने 12 ओवर 4 बॉल में 4 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए।

हाथियों से लोगों में दहशत

भंडरा/लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र में पुनः हाथियों के आहट से लोगों में दहशत व्याप्त है। जानकारी के अनुसार डुमरी गांव में दो जंगली हाथियों ने सुबह तीन बजे सुकरा उरांव के घर को तोड़ अनाज चट कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार डुमरी में फसलों को रौंदते हुए हाथी पझरी, हाटी, कसपुर लड़ाईटंगरा होते हुए कुम्हरिया बगुला पतरा में डेरा जमा लिया। रविवार को दिनभर दोनों हाथियों के पतरा में होने की सूचना है। सूचना मिलने पर वन विभाग के लोग भी बगुला पतरा पहुंच गये हैं। बताया जा रहा है कि पतरा घना होने के कारण हाथी नजर नहीं आ रहा है। कुछ लोगों द्वारा हाथियों को देखे जाने की बात की जा रही है। फिलहाल भयभीत ग्रामीण पतरा के समीप जाने का हिम्मत भी नहीं उठा पा रहे हैं। बता दें कि सप्ताह भर पूर्व ही एक गुसैल हाथी ने कसपुर लड़ाई टंगरा में चार लोगों को कुचल कर जान ले ली थी। इससे लोगों में दहशत व्याप्त है।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

लोहरदगा। होली और शब ए बारात त्योहार को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अगुवाई एसडीओ ने की। इस मौके पर सभी लोगो को एक दूसरे के साथ मिलकर त्योहार मनाने की अपील की गयी। होली में किसी भी तरह का हुडदंग नहीं हो इसके लिए सख्त हिदायत दी गयी। एसडीओ ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है वही शब ए बारात इबादत का त्योहार है। इस मौके पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, थाना प्रभारी अनिल उरांव, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, एएसआई टीनू साव, सुकु सोरेन, सफदर आलम, अजय पंकज, राजीव रंजन, सज्जाद अंसारी, दीपक सर्राफ, नेहाल कुरैशी, मुजम्मिल अंसारी, राजेंद्र वर्मा, बृज बिहारी प्रसाद, परमेश्वर साहू, लक्ष्मी नारायण, सरवर अंसारी, फारुख कुरेशी, सुधीर अग्रवाल, उदय कुमार, विनोद राय, प्रदीप राणा, यशोदा उराव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील

कैरो/लोहरदगा। आगामी त्यौहार सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कैरो थाना पुलिस द्वारा पंचायत स्तर पर ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगों को आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मानाने का आपली किया जा रहा है। इस दौरान बैठक कर पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मानाने आपसी गिले-शिकवे को भुलाकर एक दूसरे की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मिलजुल कर पर्व त्यौहार मानाने की अपील किया जा रहा है। इसी क्रम मे रविवार को थाना क्षेत्र के हनहट गांव मे थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, सब इंस्पेक्टर हरिऔध करमाली, ऋषिकांत कुमार शर्मा ने ग्रामीनो के साथ बैठक कर पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मनाने पर विचार विमर्श कर होलिका दहन स्थल का सत्यपन करते हुए सुरक्षित तरीके से होलिका दहन करने की बात कही गयी। मौके पर थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा की शांति व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर पुलिस प्रशासन सदैव ही तत्पर है खासकर पर्व त्योहार के मौके पर सोशल मीडिया के द्वारा जो अफवाहें फैलाई जाती हैं उन अफवाहों से हमें बचने की जरूरत है अफवाह फैलाने वालों पर निश्चिंत कार्यवाई किया जायेगा।

घर से बाइक की चोरी, मामला दर्ज

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार पाखन टोली निवासी स्वर्गीय मोहन भगत के पुत्र आनंद भगत ने बाइक चोरी की घटना को लेकर सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान से कहा कि शनिवार देर रात अज्ञात चोरो ने मेरे घर के आंगन में खड़ी बाइक डी एल 3 एस डी एल 7142 को चुरा ले गया। साथ ही बताया कि घटना की जानकारी रविवार सुबह जगने के बाद हुआ जब सुबह उठ कर देखे तोआंगन में खड़ी बाइक नहीं दिखा तो आसपास में छानबीन कर पूछ ताछ करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला तब अज्ञात चोरों द्वारा बाइक को चोरी कर लेने की जानकारी हुई।

बारेसांढ़ थाना में शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गारू। प्रखंड के बारेसांढ़ थाना परिसर में रंगो का त्यौहार होली एवं शब ए बरात को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने की। जिसमे सभी धर्म समुदाय के गणमान्य एवं प्रबुद्ध गण सामिल हुए। इस दौरान थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगो से अपील करते हुए कहा कि होली और शब-ए-बारात के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया है जिसमे स्थानीय लोगों के साथ बैठक में दोनों त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से भी थानेदारों को अवगत कराया। बैठक में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव ने सभी लोगों से सरकार के गाइडलाइन के तहत होली मनाने की अपील की। शांति समिति की बैठक में होली के दौरान किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग नहीं लगाने की अपील की गई। साथ ही उत्पात मचाने वालों से भी पुलिस सख्ती से निपटेगी। इसके साथ ही शब-ए-बारात के मौके पर लोगों से मस्जिद में ही रात में इबादत करने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि लोगों से किसी भी हाल में कानून व्यवस्था भंग नहीं हो इसका ख्याल रखने की जरूरत है।

स्वयंसेवक की हत्या के विरोध में मनिका में शव के साथ ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

जामकर्ताओं के साथ विधायक की तीखी नोंक झोंक

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका। लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र एनएच 39 मटलौंग मोड़ समीप ग्रामीणों, परिजनों व भीम आर्मी के द्वारा स्वयंसेवक सह समाजिक कार्यकर्ता अशोक राम की हत्या के विरोध मे रविवार दिन को शव के साथ सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे भीम आर्मी के लोग हत्यारो की जल्द गिरफ्तारी की भी मांग कर रहे थे। मृतक की पत्नी अंती देवी ने बताया की शनिवार देर रात्रि 8 बजे अशोक राम घर से यह कह कर निकले की वे जुंगुर जा रहे हैं। वे सुबह तक घर नहीं लौटे। रविवार की सुबह परिजनों को पता चला कि सतबरवा थाना क्षेत्र के भलवही गांव के समीप अशोक राम का शव पड़ा हुआ है अशोक राम के शरीर में कई जगहों पर चोट के निशान भी थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि अशोक राम की हत्या की गयी है। इधर स्वयंसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या की सूचना पाकर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी जामस्थल पर पहुंच कर परिजनो से मिलकर हत्यारो की जल्द गिरफ्तारी की बात कहते हुए सड़क जाम न करने की अपील किया। इस बात को लेकर सड़क जाम कर रहे भीम आर्मी के लोगो के साथ विधायक की तीखी नोक झोंक हो गयी। विधायक ने जामकर्ताओ को सख्त लहजो में कहा की मनिका मे बाहरी लोग आकर लाश पर राजनितिक न करे। हमारे क्षेत्र मे क्राइम करने वाले अपराधी कभी बच कर नहीं निकल सकते। शव के साथ सड़क जाम कर रहे भीम आर्मी के नेता लातेहार और चंदवा थाना क्षेत्र से आकर विधायक रामचंद्र सिंह के साथ तीखी नोक झोंक कर रहे थे। सड़क जाम कर रहे लोग विधायक रामचंद्र सिंह से हत्यारो की कब तक गिरफ्तारी होगी इसकी लिखित आश्वासन मांग रहे थे। विधायक द्वारा लिखित आश्वासन नहीं दिये जाने से जामकर्ता विधायक के विरूद्ध भी नारेबाजी करने लगे व जाम स्थल पर ही डटे रहे। सड़क जाम करने को लेकर नाराज विधायक व जामकर्ताओं के बीच कई मर्तबा गरमागर्म बहस देखने को मिला।

किसानों की सिंचाई मशीन की चोरी

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा जागीर बगीचा के समीप बारी से देर रात दो एचपी का सिचाई मशीन चोरी होने की सूचना सेन्हा थाना को देते हुए किसान संदीप महतो ने बताया कि देर शाम तक सिचाई मशीन बारी स्थित कुंआ में लगा हुआ था। वहीं रविवार को खेत सिचाई के लिए पहुंचा तो सेक्सन पाइप एवं बिजली तार कटा हुआ था। तभी कुआं में झांक कर देखा तो मशीन गायब था। जिसको लेकर अपने स्तर से काफी पता लगाने का प्रयास किया लेकिन सिचाई मशीन के बारे में कही कोई जानकारी नहीं मिला। घटना को लेकर किसान संदीप महतो के बारी पहुंचने पर पता चला कि सेन्हा उरांव मुहल्ला निवासी सीटू उरांव का भी सिचाई मशीन का चोरी हुआ है। संदीप महतो ने बताया कि सेन्हा थाना में रविवार को आवेदन देते हुए चोरी घटना से अवगत कराते अज्ञात चोर के विरुद्ध कारवाई करने का मांग किया गया है। वहीं चोरी घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक

बरवाडीह। जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक बीडीओ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होली और शब-ए-बरात मनाने को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने पर चर्चा की गयी। जिसमे हम सभी आपसी सद्भाव और भाईचारे बनाये रखते हुई आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनारे। उन्होंने कहा कि पर्व मनाने के दौरान किसी भी तरीके से एक दूसरे के धर्म को नुकसान नहीं पहुंचाने का प्रयास किया करे। वही थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व आपसी भाई चारगी का पर्व है। सभी समुदाय के लोगों को मिलकर मनाना है। ताकि प्रखंड में आपासी भाई चारगी का संदेश दुसरे जगह पर लोगों को मिले। थाना प्रभारी ने लोगों को सख्त निर्देश दिया है। कि होली पर्व में शराब कि सेवन ना करें। बैठक के बाद सभी शांति समिति के सदस्यों ने पुलिस अधिकारी द्वारा माथे में अबीर गुलाल लगाकर होली त्यौहार की बधाई दी। शांति समिति की बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अब्दुल मनान अंसारी, प्रेमकुमार अघुरा, इश्वरी सिंह, इकबाल सिंह, मंसूर आलम, करतार सिंह, सुबोध कुमार, ननदेव सिंह, राकेश अग्रवाल, समेत शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

गुमला जिला मीडिया कप-2023 पर अंजनीपुत्र ने जमाया कब्जा

अनुशासित टीम पंपापुर रही एवं मैन ऑफ दी सीरीज दुर्जय पासवान रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला प्रेस एसोसिएशन व खेल विभाग गुमला द्वारा शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में आयोजित तीन दिवसीय मीडिया कप-2023 के खिताब पर अंजनी पुत्र गुमला की टीम ने कब्जा जमाया। टॉस जीतकर अंजनी पुत्र ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। टांगीनाथ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 10 विकेट खोकर 66 रन बनाये। जिसमें खुर्शीद ने सर्वाधिक 23 रन व मनोज कुमार ने 10 रन बनाये। बाकी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। अंजनी पुत्र की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपक वर्मा, मुकेश सोनी व भोला चौधरी ने तीन-तीन ओवर बॉलिंग कर दो-दो विकेट लिये। जबकि दुर्जय पासवान ने एक विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी अंजनीपुत्र की टीम ने नौ ओवर में चार विकेट खोकर 67 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसमें अखिलेश राम ने 18, उपेश पांडे ने 15 व दुर्जय पासवान ने 10 रन बनाये। फाइनल मैच के मैन ऑफ दी मैच दुर्जय पासवान रहे, जबकि इससे पहले खेले गये मैच में उपेश पांडे, खुर्शीद आलम, अजीत साहू मैन ऑफ दी मैच रहे। बेस्ट बॉलर दीपक वर्मा रहे। वहीं बेस्ट कैच मनोज कुमार व अनुशासित टीम पंपापुर रही, जबकि मैन ऑफ दी सीरीज दुर्जय पासवान रहे। श्री पासवान ने तीन मैचों में सर्वाधिक 56 रन व छह विकेट लिये. अंपायर की भूमिका में यमुना झा, सोनू व स्कोरर ज्ञान साहू, आयुष राज, राहुल कुमार, आकाश पुरी, आनंद कुमार थे।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि नगर परिषद के उपाध्यक्ष मो कलीम अख्तर, जिला परिषद की उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, वार्ड पार्षद शैल मिश्रा, समाज सेवी द्वारिका मिश्रा व जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेंद्र सिंह थे। अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक खेल विभाग गुमला, अंकित बजाज शोरूम के संचालक राधामोहन साहू, सांसद सुदर्शन भगत, चेंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, युवा नेता मिशिर कुजूर, सुमित साबू चीनू, पंकज सिंह, मनोज सिंह, राजेश सिंह, वार्ड पार्षद शैल मिश्रा, समाज सेवी दीपक गुप्ता, सुबोध प्रसाद थे।

होली मिलन समारोह मनाया : फाइनल मैच के बाद पत्रकारों ने होली मिलन समारोह मनाया. जिसमें खान पान हुआ। इसके बाद अबीर लगाकर पत्रकारों ने खुशियां मनायी।

मामा-भगिना को गोली मारकर हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ में घर में घुसकर मामा-भगिना को गोली मारकर हत्या के प्रयास मामले में एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल यह घटना शुक्रवार की देर रात लगभग 9 बजे अंजाम दी गयी थी और अपराधी मौके से फरार हो गये थे। चैनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोली मारने वाले एक अपराधी बरवेनगर निवासी अजबुल मियां उर्फ आजो पिता सुल्तान मियां को गिरफ्तार करते हुए मामले का खुलासा कर दिया है। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि जख्मी इबरार खान का आरोपी अजमल मियां के साथ पहले से ईंटा बनाने एवं दोनों का खस्सी-बकरी खरीद बिक्री के लेनदेन को लेकर अंदरूनी विवाद था। पूर्व में अजबुल मियां के पिता पर मवेशी काटने के आरोप में चैनपुर थाना में कांड दर्ज किया गया था। जिस संबंध में अभियुक्त अजबुल मियां को संदेह था कि उसके पिता को इबरार खान के द्वारा ही पुलिस को सूचना देकर पकड़वाया गया था। इन्हीं सब कारणों को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। इबरार के द्वारा भी लोगों के पास यदा-कदा कहा जाता था कि अजबुल को हम को मारना है जिसकी सूचना अजबुल को किसी माध्यम से लग गयी, जिस कारण अजबुल भी आक्रोश में था। जिसके बाद शुक्रवार को अजबुल मियां के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। गोली चलाने वाले आरोपी अजबुल की पहचान जख्मी इबरार खान के द्वारा कर ली गयी और अपने बयान में भी अजबुल मियां उर्फ आजो के द्वारा गोली मारकर जख्मी करने की बात स्वीकार की है। छापेमारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एएसआई राजेश कुमार एवं सैट 12 एवं रिजर्व गार्ड मौजूद थे।

तैयारी : 15 मार्च को होने वाले अंजुमन चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की गठजोड़ शुरू

सदर के चार एवं सेक्रेटरी पद के तीन प्रत्याशियों ने जमा किये पर्चे

चुनाव पर्यवेक्षक आफताब अंजुम ने पर्चा जमा करने के बाद नामांकन पंजी सील किया

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। सिसई में अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों के चयन के लिए 15 मार्च को होने वाले चुनाव में प्रत्याशियों की गठजोड़ शुरू हो गयी है। इस चुनाव को लेकर मुस्लिम समुदाय में भारी उत्साह है। अधिसूचना के अनुसार 4 मार्च संध्या 3 बजे तक फार्म बिक्री के उपरांत फार्म जमा पंजी को सील कर दिया गया। बिके हुए 17 पर्चों के बाद रविवार को कुल सात पर्चे जमा हुए। जिसमें 4 सदर पद के और 3 सेक्रेटरी के लिए पर्चे जमा किए गए। आगामी 7 मार्च को स्कूटनी व 10 मार्च को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। इसी बीच चुनाव कमेटी की ओर से मतदाता सूची का प्रकाशन भी किया जायेगा। चुनाव पर्यवेक्षक फिरोज आलम ने बताया कि फार्म जमा करने का समय समाप्त होते ही मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक आफताब अंजुम के द्वारा नामांकन पंजी को सील किया गया। सदर पद के लिए मो. अताउल अंसारी, मो रजाबुल अंसारी, सलमान अली, रहमान अंसारी और सेक्रेटरी के लिए समसामुल हक, मो. फैयाज अंसारी, मुंताजिर अंसारी ने फार्म जमा किये हैं। इस संबंध में अंजुमन चुनाव प्रभारी परवेज अंसारी ने बताया कि सिसई में मुस्लिम समुदाय के लगभग 2500 पुरुष वोटर अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन के सदर और सेक्रेटरी पद का बैलेट पेपर के द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से चुनाव करेंगे। उमर फारूक अंसारी ने बताया कि मतदान में कुल छह चटाई के मतदाता भाग लेंगे।

जिसमें सरदार मोहल्ला चटाई, पाकर टोला चटाई, लेदरन चटाई, नयी बस्ती चटाई, मुफेदुल इस्लाम चटाई, चट्टी चटाई के नाम शामिल हैं। आम चुनाव से चुने गए सदर व सेक्रेटरी सभी चटाई के पदाधिकारियों से मिलकर अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे।

मौके पर अंजुमन चुनाव कमेटी सिसई के प्रभारी परवेज अंसारी, हसनैन खान, उमर फारूक अंसारी, एजाज अहमद, असलम अंसारी, जावेद अंसारी, इकबाल अंसारी, आरिफ अंसारी, तौफीक अंसारी, तौसीफ अंसारी, खालीक अंसारी, रब्बानी अंसारी आदि मौजूद थे।

युवा ही बदलाव के साधक हैं : मिशन बदलाव

मिशन बदलाव के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों को उत्कृष्ट कार्य के लिये किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव के युवाओं का स्थापना सह सम्मान दिवस समारोह नगर भवन गुमला में संपन्न हुई।मिशन बदलाव के युवाओं के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत जनजागृति अभियान से शुरू किया गया और जुलूस के माध्यम से युवाओं को नशापान से दूर रहने का एवं भरस्टाचार मुक्त समाज बनाने का अपील किया गया। जुलूस के बाद सहीद चौक, अल्बर्ट एक्का और बाबा साहब अंबडेकर में माल्यर्पण किया गया और संत पैट्रिक स्कूल से मेन रोड गुमला से होते हुए नगर भवन गुमला में सम्मलित हुए।कार्यक्रम में वृक्षारोपण और दीपप्रज्वलन मिशन बदलाव के संस्थापकों के सदस्यों एवं संस्थापक के द्वारा किया गया।नगर भवन में मिशन बदलाव के सदस्यों के लिए द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक भुषण भगत ने कहा कि युवाओं के द्वारा ही राज्य की दिशा और दशा बदल सकती है और अब समय आ गया है कि युवाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी। मंच का संचालन मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य राज कुमार और महिला सक्रिय सदस्य विनीता उराव के द्वारा किया गया।मिशन बदलाव खुंटी के जय मंगल गुड़िया ने कहा कि खूंटी में भी युवाओं का रुख मिशन बदलाव से जुड़ने को तैयार हो रहे है।

मिशन बदलाव सिमड़ेगा टीम के तुलशी साहू ने कहा कि मिशन बदलाव के क्रांतिकारी युवाओं के लिए द्वारा बदलाव की पटकथा लिखा जा चुका है केवल जरूरत है युवाओं को निरन्तर जोड़ने की।

मिशन बदलाव हजारीबाग रमेश महतो के ने कहा कि हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों में हमारे द्वारा कार्य की शुरूआत की जा चुकी है और मिशन बदलाव के हाईकोर्ट वकील भास्कर महतो के अधिवक्ता समूह ने कहा कि मिशन बदलाव उद्देश्य के साथ जुड़ेंगे।

आज के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मिशन बदलाव के अमित सिंह, जितेश मिंज,सैयदा खातुन,ज्योति वर्मा,चंदकला टोप्पो ज्योति ग्लोरिया कुजूर,बिनय गोप, लखन गोप, बिनोद साहू, अनंत कुमार, सुधिर कुमार,जंति बड़ाईक, रवि गोप दीपक महतो, उपस्थित थे।

यादव-अहीर समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

समाज को संगठित एवं गरीब परिवारों की मदद के लिए एकजुट होना जरूरी है : लोहरमैन गोप

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। लकेया डुमर टोली में रविवार को यादव-अहीर समाज के होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण व प्रतिमा पर अबीर गुलाल लगाकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक लोहरमैन गोप ने कहा कि होली का त्यौहार का यादव-अहीर समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे समाज के अग्रज भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में एक महीने तक होली मनाने की परंपरा है। प्रखंड स्तर पर यादव-अहीर समाज के लोगों के बीच आपसी प्रेम, सहयोग व मेल मिलाप बढ़ाने के अवसर के रूप में होली मिलन समारोह का आयोजन काफी सराहनीय कदम है।

उन्होंने कहा कि यादव-अहीर समाज को संगठित करने व समाज के गरीब व जरूरतमंद परिवारों को मदद पहुंचाने के लिए सभी को मिल-जुलकर काम करने की आवश्यकता है।

मौके पर जिलाध्यक्ष प्रोफेसर भूषण महतो, संरक्षक मनु गोप, युवा अध्यक्ष अशोक यादव, महासचिव रामू गोप, संतोष यादव, दीप ज्योति गोप, चंदन गोप, आशीष गोप, बिनु गोप, धनी गोप, उमेश गोप, मनमोहन गोप, दिनेश यादव, रविन्द्र अधिकारी, लोहरमैन गोप, अनिल यादव, महावीर गोप, सुदर्शन गोप, नन्हेलाल गोप, मुकेश यादव, श्रीकांत यादव, दयानंद यादव, प्रवीण ओहदार, वसंत यादव, संजय गोप, धनेश्वर गोप, नीरज अधिकारी, मनोज गोप, नंदकिशोर गोप सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

कार्यक्रम : सूड़ी समाज का होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

कटु संबंध को मधुरता में बदलता है सूड़ी समाज का यह मंच : जिलाध्यक्ष

पूरे भारतवर्ष में गुमला सूड़ी समाज की होती है प्रशंसा : जिला सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सूड़ी समाज का होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम रविवार को गुमला स्थित सूड़ी धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू, जिला सचिव संदीप प्रसाद, नंद किशोर साह, प्रकाश साहू सहित कई लोगों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया।

वहीं मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए समाज के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार साहू ने कहा कि होली मिलन का कार्यक्रम मिलने का एक माध्यम तो है ही, अपितु जिनके बीच मनमुटाव का बोध हो गया हो उनके बीच पुनः तालमेल का मंच प्रदान करता है। सूड़ी समाज गुमला का यह कार्यक्रम कटु संबंध को मधुरता में बदलता है।

वहीं मौजूद जिला सचिव संदीप प्रसाद ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष में हमारे सूड़ी समाज गुमला कमेटी की प्रशंसा होती रहती है। इस कमेटी को जोड़ कर रखने में तमाम सदस्यों का योगदान है। इस मौके पर रामेश्वर प्रसाद साहू, बद्री गुलशन, अनिल प्रसाद, महाबीर साहू, दिलीप नाथ साहू, कैलाश प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, दीपंकर साहू, महिला जिलाध्यक्ष खुशबू साहू, हिना देवी, सोनिया देवी, गणेश साहू, ज्योति साहू, विजय लाल, सहित गुमला जिला के तमाम गांवों से समाज के लोग शामिल हुए। होली मिलन समारोह में आये अतिथियों में जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, डॉ सौरभ कुमार, डॉ. पूजा कुमारी, लोहरदगा जिला अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, लोदाम से आये रामेश्वर प्रसाद साहू, भुवनेश्वर साहू को समाज के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वीटी राज, धनेश्वर कुमार, सविता कुमारी, रमेश तिवारी ने होली के गीत गाकर मन मोह लिया। लोगों को थिरकने पर मजबूर करते हुए खूब आंनद उठाया।

रौनियार वैश्य समाज का होली मिलन समारोह आज

गुमला (आजाद सिपाही)। रौनियार वैश्य समाज गुमला द्वारा 6 मार्च को पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में होली मिलन समारोह होगा। समाज के अध्यक्ष विनोद प्रसाद और सचिव अनमोल गुप्ता ने बताया कि 6 मार्च, सोमवार को संध्या 7:00 बजे से कार्यक्रम आरंभ होगा। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। साथ ही कहा कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

महत्वपूर्ण न्यूज

जमीन विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की टांगी से काटकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रायडीह (आजाद सिपाही)। जमीन विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की टांगी से काटकर हत्या कर दी। यह घटना रायडीह थाना क्षेत्र के केमटे पंचायत अन्तर्गत कन्चोड़ा गांव की है। जहां जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई रोबर्ट मिंज ने अपने ही बड़े भाई अल्बर्ट मिंज (40) की टांगी से काटकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे व शव को कब्जे में करते हुए हत्यारे भाई को गिरफ्तार कर थाना ले आये, जिसे रविवार को जेल भेज दिया गया। चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कान्फ्रेंस कर इस मामले की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार कुछ वर्ष पहले से ही इनके बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जनवरी माह में गांव में पंच बैठाकर जमीन का बंटवारा कर दिया गया लेकिन छोटा भाई बंटवारा को लेकर संतुष्ट नहीं था। दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से नोंक झोंक चलता आ रहा था। शनिवार शाम को रोबर्ट मिंज शराब के नशे में था और नशे में अपने बड़े भाई अल्बर्ट मिंज से जमीन को लेकर झगड़ा करने लगा। झगड़ा के दौरान छोटे भाई रोबर्ट मिंज ने घर पर रखी टांगी उठायी और अपने बड़े भाई के सिर व गर्दन में वार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इधर आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करते हुए शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। प्रेस कान्फ्रेंस में रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार, एस आई अभिनव कुमार, एस आई धनंजय कुमार, एस आई महेश पासवान, ए एस आई तपेश्वर बैठा उपस्थिति थे।

खड़िया समाज को सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से मजबूत होने के लिए एकजुट होना होगा : बसंती डुंगडुंग

बसिया (आजाद सिपाही)। कोनबीर रेफरल अस्पताल के समीप स्थित सरहुल मैदान में रविवार को खड़िया विकास समिति के द्वारा खड़िया समाज का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम हमारी सभ्यता संस्कृति, परंपरा और भाषा को बचाने की अति आवश्यकता है। आज हम अपनी सभ्यता संस्कृति से विमुख होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से भी मजबूत होने की आवश्यकता है और इसके लिए हमें एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। हमारी एकजुटता में ही हमारा सम्पूर्ण विकास निहित है। इस बैठक में खड़िया समाज का जातिगत जनगणना करने, खड़िया समाज को सशक्त करने, भाषा संस्कृति के उत्थान पर विचार विमर्श करने, युवा वर्ग को संगठित किये जाने को लेकर एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रतिया इंदवार, जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, यूजीन इंदवार, ईलिजाबेक इंदवार, सरोज केरकेट्टा, सुरेश खडिया, अघनु खड़िया, गुलशन टेटे मुखिया, दिनेश खड़िया, रोजालिया सोरेंग मुखिया, खीस्तीना डुंगडुंग, सुजीत टेटे, एमलेन कुल्लू मुखिया, अनुज सोरेंग, सुनीता किंडो समेत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों खड़िया समाज के प्रबुद्ध जन, महिला और पुरुष शामिल थे।

विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीओ संजय पीएम कुजूर को एक लिखित ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन द्वारा बालू उठाव कर रहे जिन ट्रैक्टरों को पकड़ा जा रहा है, उस पर रोक लगायी जाये, भारत माला सड़क निर्माण में जिन लोगों का जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है उन्हें 10 गुना मुआवजा राशि दी जाये। पुलिस द्वारा लोकल दोपहिया वाहनों को पकड़ा जाता है उसपर केस नहीं किया जाये। इस मौके पर मोहन ओहदार, सालिक साहू, वीरेंद्र साहू, हरदीप ओहदार, शंकर साहू, धनेश्वर महतो, मार्सल आइंद, दिलीप साहू, मरियम मिंज, रुपा देवी, डोमराईन आईंद सहित कई लोग मौजूद थे।

रायडीह थाना परिसर में होली और शबे बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

रायडीह (आजाद सिपाही)। रायडीह थाना परिसर में रविवार को होली और शबे बारात को लेकर शांति समिति की बैठक इंस्पेक्टर बैजू उरांव की अध्यक्षता में की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यों ने दोनों पर्व हर्षोल्लास के साथ मिल-जुलकर मनाने का निर्णय लिया। पुलिस निरीक्षक बैजू उरांव ने कहा कि त्यौहार में किसी तरह का व्यवधान ना हो, अगर कोई इस तरह की हरकत करेगा उसपर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार, एसआई धनंजय कुमार, उपप्रमुख दीपक कुजूर, सीआई खीस्टोफर किड़ो, विनय लाल, जहीरुद्दीन, गजाधर सिंह, जगनारायण सिंह, कुर्बान राय, नाजीर खान, प्रेम प्रसाद, अनिल साहू, इस्माइल कुजूर, लालो राय, किरण बिलुंग, कमलेश झा, बसंत प्रसाद एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

बिशुनपुर प्रखंड के बरमहादेव में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार स्थित सोनपुरी में 10 करोड़ पार्थिव शिवलिंग का महारुद्राभिषेक सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद प्रखंड स्थित बरमहादेव के मुख्य आचार्य कल्याण बाबा बिशुनपुर पहुंचे, जहां उनके सान्निध्य में बर महादेव की विधिवत पूजा पाठ की गयी। वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान 24 घंटा सीताराम का जप श्रद्धालुओं ने किया। वहीं रविवार दिन के 1:00 बजे अखंड हरिकीर्तन संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थल में भंडारे का आयोजन भी किया गया था। जहां पहुंचने वाले भक्तों ने खीर पूड़ी रूपी प्रसाद ग्रहण किया। कल्याण बाबा ने कहा कि किसी भी सफलता के बाद हमें भगवान को नहीं भूलना चाहिए उनका हमेशा स्मरण करना चाहिए ताकि हरेक लोगों में पॉजिटिविटी के विस्तार के साथ सबका कल्याण हो। इस मौके पर देवी सिंह, बच्चन चौरसिया, प्रदीप उरांव, दीपक सिंह, अनीश सिंह, राजू मांझी, राजू तोमर सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

अपील : पीपरा में एनसीपी के होली मिलन समारोह में जम कर उड़े गुलाल

प्रेम और भाईचारे के साथ मनायें होली का त्योहार : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। जिले के पीपरा प्रखंड के समीप रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यालय में रंगो का त्योहार होली के उपलक्ष्य में मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पीपरा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसकी शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के एनसीपी विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने वरिष्ठ नेता अजित कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह , पप्पू सिंह आदि कई अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि लोगों में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देना ही समारोह का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समुचित विकास और खुशहाली के लिए वे हमेशा से तत्पर रहे हैं। क्षेत्रवासियों की भलाई को लेकर वे सड़क से सदन तक जनता की समस्याओं को उठाते रहे हैं। उन्होंने जनसमस्याओं के निदान और क्षेत्र की समुचित विकास के लिए लोगों से एकजुट होने की अपील की। इसके पहले विधायक समेत तमाम एनसीपी नेताओं ने प्रखण्ड वासियों को होली की शभकामनाएं दीं। जबकि प्रखंड कमेटी ने सभी अतिथियों को माला और पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरैया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विकास तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए योजना स्वीकृति प्रदान करने पर पंचायत वासियों की ओर से उनका आभार जताया गया।

समारोह का उद्घाटन व एनसीपी में शामिल लोगों का सम्मानित करते विधायक।

पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मेहता ने थामा राकांपा का दामन

हरिहरगंज-खड़गपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मेहता ने दर्जनों लोगों के साथ राकांपा का दामन थाम लिया। विधायक ने माला पहनाकर स्वागत किया। जितेंद्र मेहता ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र में विकास और जनहित कार्यों से बढ़ी लोकप्रियता से प्रभावित होकर एनसीपी में शामिल हुए। इस मौके पर जिला सचिव अजय सिंह, हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, मिठू सिंह, विनय पासवान, चंदन कुमार सिंह, जनेश्वर भुइंया, हरिवंश पासवान, बलिस्टर सिंह, दशरथ सिंह, मंदीप राम, प्रवेश राम, बिमलेश सिंह, विजय कुमार सिंह, सुनील सिंह, मो असलम, बबलू सिंह, नरेश राजवंशी, चंदेव यादव, सुरेश सिंह, नीरज सिंह, अखलेश मेहता सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

अल्पकालिक विस्तार के जरिए बूथ समिति बनाकर करें बूथ सशक्तिकरण : विजय नंद

हुसैनाबाद भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। भाजपा हुसैनाबाद इकाई की ओर से शहर के ऋद्धि-सिद्धि होटल में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों के प्रभारी के अलावा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि शक्ति केंद्रों पर अल्पकालिक विस्तारक के माध्यम से बूथ समिति बनाकर बूथ सशक्तिकरण करें। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की जरूरत है। वहीं, भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम से पार्टी की सांगठनिक स्थिति मजबूत होगी। इसमें सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इस मौके पर सुनील पासवान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, रामेश्वर राम, संतोष कुमार सिंह, अजय गुप्ता, रामराज मेहता, प्रशांत सिंह, उमेश चंद्र शिव और नीरज कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

सांसद ने शक्ति केंद्रों पर दी राष्ट्रपति के अभिभाषण की जानकारी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने भाजपा द्वारा राष्ट्रपति के अभिभाषण के विषयों पर आयोजित कार्यक्रम के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों क्रमशः शक्ति केंद्र बुढ़ीवीर के बूथ संख्या 35,36 शक्ति केंद्र रबदा बूथ संख्या 24,25 शक्ति केंद्र खुरा कला बूथ संख्या 17,18,19 एवं शक्ति केंद्र बरांव बूथ संख्या 62,63,64 पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 31 जनवरी 2023 को संसद के संयुक्त अधिवेशन में दिए गए अभिभाषण को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पढ़कर सुनाया गया। उक्त अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में किए मुख्य कार्यों एवं गरीब कल्याण को प्राथमिकता,अर्थव्यवस्था में तेजी, विकसित भारत का विजन,आजादी के 75 वर्ष से प्रारंभ हुए अमृतकाल की हमारी प्राथमिकता एवं समस्याओं का स्थायी सामाधान की ओर बढ़ रहे सफल प्रयास और वैश्विक सहयोग के आधार के रूप में भारत के उदय का उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, रामलव चौरसिया, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय, सिकन्दर चौधरी, भोला पाण्डेय, आनन्द सिंह, मुखिया अरविन्द तिवारी, विदेश्वरी उरांव, सीता साव एवं बूथ समिति, पन्ना प्रमुख के सदस्यगण एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

अफवाह फैलाने व हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर : नेमधारी रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। होली व शब-ए-बारात पर्व को लेकर रेहला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी नेमधारी रजक और संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक अजय कुमार शामिल रहे। सभी समुदाय के लोगों ने दोनों पर्व को शांति व अमन के साथ मनाने का निर्णय लिया। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार ने कहा कि होली व शब-ए-बारात पर्व खुशी का प्रतीक है। मिलजुल कर मनाने से पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। वहीं, थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पर्व के दौरान कोई भी गलत शरारत बर्दास्त नहीं की जायेगी। अफवाह फैलाने और हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखेगी। जो भी अफवाह फैलायेगा उसे बख्सा नहीं जायेगा। इस मौके पर एसआई अलखनाथ चौबे, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी आदि थे।

आनंदमर्गियों ने मनाया दधीचि दिवस

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। आनंदमर्गियों ने मेदिनीनगर के नई मोहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में दधीचि दिवस मनाया। वरिष्ठ मार्गी बैजनाथ जी ने बताया कि 5 मार्च 1967 को कम्युनिस्टों ने आनंदमार्ग प्रचारक संघ के केंद्रीय कार्यालय आनंद नगर पर हमला कर निरीह निहत्थे पांच धर्म रक्षक आध्यात्मिक सैनिकों की नृशंस हत्या कर दी थी। उन्हीं की याद में यह दधीचि दिवस मनाया जाता है। आज के दिन आनंदमार्गी गण 12 घंटे का निर्जला उपवास रखकर पाप शक्ति के विरुद्ध विरोध प्रकट करते हैं।

हुसैनाबाद के बस कंडक्टर की बेटी संजना बनी दरोगा

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। प्रखंड अंतर्गत दंगवार गांव के एक बस कंडक्टर धर्मराज सिंह की बेटी संजना कुमारी उत्तर प्रदेश दरोगा भर्ती में पास कर क्षेत्र का मान बढ़ाया हैं। उनकी इस सफलता पर उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मेहता ने कहा कि दंगवार की बेटी संजना ने दरोगा बनकर क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा कभी संसाधन का मोहताज नहीं होता है। संजना ने बताया कि मेरी तैयारी राज्य प्रशासनिक सेवा की चल रही हैं और मेरा लक्ष्य भी हैं लेकिन घर की आर्थिक स्थिति हमारे कैरियर में बाधा नहीं बने इसलिये यह परीक्षा दिया और सफलता मिली। हमारी सफलता में माता पिता और गुरुजनों का श्रेय है। बतातें चलें कि संजना के पिता धर्मराज सिंह पेशे से बस कंडक्टर हैं, लेकिन ईमानदारी पूर्वक मेहनत कर अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा दिया व गांव पर रह कर ही तैयारी करवाई जिसमें एक बेटा लोको पायलट भी हैं और अब बेटी ने भी पिता के सपनो को पंख दिया है । संजना के माता उर्मिला देवी भी गृहणी हैं। उन्होंने अपने बेटी की कामयाबी से खुशी जाहिर की है।

शिवालया कंट्रक्शन ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध दर्ज करायी मारपीट करने की प्राथमिकी

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। एनएच 98 फोरलेन प्रोजेक्ट और बाईपास निमार्ण कार्य में जुटे शिवालया कंट्रक्शन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों पर असमाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें कम्पनी के डीपीएम लोकनाथ पात्रा, सीनियर इंजीनियर आजाद जायसवाल, अमनदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बीते शनिवार की है। इस संबंध में शिवालया कंट्रक्शन कंपनी के डीपीएम लोकनाथ पात्रा ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें रामपुर तेंदुआ निवासी अभिमन्यु कुमार सिंह, रितिक कुमार, ऋषिकेश कुमार, संतोष कुमार शर्मा , निखिल कुमार को नामजद सहित चार पांच अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। गंभीर रूप से घायल डीपीएम द्वारा लिखित शिकायत पर हरिहरगंज थाना में कांड संख्या 27 / 2023 दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार उक्त आरोपियों ने अचानक निर्माण कार्य स्थल पर आ धमके और अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले गाली गलौज किया। विरोध करने पर कहा कि पहचानते नही हो कि हमलोग कौन हैं ? हमलोगों के मर्जी के बिना यहां कोई भी काम नहीं होता है। इसी बीच वे और हमलावर हो गए। जिससे कार्य स्थल पर अफरा तफरी मच गई। साथ ही इनके इस हरकत से सड़क निर्माण कार्य के अधिकारियों , कमीर्यों और मजदूरों में दहशत है।

भुइयां समाज के जो भी बच्चे पढ़ना चाहते हैं उन्हें मुफ्त शिक्षा हासिल करायेंगे: रामचंद्र

गुरी गांव में माता शबरी के मूर्ति का हुआ अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव में माता शबरी के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अनावरण हुआ। बतौर मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विश्रामपुर विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी मौजूद थे। मंच संचालन रामराज भइया और अनुज भुइया ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से मुख्य ओर विशिष्ट अतिथियों ने किया गया। सेवानिवृत हलकांनी भुइया को मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने माला देकर स्वागत किया। कहा कि हलकानि जी हमारे बहुत पुराने मित्र हैं। विधायक ने कहा कि भुइयां समाज के जो भी बच्चे पढ़ना चाहते हो हम उन्हें मुफ्त में डिप्लोमा इंजीनियरिंग, आईटीआई आदि संस्थानों में पढ़ायेंगें। सिर्फ सरकार जो छात्रवृत्ति देगी उसके अलावा हम कोई भी पैसा आपसे नहीं लेंगे और हमारे विधानसभा में जहां भी इस समाज के लोग 100 की संख्या में रहते हैं वहां माता शबरी की प्रतिमा अनावरण करने का काम करेंगे। आप अपने बच्चों को शिक्षित कीजिए, ताकि उनका भविष्य उज्वल हो सके। वहीं, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि आप के विधायक मेरे पूज्य पिताजी आप लोग के लिए मुफ्त शिक्षा देकर समाज के उच्च श्रेणी में जोड़ने का काम करने का संकल्प लिया हैं। आज से यह अभियान शुरू हो गया है। अब आप लोग को राजनीति लोग मुलायम चारा नहीं समझेंगे। कोई भी राजनीतिक दल आपसे वोट मांगने के लिए दारू मुर्गा लेकर नहीं आएगा। वहीं, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने अपने समाज से आह्वान किया कि पढ़िएगा तभी आगे आगे बढ़ियेगा। इस लिए आप अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाइए। आज पूरे झारखंड में भुइया समाज से एकलौता विधायक आपकी बेटी पुष्पा देवी है। हम चाहेंगे आप लोग भी अपने बच्चों को पढ़ा कर अपने समाज से सैकड़ों पुष्पा देवी पैदा करें।

इस कार्यक्रम में 5000 से ऊपर भुइयां समाज के लोग उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, हलकांनी भईया सेवा निर्वित शिक्षक, साहेब भुइया, युवराज भुइया आदि मौजूद थे।

समाजसेवी ने किया परिधान रेडीमेड प्रतिष्ठान का उद्घाटन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के मेन रोड स्थित स्टेट बैंक के सामने कमला मार्केट परिसर में रविवार को परिधान रेडीमेड गारमेंट्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश सिंह, समाजसेवी अशोक कश्यप आदि ने संयुक्त रूप से किया। समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। क्षेत्र में इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा। वहीं प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर अविनाश कश्यप ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में सस्ते व किफायती दर पर नए-नए फैशन के कपड़े उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह समेत कई गणमान्य लोग पहुंचे और कुछ खरीदारी भी की। मौके पर बनियाडीह बराही पंचायत के मुखिया सुदामा यादव, वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, अमित सिंह, मनोज सिंह, डबल सिंह, गुड्डू कश्यप और बिनोद सिंह आदि मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

विमेंस प्रीमियर लीग में रविवार को पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को 60 रन से हरा दिया। दिल्ली ने पहले बैटिंग करते हुए 223 रन बनाए थे। जवाब में बेंगलुरू की टीम 163 रन की बना सकी

वीमेंस प्रीमियर लीग का दूसरा मैच : अमेरिका की तारा नोरिस ने लिये 5 विकेट, शतक से चूकीं शेफाली वर्मा

दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 60 रन से हराया

एजेंसी

मुंबई। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रविवार के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 60 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली ने 20 ओवर में दो विकेट पर 223 रन बनाए थे। जवाब में बेंगलुरु 20 ओवर में 8 विकेट पर 163 रन ही बना सकी। दिल्ली की तारा नोरिस ने 29 रन देकर 5 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। दिल्ली से शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। कप्तान मेग लेनिंग ने 72 रन की पारी खेली।

बेंगलुरु से कोई भी खिलाड़ी 35 से ज्यादा रन नहीं बना सकीं।

35 रन से ज्यादा कोई नहीं बना सकीं

224 रन के लभ्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु के लिए स्मृति मंधाना, हीथर नाइट, मीगन शट और एलिस पेरी के अलावा कोई भी बैटर कुछ खास नहीं कर सकीं। मंधाना 35, नाइट 34 और पेरी 31 रन बनाकर आउट हुईं। मीगन शट 30 रन के स्कोर पर प्रीति बोस (2) के साथ नाबाद रहीं। इनके अलावा सोफी डिवाइन ने 14 रन बनाए। वहीं, दिशा कसाट 9, रिचा घोष 2, आशा शोभना 2 और कनिका अहूजा शून्य पर आउट हुईं।

वीमेंस टी-20 का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

दिल्ली ने विमेंस की मेजर लीग टी-20 में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। दिल्ली से पहले बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स टीम ने 2017 में 4 विकेट पर 242 रन बनाए थे। अब दिल्ली ने 2 विकेट पर 223 रन बना लिए। दिल्ली के बाद बिग बैश की मेलबर्न रेनेगेड्स डब्ल्यूपीएल की मुंबई इंडियंस टीम तीसरे नंबर पर हैं। दोनों के नाम 207 रन का स्कोर

पावरप्ले में एक ही विकेट गंवाया

बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने 4.2 ओवर में 41 रन की पार्टनरशिप की। डिवाइन 14 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद स्कोरिंग रेट कम हो गया। 6 ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 54 रन था।

शेफाली सेंचुरी से चूकीं, लेनिंग की तेज फिफ्टी

दिल्ली की ओपनर शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 84 और कप्तान मेग लेनिंग ने 72 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 162 रन जोड़े। मारियन कैप 17 बॉल में 39 और जेमिमा रोड्रिग्ज 15 बॉल में 23 रन के स्कोर पर नाबाद रहीं। दोनों ने महज 31 बॉल पर 60 रन की नाबाद पार्टनरशिप कर डाली। बेंगलुरु से दोनों विकेट हीथर नाइट को मिले। वहीं, बेंगलुरु ने पूरे मैच में 7 बॉलर्स को आजमाया, लेकिन विकेट एक ही बॉलर को मिले। सभी बॉलर्स ने 8 रन प्रति ओवर से ज्यादा के इकोनॉमी रेट से रन दिए। 4 बॉलर्स की इकोनॉमी तो 10 रन से ज्यादा रही।

162 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई

दिल्ली की ओपनर शेफाली वर्मा और मेग लेनिंग ने 10वें ओवर में ही 100 रन की पार्टनरशिप पूरी कर ली। पावरप्ले में बगैर नुकसान के 58 रन बनाने के बाद भी दोनों ने आक्रामक बैटिंग की। शेफाली ने 31 बॉल में अपनी फिफ्टी पूरी की। वहीं, लेनिंग ने भी अगले ही ओवर में 30 बॉल में अर्धशतक बना लिया। 15वें ओवर में दोनों ही बैटर आउट हो गईं। लेनिंग 43 बॉल में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटीं और शेफाली ने 45 बॉल में 84 रन बनाए। दोनों ने 87 बॉल पर ओपनिंग विकेट के लिए 162 रन जोड़े। वहीं, टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने उतरी आरसीबी की शुरूआत खराब रही। पावरप्ले में ही 50 से ज्यादा रन देने के बाद 10वें ओवर में ही दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया।

वाइड और नो-बॉल के खिलाफ भी रिव्यू ले सकेंगे, मुंबई इंडियंस ने सबसे पहले यूज किया

मुंबई (एजेंसी)। डब्ल्यूपीएल यानी विमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन खेला जा रहा है। इसमें पांच टीमें हिस्सा ले रही है। इस साल डब्ल्यूपीएल के साथ भारत में पहली महिला टी-20 लीग शुरू हुई है। इसके साथ ही क्रिकेट के खेल में अब एक नया नियम जुड़ गया है। डब्ल्यूपीएल में अब खिलाड़ी अंपायर के वाइड बॉल और नो-बॉल के डिसीजन को चैलेंज कर सकते है। दूसरे शब्दों में कहें तो खिलाड़ी वाइड बॉल या नो बॉल का फैसला डीआरएस के माध्यम से थर्ड अंपायर के पास भेज सकते है। इसे सबसे पहले मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टूनार्मेंट के पहले ही मैच में यूज किया।

कतरास के छाताबाद की घटना, आग में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान

जूता गोदाम में लगी भीषण आग

दमकल के इंजनों की मदद से आग परपाया गया काबू

आजाद सिपाही संवाददाता

जूता गोदाम में लगी आग की उठती लपटें।

आग पर काबू पाने की कोशिश करते लोग।

कतरास। थाना क्षेत्र के भंडारीडीह स्थित छाताबाद फुटबॉल ग्राउंड के समीप नियाज सिद्दीकी की जूता, चप्पल के गोदाम में रविवार की दोपहर 2 बजे अचानक आग लग गई। गोदाम के अंदर ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैल गई और विकराल रूप धारण कर लिया। इसकी सूचना पाकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। आग की लपटें काफी तेज थी जिस कारण घटनास्थल पर काफी अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों ने उक्त जूता दुकान में लगी आग को पहले अपने स्तर से बुझाने का काफी प्रयास किया पर उल्टे आग और भड़क गई। उधर, सूचना मिलने के बाद करीब एक घंटे के बाद आग बुझाने के लिए बीसीसीएल के अग्निशमन विभाग के तीन इंजन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उक्त गोदाम पचगढी बाजार के जूता व्यवसायी निजाम के जूते-चप्पल का है, जिसमें स्टॉक किया गया जूता-चप्पल और अन्य सामग्री जलकर राख हो गया। आस पास के लोगों की तत्परता से घर के पिछले दरवाजे से कुछ सामानों को बचाया जा सका। घनी आवादी होने के कारण आस पास के घरों में आग फैलने का भी खतरा बना रहा। जिसे देख स्थानीय युवकों ने तत्परता दिखाते हुए आस पास के कुछ घरों को भी खाली करा दिया। वहां रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सभी घरों से रसोई गैस सिलेंडर को बाहर निकाल दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट से लगी है जिसमें लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। गनीमन रही कि उक्त घटना में किसी से हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उधर, खबर पाकर कतरास पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। व्यावसायी की मानें तो आग लगने से करीब 30-40 लाख रुपये के जूते-तप्पल आदि के जल जाने का अनुमान है।

कतरास में होली की तैयारी जोरों पर, जगह-जगह होली मिलन समारोह हो रहा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बाघमारा/कतरास। कतरास कोयलांचल क्षेत्र में होली की तैयारी जोरो पर है। जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। राजनीतिक दल के नेता और समाजिक संगठन के लोग भी होली मिलन समारोह के आयोजन करने में जुटे हैं। पुलिस प्रशासन भी शांतिपूर्ण होली संपन्न करवाने को लेकर व्यवस्था में जुटी हैं। कतरास पचगढी बाजार स्थित डीएवी मीडिल स्कूल में जागो समाजी संस्था की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में जागो प्रमुख संस्थापक चुन्ना यादव, अधिवक्ता दीपनारायण, अशोक लाल, विनय पासवान, सुरेश शर्मा, आनंदी यादव, बबलू वर्मन, चुन्ना अली, फोरज रजा, चंदन यादव, शौकत खाना, प्रदीप गुप्ता आदि लोगों बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्थानीय कलकारो ने पारंपरिक होली गीत गाकर लोगों झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, डूमरा में स्थित संपूर्ण शिक्षा केंद्र में होली मिलन सह विश्व महिला दिवस मनाया गया। जिसमें बाघमारा महिला थाना की प्रभारी सोनिका वर्मा उपस्थित थी। थाना प्रभारी सोनिका वर्मा ने कहा कि महिलाओं को आज के समय में आत्मविश्वास से भरपूर रहना चाहिए। समाज में भिन्न-भिन्न तरह के व्यक्तियों से संपर्क में आने पर अच्छे और बुरे स्पर्श का ध्यान रखना चाहिए। वहीं, छात्राओं ने उनसे कई तरह की जानकारियां ली। मंच संचालन सत्यजीत सोनू ने किया । मौके पर बरोरा मुखिया सरिता देवी, लायंस क्लब बाघमारा अध्यक्ष निगम कुमार, डॉ मुकेश राय, नीलम बर्नवाल, सरस्वती देवी, बेबी बर्नवाल, अरुण खेदू, अक्षय मिस्त्रा संस्था के अध्यक्ष प्रेम कुमार, सचिव सिंटू साव, रमेश कुमार, नितेश कुमार, सुबोध कुमार, विक्की साव, सोनू कुमार, विकाश कुमार उपस्थित थे। दरीदा पंचायत क्षेत्र में पंचायत समिति सदस्य पिंकू राय द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बाघमारा के कई मुखिया व अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन गौतम मंडल ने किया।

विधायक मथुरा महतो ने किया होटल लक्सस इन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

होटल का उद्घाटन करते विधायक मथुरा प्रसाद महतो व अन्य।

धनबाद। विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने रविवार को लूबी सर्कूलर रोड में होटल लक्सस इन का उद्घाटन किया। साथ ही यहां होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। फगुआ के गीत से माहौल होलीमय हो गया। पूर्व में यह स्थल मून रेस्टोरेंट के नाम से जाना जाता था। अतिथियों ने कहा कि होटल लक्सस इन का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इसके खुलने से लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते है। होटल के संचालक सौरभ कुमार और उनके भाई गौरव कुमार ने बताया कि धनबाद वासियों के लिए इस होटल लक्सस इन में उत्तम व्यवस्था परोसी जाएगी। यहां के रेस्टोरेंट में कई तरह की सुविधा हैं जहां सपरिवार आकर बेहतरीन व्यंजनों का लुप्त उठा सकते हैं। सभी तरह के डिसेस उचित मूल्य पर बेहतरीन क्वालिटी में मिलेंगी। होटल लक्सस इन उचित रेंट पर बैंक्वेट हॉल भी उपलब्ध कराता है। यहां ठहरने की भी व्यवस्था है। होटल लक्सस इन धनबाद शहर के बीचों बीच अवस्थित है।

मजदूरों के हक के लिए रुपेश सिन्हा ने अपने प्राण तक दे दिये : अमितेश

झामुमो ने मनाया शदीह रुपेश सिन्हा का 15वां शहादत दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

दिवंगत रुपेश सिन्हा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

लोयाबाद। झामुमो की ओर से रविवार को शहीद रुपेश सिन्हा का 15 वां शहादत दिवस मनाया गया। लोयाबाद मोड़ पर सभा का आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। झामुमो के केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय ने कहा कि रुपेश मजदूरों के नेता थे। वह बीसीएनल ठेका मजदूरों के हक के लिए संघर्ष करते रहे। लंबी लड़ाई लड़ी थी और हक दिलाया था। जिनके साथ वह राजनीति किये और मजबूती के साथ खड़े रहे वे लोग आज उनको भूल चुके हैं। कई बार उनको समझाया था कि शादीशुदा हैं अपने बाल बच्चों के बारे में सोंचें। लेकिन वह मजदूरों के हक के लिए लड़ते रहे। जिस कारण माफियाओं की नजर में चढ़ गया और उसकी हत्या कर दी गई। प्रकाश नोनियां ने कहा कि रुपेश की शहादत को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। वह गरीबों, मजदूरों और किसानों के नेता थे। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उसकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पासवान ने किया। इस मौके पर मानस चटर्जी, अनवर मुखिया, पंकज तिवारी, भुवनेश्वर महतो, दिलीप रवानी, अशोक चौहान, रामप्रवेश नोनियां व अर्जुन नोनिया आदि मौजूद थे।

हक व अधिकार के लिए लड़ेंगें अब आर-पार की लड़ाई: कुड़मी समाज

आजाद सिपाही संवाददाता

चास। प्रखंड के अलकुशा बुढ़ाबाबा मंड़प थान प्रांगण में रविवार को झारखंड प्रदेश आदिवासी कुड़मी युवा मंच की ओर से विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें 19 मार्च को होने वाली कुड़मी जनजाति महाजुटान को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की गई। कुड़मी जनजाति समाज का कहना है कि आजाद देश एवं झारखंड में आजादी 1950 से लेकर अभी तक अपना अधिकार एसटी में षड़यंत्र के तहत बेदखल कर शिक्षा, रोजगार शासन प्रशासन सभी जगह से कुड़मी जनजाति समाज को वंचित रखा गया। कुड़मी समाज को अपने हक और अधिकार के लिए अब आरपार की लड़ाई लड़नी होगी। कुड़मी को एसटी सूची में शामिल करने के लिए जोरदार आंदोलन की आवश्यकता है। बैठक में प्रफुल्ल महतो, हरेन महतो, भूषण महतो, ज्योति लाल महतो, शंकर महतो, परशुराम महतो, वंशीधर महतो, निताई महतो, बहादुर महतो, देवीलाल महतो, रमेश महतो, लाल मोहन महतो, दशरथ महतो, योगेश्वर महतो, लक्ष्मीकांत महतो, मनहर महतो, रविश्वर महतो, रंजित महतो, गोलोक विहारी महतो, महादेव महतो, मुकूटधारी महतो, पद्दलोचन महतो, अरुण महतो, निर्मल महतो, अभिमन्यु महतो, शिवचरण महतो एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पत्रकारों के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े गुलाल, दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। निरसा-चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ की ओर से मैथन साहित्य परिषद परिसर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें निरसा, चिरकुंडा, मुगमा, कुमारधुबी, कालूबथान, मैथन और बराकर से आए पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाए और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। स्थानीय कलाकारों और फिल्मी गीतों पर पत्रकारों ने खूम मस्ती की। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया। इस मौके पर पत्रकार रामजी यादव, संघ के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, सचिव संजय सिंह धर्मदेव चौधर, प्रवीण चौधरी, सुबल तिवारी, हरेंद्र सैनी, वीरेंद्र ठाकुर, अवध प्रसाद, पिंटू चौबे, अरूपपाल, विजय श्रीवास्तव, हीरालाल मंडल, भगवान मालवीय, संजय कुमार सिंह, संजय बर्मन, आशुतोष मिश्रा, अरविंद सिंह, राजू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, प्रदीप राज, विजय सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, विधान तिवारी, विक्की सलूजा, संजीव यादव, डॉक्टर रोहित गौतम, कृष्ण कुमार लाला, राजेश नागवंशी, सुरेश पासवान, चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्ल्यू बावरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह और अभिमन्यु यादव आदि उपस्थित थे।

लोयाबाद में जलापूर्ति ठप, 30 हजार की आबादी में मचा हाहाकार

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। होली त्योहार से पूर्व लोयाबाद क्षेत्र में विगत चार दिनों से नगर निगम का जलापूर्ति ठप है। पेयजल के अभाव में क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। हैरत की बात तो यह है कि चार दिन से जलापूर्ति ठप है और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है। कहा जा रहा है कि जामाडोबा में पाइप फटने के कारण जलापूर्ति ठप हुई है। लोयाबाद व न्यूड्रीप जलमिनार से की जाने वाली सप्लाई क्षेत्र में ठप पड़ने से लोयाबाद और आस पास की करीब 30 हजार की आबादी भीषण जल संकट से जूझ रही है। लोयाबाद, कनकनी, हनुमान बाजार, मदनाडीह, सेंद्रा, कोकप्लांट, न्यूड्रीप, एकड़ा आदि क्षेत्र प्रभावित है। क्षेत्र में पीट वाटर का भी यही हाल है। लोगों को पानी मुहैया कराने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोग पानी खरीद कर पीने के लिए विवश है। बताया जाता है कि लोयाबाद में कई दशकों के इंतजार के बाद जलमिनार से पानी की सप्लाई शुरू हुई थी। पर इससे भी निर्बाध पानी आपूर्ति नहीं होने से लोगों में मायूसी छाई है ।

निगम वसूलता पैसे, जलापूर्ति का जिम्मा पीएचईडी को

लोयाबाद क्षेत्र में नगर निगम ने करोड़ों की लागत से जलमिनार बनाया। निगम द्वारा पानी कनेक्शन के लिए लोगों से शुल्क भी लिया गया।अब निगम हर महीने पानी का शुल्क भी वसूल रहा है। पर जलमिनार से पानी सप्लाई का जिम्मा पीएचईडी को सौंपा गया है। निगम द्वारा पीएचईडी को इसके लिए भुगतान भी किया जाता है पर फिर भी नियमित रूप से पानी सप्लाई नहीं की जाती है। अब निगम और पीएचईडी के चक्कर में आम लोग पीस रहे हैं।

नियमित रूप से नहीं दिया जाता है पानी

पीएचईडी द्वारा की जाने वाली जलापूर्ति लोयाबाद में नियमित रूप से नहीं की जाती है। पानी को एक दिन छोड़कर दूसरे दिन आपूर्ति की जानी है। ऑपरेटर की मनमानी से पानी सप्लाई की जाती है। कभी दो दिन तो कभी पांच दिन बाद पानी चलाया जाता है। जब ऑपरेटर की मर्जी हो तब पानी चलाया जाता है। इसको देखने वाला भी कोई नहीं है। ऑपरेटर की लापरवाही के बावजूद पानी सप्लाई होने पर भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। बताया जाता है कि जलमिनार से सप्लाई किए जाने वाली पाइपलाइन में लगा बेल लिक है, ऑपरेटर द्वारा दिन में ही जलमिनार में पानी चढ़ा दिया जाता है और शाम को सप्लाई होती है। इससे पहले ही जलमिनार का आधा पानी बह जाता है।

जल्द शुरू होगी जलापूर्ति

पीएचइडी अभियंता मनीष कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें पानी सप्लाई ठप होने की जानकारी नहीं थी। मामले की जानकारी लेकर जल्द पानी सप्लाई शुरू कराया जाएगा।

विधायक जयमंगल सिंह ने किया सौर ऊर्जा से संचालित डीप बोरिंग का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

पिछरी/बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने पेटरवार प्रखंड के पिछरी स्थित बिंदेश्वरी दुबे इंटर महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को सौर ऊर्जा से संचालित डीप बोरिंग का शिलान्यास किया। जिसका निर्माण विधायक मद होगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा से संचालित डीप बोरिंग से यहां के विद्यार्थियों और विद्यालय के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह, सुनील सिंह, साबिर अंसारी, रिंकू निषाद, अभय ठाकुर, काँग्रेस के युवा नेता गणेश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, बिंदा मिश्रा, दुर्गा महतो, वनबीर मिश्रा, शिक्षक अभिमन्यु सिंह, डॉ महेश चंद्रा, प्रो महेंद्र सिंह, डॉ विनय कुमार सिन्हा, प्रो आशीष कुमार, प्रो विजय कुमार पांडेय, प्रो शशि कुमार, शफीक अहमद, डॉ पंकज जोरियर एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में हर्षित वर्णवाल, सानू रजवार, तारकेश्वर कपरदार, कृष्णनंदन आदि उपस्थित थे।

होली को लेकर सजे लोयाबाद के बाजार

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। लोयाबाद बाजार होली के रंग में रंग चुका है। दुकाने रंग और पिचकारियों से पट गयी है। हालांकि खरीदारी के लिए लोग कम ही पहुंच रहे हैं। इसका मूल कारण महंगाई है। हालांकि स्कूल सहित अन्य संस्थाओं की ओर से होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है। व्यावसायियों ने कहा कि पिछले दो साल कोरोना की वजह से रंग में भंग हुआ। अब महंगाई रंग को फीका कर रही है।

तिसकोपी गांव के समीप शुक्रुगुरु पहाड़ी में चलाया गया वन रक्षाबंधन महोत्सव अभियान

पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है : कौलेश्वरी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

वन रक्षाबंधन महोत्सव अभियान के दौरान पेड़ों को रक्षा बंधती महिलाएं व अन्य।

चतरोचट्टी। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी पंचायत के सुदूरवर्ती तिसकोपी गांव के समीप शुक्रुगुरु पहाड़ी में इस वर्ष भी वन रक्षाबंधन महोत्सव अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहनलाल वियोगी और पूर्व मुखिया कौलेश्वरी देवी ने कार्यक्रम का शुभांरभ किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों ने विधि विधान से भूमि पूजन किया और पर्यावरण व पेडों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। उसके बाद कार्यक्रम स्थल में ग्रामीण छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण के बचाव से संबंधित विचार व्यक्त किये। ग्रामीणों ने शपथ दिलाया कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं पेड़ों की अधांधुंध कटाई को लेकर जागरूक करेंगें और पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाना है। साथ ही जंगल में आग नहीं लगाने की भी शपथ दिलायी गयी। वन समिति के सदस्य मोहनलाल वियोगी ने कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए कहा कि पर्यावरण से खिलवाड़ करने से प्रकृति का संतुलन बिगड़ेगा, जिसका खामियाजा हम लोगों को ही भुगतना पड़ेगा। जंगलों में रहने वाले जीव-जंतु का विनाश होता चला जायेगा। लोगों को शुद्ध हवा भी नसीब नहीं होगी। इस मौके पर गणपत महतो, जगदीश महतो, नागेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, कामदेव महतो, रामेश्वर महतो, विजय महतो, कौलेश्वरी देवी, बसंती देवी, मंजू देवी, दीपिका कुमारी, लीलावती कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा कुमारी, बासो कुमारी, सहोदरी कुमारी, अलका कुमारी, हेमंती कुमारी, सुषमा कुमारी, प्रमिला देवी, देवंती देवी, कमली देवी, खिरिया देवी और कमली देवी शामिल थीं।

ग्रामीणों के आक्रोश का कोपभाजन बने जलमीनार की लचर व्यवस्था की जांच करने पहुंचे अधिकारी

महुदा (आजाद सिपाही)। महुदा के सिगड़ा पंचायत अंतर्गत पांडेयडीह में बने जलमीनार के निर्माण के वर्षों बाद भी जल की समस्याओं को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह द्वारा डीसी को लिखे पत्र के बाद उनके निर्देश पर रविवार को महुदा ग्रामीण जलापूर्ति योजना से संबंधित पीएचइडी के एसडीओ सोमर मांझी एवं योजना के संवेदक अजय सिंह सिंगड़ा पंचायत पहुंचे और ग्रामिणों से मिले। सिंगड़ा, पदुगोड़ा, महुदा व छत्रुटांड़ के ग्रामीणों से मिलकर समस्याएं जानने के बाद पांडेयडीह स्थित जलमीनार के समीप जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ वार्ता की। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकांत महतो, महुदा पंचायत के मुखिया बदरूद्दीन अंसारी व दिनेश प्रमाणिक, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि किशुन महतो मौजूद थे। योजना के संवेदक व पीएचइडी विभाग की लापरवाही के कारण उत्पन्न अव्यवस्था व बाधित जलापूर्ति के कारण ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आए। शेखर सिंह ने कहा कि शीघ्र सारी समस्याओं का समाधान कर नियमित जलापूर्ति चालू किया जाय।

मुख्यमंत्री ने एतिहासिक डकोटा विमान को पूरे देश की जनता को समर्पित किया

भुवनेश्वर-रंगईलुंडा उड़ान सेवा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रबाद पुरुष बीजू पटनायक की आज जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को बीजू बाबू का ऐतिहासिक डकोटा विमान को राष्ट्र के उद्देश्य से सौंपा। डकोटा डीसी-3 (वीटी-एयूआइ)। बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर यह विमान को जन साधारण, उड़िया वासियों को और पूरे देश की जनता को समर्पित किया। गौरतलब है कि यह विमान काफी सालों से कलकत्ता हवाईअड्डे पर परित्यक्त अवस्था में पड़ा था। इसे राज्य सरकार के प्रयासों के तहत भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर लाया गया और इसकी मरम्मत कर बिल्कुल नये रूप में प्रदर्शित किया गया है। इस विमान में रहा हे बीजू बाबू के एक अदम्य साहसी उड़िया युवक की बिरत्ब पराकास्टा की कहानी। इसी विमान में बीजू बाबू अपनी पत्नी ज्ञान पटनायक के साथ इंडोनेशिया गये और वहां के स्वाधीनता सेनानियों को डचों के चंगुल से छुड़ाकर भारत लाए थे। वह कहानी आज सभी जानते हैं। लेकिन आज से ओडिशा के लोगों को उस ऐतिहासिक घटना के जीवंत गवाह को देखने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने कहा कि यह विमान युगों युगों तक देश के लिए साहस, दृढ़ता और देश के प्रति समर्पण का संदेश लेकर चलेगा. दुनिया के लोगों के सामने ओडिशा के मयार्दा प्रतिष्ठित करेंगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर-रंगेईलुंडा non scheduled उड़ान का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रविवार को सबसे पहले विधानसभा पहुंचे और बीजू बाबू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बरजो भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मिठाई खिला कर एक-दूसरे को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस क्रम में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिला कर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री सिंह ने कहा की नया वर्ष शुरू होने वाला है। इस अवसर पर हम धनवार विधानसभा के तमाम जनता की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने सभी लोगों को रंगों का त्योहार होली सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस होली मिलन समारोह में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, उपेंद्र सिंह, पवन सिंह, श्रीकांत राय, उमेश कुमार राय, पवन साव, नकुल राय, राजेंद्र यादव, सुबोध राय, श्याम सुंदर सिंह, गौतम सिंह, संजीव राम, राहुल कुमार, महेश राय, संजय यादव, बबलू राय, कुंदन राय, पंकज राय, विजय राय आदि कई कार्यकर्ता शामिल थे।

पुलिस देख भागे इमरान कई घंटे बाद दिखे

लाहौर। पाकिस्तान पुलिस रविवार को तोशाखाना मामले में पूर्व पीएम इमरान खान को गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि जब एसपी उनके कमरे में पहुंचे तो इमरान वहां मौजूद नहीं थे। इसके चंद घंटों बाद ही इमरान खान ने लाहौर में अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- पाकिस्तान इतना जलील कभी नहीं हुआ, हमारा क्राइम मिनिस्टर भीख मांगता घूम रहा है। इमरान ने अपने समर्थकों से कहा- आप मेरे टाइगर्स हैं। मैं कभी किसी के सामने नहीं झुका हूं, हम सिर्फ अल्लाह के सामने झुकनेवाले लोग हैं।

किस कैंपस में बीजू पटनायक की प्रतिमा का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने रविवार को बीजू पटनायक की 107वीं जयंती पर किस परिसर में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर बोलते हुए डॉ सामंत ने उस विशाल व्यक्तित्व के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त किया, जो आधुनिक ओडिशा के निमार्ता के रूप में व्यापक रूप से प्रशंसित हैं और अपनी दृष्टि और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। आज पूरा राज्य दिवंगत नेता की जयंती मना रहा है। ओड़िशा के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। हम इस प्रतिमा के अनावरण के साथ उनके जीवन और कार्य को सम्मान दे रहे हैं।'

डॉ सामंत ने कहा कि बीजू पटनायक का जनजातीय और महिला सशक्तिकरण और यहां भुवनेश्वर में शिक्षा देने का सपना था। हमने आदिवासी छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए किस की स्थापना के साथ उनकी इच्छा को पूरा किया है।

डॉ सामंत ने किट कैंपस में हाल ही में उद्घाटन किये गये बीजू पटनायक इंडोर स्टेडियम के बारे में भी बताया, जिसका उद्घाटन हाल ही में उनके बेटे और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया था। उन्होंने कहा कि बीजू पटनायक के नाम पर एक चेयर भी स्थापित की गई है और यह विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों का संचालन कर रही है। किस मुख्य परिसर में बीजू पटनायक की प्रतिमा के साथ अन्य महान हस्तियों जैसे स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, गोपबंधु दास, मधुसूदन दास, डॉ बीआर अंबेडकर के प्रतिमा भी है।

इस अवसर पर अन्य लोगों में सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान कोलकाता के निदेशक हिमांशु खटुआ संपादक किट एंड किस आरएन दास किट डीयू के वीसी प्रो सस्मिता सामंत, किस डीयू के वीसी प्रो दीपक बेहेरा, किट अंतरराष्ट्रीय संबंध डीजी देबराज प्रधान; किस डीजी डॉ कान्हू च. महाली, किम्स-भुवनेश्वर प्राचार्य डॉ अंबिका प्रसाद महांती और किस के प्रोफेसर शामिल थे।

वेदांता ने अपने एल्यूमिनियम स्मेल्टर में की ट्रांसजेंडर सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने ओड़िशा के झारसुगुड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी उत्पादक इकाइयों में शामिल अपने एल्यूमिनियम स्मेल्टर की सुरक्षा के लिए सात ट्रांसजेंडर पेशेवर सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति की है। आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर वेदांता की मजबूत सुरक्षा टीम में आरुणितापाया सिंह, आरोही शर्मा, संध्या यादव, सिद्धीनागे, खुशीध्रुव, पवित्रा और रोमाध्रुव को शामिल किया गया। नवनियुक्त कर्मचारी संयंत्र की परिसंपत्तियों और कार्यबल की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। इससे पूर्व वेदांता एल्यूमिनियम की अनुषंगी कंपनी बालको में पहली बार सुरक्षा और मटेरियल हैंडलिंग कार्यों में एलजीबीटीक्यूआइएप्लस कर्मियों की भती र्की गयी थी। बीते वर्ष कंपनी ने अपने भर्ती अभियान को विस्तार देते हुए एलजीबीटीक्यूआइएप्लस प्रतिभाओं की नियुक्ति प्रांरभ की थी। यह समुदाय विकास की मुख्यधारा और कार्पोरेट दुनिया में पहचान स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है। 14 ट्रांसजेंडर नागरिकों के साथ वेदांता एल्यूमिनियम भारत और दुनिया की उनगिनी-चुनीविनिर्माण कंपनियों में शामिल हो गयी है, जिनके मुख्य प्रचालन में एलजीबीटीक्यूआइएप्लस कर्मचारियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।

नवनियुक्त थर्डजेंडर कर्मचारियों का स्वागत करते हुए वेदांता लिमिटेड, झारसुगुडा के मुख्यकार्यकारी अधिकारी सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्यूमिनियम द्वारा विविधतापूर्ण, निष्पक्ष और समावेषी कार्यसंस्कृति को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। विविधता के प्रति हमारा दृष्टिकोण योग्यता को प्रोत्साहित करता है। विविध पृष्ठभूमियों और अनुभवोंवाले नागरिकों को कंपनी द्वारा पहचान देने के प्रयासों से निष्पक्षतापूर्ण कार्य स्थल के विकास को मजबूती मिली है।

नेवी ने जहाज से किया ब्रह्मोस का परीक्षण

नयी दिल्ली। इंडियन नेवी ने अरब सागर में अपने जहाज से ब्रह्मोस का सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ द्वारा डिजाइन किये गये बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल ने अरब सागर में टारगेट पर सटीक हमला किया। मिसाइल का परीक्षण कोलकाता के युद्धपोत से किया गया।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**